*  ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

23 अगस्त, 2022
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 303

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पीएम मोदी 2 सितंबर को नौसेना को सौंपेंगे आइएसी विक्रांत, दुश्मनों के छुड़ायेगा छक्के



SURJABASHA







# झारखंड में आयुष चिकित्सा की पढ़ाई के लिए राज्य सरकार कटिबद्धः सीएम

- 217 आयुष डॉक्टरों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। झारखंड में यूनानी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा प्रक्षेत्र में पढ़ाई सुनिश्चित हो, इसके लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को भी आयुष चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके, इसके लिए 217 आयुष प्रक्षेत्र के डॉक्टरों को अनुबंध आधारित नियुक्ति पत्र दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में झारखंड आयुष प्रक्षेत्र के संविदा आधारित चयनित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त डॉक्टरों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**आयुष चिकित्सा पद्धति आज भी काफी प्रभावीः** मुख्यमंत्रीने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति आज भी उतनी ही प्रभावी है, जितनी प्राचीन काल में थी। विशेषकर झारखंड प्रदेश के लिए आयुष एक बेहतर चिकित्सा पद्धति साबित हो सकती है। आयुष पद्धति जल, जंगल, जमीन, पठार, नदी- नाले और पहाड़ से घिरे इस आदिवासी बाहुल्य प्रदेश के लिए खास मायने रखती है। यह चिकित्सा पद्धति पहले भी प्रभावी थी, आज भी है और आगे भी रहेगी ।

**पहली बार बड़े पैमाने पर नियुक्तिः** सोरेन ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए काफी अहमियत रखता है। पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयुष चिकित्सा पद्धति के तहत यूनानी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों की नियुक्ति सरकार के द्वारा की गयी है। मुझे उम्मीद है कि इनकी नियुक्ति से राज्य में आयुष चिकित्सा प्रणाली को कारगर बनाने के साथ लोगों को इसका बेहतर लाभ पहुंचाने में कामयाब होंगे।

**मानदेय के अलावे मिलेगा हर माह इंसेंटिवः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज एक नयी पीढ़ी इस व्यवस्था को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। आज 217 चिकित्सकों की नियुक्ति हो रही है। इन चिकित्सकों के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। सरकार के आप अंग हैं और बेहतर से बेहतर काम करेंगे। सरकार आपको इंसेंटिव भी देगी। सैलरी के अलावे हर महीने 15 हजार इंसेंटिव मिलेगा।

**देवदूत के रूप में लोगों को चिकित्सा उपलब्ध करायेंः** इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के सानिध्य में स्वास्थ्य विभाग दिन प्रतिदिन बेहतर दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नवनियुक्त चिकित्सकों से अपील की कि आप जहां कार्यरत रहें, वहां मरीजों का इलाज मुस्कुराता चेहरा और मधुरवाणी के साथ करें, ताकि लोगों को लगे कि आप उनके परिवार के ही सदस्य हैं।



## झारखंड सरकार और श्री सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल के बीच हुआ एमओयू

इस अवसर पर झारखंड सरकार और श्री सत्य साई हॉस्पिटल के बीच एमओयू हुआ। एमओयू के अंतर्गत प्रतिवर्ष झारखंड के एक हजार हार्ट मरीजों का मुफ्त इलाज गुजरात के श्री सत्य साई हॉस्पिटल में होगा। झारखंड सरकार इन मरीजों की यात्रा पर प्रति मरीज 10 हजार रुपया खर्च करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा से संबंधित तीन एप्प का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत आयुष योगा एप्प, आयुष पेशेंट मॉनिटरिंग एप्प तथा जीवन दूत एप्प शामिल है।

# जेल से निकले झारखंड के दोनों कांग्रेसी विधायक

## इरफान पहले ही आ चुके थे बाहर



- कहाः राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया, ममता दीदी को किया गया गुमराह
- ममता दीदी से मिलकर मालूम करेंगे किसकी साजिश थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** शनिवार को जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को जेल से रिहा किये जाने के दो दिन बाद जेल में बंद दो अन्य कांग्रेसी विधायक राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को भी सोमवार की शाम रिहा कर दिया गया। दोनों विधायकों को लाने के लिए खुद इरफान अंसारी वहां पहुंचे थे। जेल से निकलने के बाद राजेश कच्छप ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत उन लोगों को फंसाया गया। ममता दीदी को गुमराह किया गया। वे लोग उनसे (ममता बनर्जी) मिलकर पता लगाने की कोशिश करेंगे कि किसकी साजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है। मालूम हो कि कुछ दिन पहले झारखंड कांग्रेसी विधायकों को 49 लाख रुपये के साथ कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस संबंध में कोलकाता में मामला दर्ज है। इसकी जांच सीआइडी कर रही है। तीनों विधायकों को सशर्त जमानत मिली है।

# इमरान खान की कभी भी हो सकती है गिरफ्तारी



**एजेंसी।** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को किसी भी वक्त गिरफ्तार किया जा सकता है। खान के खिलाफ एंटी टेररिज्म एक्ट के तहत वारंट जारी हुआ है। 20 अगस्त को इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान इमरान ने महिला जज और पुलिस अधिकारियों को खुलेआम धमकी दी थी। इसी बीच इमरान की पार्टी पीटीआइ की लीगल टीम ने इस्लामाबाद हाइकोर्ट में खान की गिरफ्तारी से पहले ही जमानत याचिका दायर कर दी है। जियो न्यूज के मुताबिक, याचिका में कहा गया है कि इमरान खान का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं रहा है और न ही उन्हें कभी किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। इमरान खान के सपोर्टर उनके घर के बाहर जमा हो गये हैं। पुलिस ने उनके बंगले की तरफ जाने वाली सड़क पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने इमरान खान के भाषणों के लाइव टेलिकास्ट पर फौरन रोक लगा दी। पुलिस भी कानूनी कार्रवाई करने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रेंजर्स को अलर्ट पर रखा गया है।

# बसंत सोरेन से जुड़े खनन मामले पर निर्वाचन आयोग अब 29 को करेगा सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** दुमका से झामुमो विधायक और सीएम के भाई बसंत सोरेन से जुड़े खनन मामले पर निर्वाचन आयोग अब 29 अगस्त को सुनवाई करेगा। इसी मामले से जुड़े मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर 18 अगस्त को सुनवाई पूरी हो चुकी है। फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। किसी भी दिन निर्वाचन आयोग फैसला राज्यपाल को भेज सकता है। इस फैसले के आधार पर राज्यपाल आगे कार्रवाई कर सकते हैं। इससे पहले निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली याचिका पर 12 अगस्त को सुनवाई की थी। निर्वाचन आयोग की तरफ से हेमंत के अधिवक्ता से लिखित सबमिशन मांगा गया था। वरीय अधिवक्ता मिनाक्षी अरोड़ा ने निर्वाचन आयोग के समक्ष दो घंटे तक मुवक्किल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरफ से बहस की थी।

# झारखंड सरकार और एफसीडीओ के बीच आज होगा समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता

- शेवनिंग मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना को मिलेगा बढ़ावा

**रांची।** देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब किसी राज्य सरकार के साथ साझा पारदेशीय छात्रवृत्ति को लेकर एमओयू किया जा रहा है। झारखंड के अनुसुचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभाशाली बच्चों को झारखंड सरकार एवं ब्रिटिश हाई कमीशन द्वारा शेवनिंग मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से साझा एमओयू के अंतर्गत अधिकतम पांच छात्र/ छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए शेवनिंग मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना शुरू होगी।

### करार करेगी राज्य सरकार

झारखंड सरकार और विदेश राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ब्रिटिश उच्चायोग के बीच नयी दिल्ली में 23 अगस्त को एमओयू किया जायेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस की मौजूदगी में रांची में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया जायेगा। इससे पूर्व तक झारखंड सरकार द्वारा मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के जरिए यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नॉर्थेन आयरलैंड के चयनित संस्थानों/ विश्वविद्यालयों के चयनित पाठ्यक्रम में अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को अध्ययन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही थी। अब अन्य वर्गों यथा अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं को भी पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित किया जायेगा।

### अधिकतम पांच स्टूडेंट का होगा चयन

इस एमओयू के अंतर्गत प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए इस छात्रवृत्ति योजना हेतु झारखंड के अधिकतम पांच युवाओं का चयन किया जायेगा। चयनित पांच युवाओं का पढ़ाई का संपूर्ण व्यय झारखंड सरकार एवं एफसीडीओ द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। एमओयू के तहत सभी भुगतान भारत सरकार के द्वारा अनुमोदित दिशा-निर्देश के आलोक में होगा। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 (जिसके लिए अगस्त 2022 में आवेदन आमंत्रित किये गये हैं) से यह छात्रवृत्ति शुरू होगी।

## भारत जोड़ने में जुटे राहुल, 7 सितंबर से यात्रा की शुरुआत

# राहुल गांधी की बैठक में शामिल हुए योगेंद्र यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में जब अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया था, तो उस समय भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता का अपार समर्थन मिला था। जब सिविल सोसायटी अपना धैर्य खो देती है तो वह सड़कों पर उतर आती है। अब 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस का फोकस इसी सिविल सोसायटी की ताकत के जरिये बीजेपी की धार को कुंद करना है। इसी को देखते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को नयी दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा के लिए सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। राहुल गांधी के साथ यहां हुई बैठक में 'स्वराज इंडिया' के प्रेसिडेंट योगेंद्र यादव और कई अन्य सामाजिक एवं गैर सरकारी संगठनों के लोग शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों के साथ यह बैठक इस बारे में चर्चा के लिए हुई कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' में उनकी क्या भूमिका हो सकती है। कांग्रेस का कहना है कि इस यात्रा में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और समान विचारधारा के लोग शामिल हो सकते हैं।



**12 राज्य, 3500 किलोमीटर का सफर :** भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक होगी। इस दौरान यात्रा में 3500 किलोमीटर का सफर होगा और लगभग 12 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान कांग्रेस पदयात्रा और रैलियां करेगी। माना जा रहा है कि इस भारत जोड़ो यात्रा के जरिए कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 1991 में हुई अपने पिता राजीव गांधी की हत्या के स्थान 'श्रीपेरंबुदूर स्मारक' पर 7 सितंबर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत करेंगे।

**कांग्रेस के लिए संजीवनी बनेगी भारत जोड़ो यात्राः** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस की तरफ से यह प्रयास तो अच्छा है, लेकिन इसके परिणाम कैसे होंगे, यह यात्रा के खत्म होने के बाद ही पता लगेगा। विश्लेषकों के अनुसार यात्रा को सिविल सोसायटी का कितना समर्थन हासिल होता है, यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 48,900 रु./10 ग्राम
सोना (खरीद) 45,900 रु./10 ग्राम
चांदी 58,000 रु./प्रति किलो



# नये अध्यक्ष के मुद्दे पर गहरे असमंजस में कांग्रेस

## सोनिया गांधी बीमार, राहुल का इनकार और प्रियंका का ट्रैक रिकॉर्ड खराब, ऐसे में किसे सौंपा जाये अध्यक्ष का कार्यभार

आजाद सिपाही विशेष

कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव नजदीक आ रहा है। पार्टी के इस शीर्ष पद के लिए नाम पर चर्चा का दौर अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन कांग्रेस के भीतर इसे लेकर असमंजस की स्थिति है। सोनिया गांधी की गिरती सेहत, राहुल गांधी का जिम्मेदारी संभालने से इनकार और प्रियंका गांधी का अब तक का खराब ट्रैक रिकॉर्ड कांग्रेसियों की असमंजस का सबसे बड़ा कारण है। पार्टी के भीतर और बाहर भी एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या पार्टी का नया अध्यक्ष गांधी परिवार से होगा या फिर उसे किसी बाहरी नेता पर भरोसा करना होगा। राहुल को शीर्ष पद स्वीकार करने के लिए मनाने की कोशिशों का कोई असर नहीं हो रहा है। वह अपनी पार्टी के सदस्यों की अपील को खारिज कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने भी स्वास्थ्य कारणों से पार्टी अध्यक्ष पद पर वापसी की संभावना से इनकार किया है। ऐसे में गांधी परिवार से एक ही नाम बचता है और वह है पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी का, लेकिन उनका ट्रैक रिकॉर्ड ही रास्ते की बाधा बन गया है। इसके अलावा कांग्रेस के लिए इस समय की सबसे बड़ी चुनौती लगातार चुनावी हार और बड़े नेताओं का पार्टी छोड़ना है। मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। गुलाम नबी आजाद जैसे वरिष्ठ नेता ने पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़े किये हैं। आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश अभियान समिति का अध्यक्ष पद छोड़ दिया है। ऐसे में कांग्रेस के सामने दुविधा की स्थिति पैदा हो गयी है कि वह पहले किससे निबटे। ऐसे में यह कयास भी लगाया जा रहा है कि पार्टी की कमान सोनिया गांधी के हाथ में ही रहेगी और उनकी मदद के लिए दो कार्यकारी अध्यक्ष या उपाध्यक्ष भी बनाये जा सकते हैं। इन तमाम अटकलों-चर्चाओं के बीच देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी का अगला कदम क्या होगा, इस पर पूरे देश की निगाहें हैं। इन अटकलों और चर्चाओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के भीतर पार्टी के अगले अध्यक्ष को लेकर गंभीर मंथन चल रहा है। पार्टी नेताओं के सामने यह बड़ा सवाल है कि कांग्रेस का अगला अध्यक्ष कौन होगा? यह ऐसा सवाल है, जिसके जवाब में कई तरह के कयास काफी समय से लगाये जा रहे हैं। दरअसल, राहुल गांधी की ओर से इस पद को लेकर अनिच्छा दिखाने से सवाल और भी जटिल हो गया है। ऐसा माना जा रहा था कि राहुल ही कांग्रेस की कमान दोबारा संभालेंगे, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि वह इसे लेकर बहुत उत्साहित नहीं दिखते हैं। पार्टी की वर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी गिरती सेहत के कारण पद छोड़ने का संकेत दे चुकी हैं। ऐसे में गांधी परिवार से इस पद के लिए एकमात्र नाम प्रियंका गांधी का बचता है, लेकिन उनके ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसके अलावा एक सवाल और भी है और वह है कि अगर गांधी परिवार से कोई अध्यक्ष का पद नहीं संभालता है, तो 1998 के बाद यह पहली बार होगा कि कोई गैर-गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनेगा। वैसे कांग्रेस में अध्यक्ष पद को लेकर चल रहीं अटकलें अगले 20 दिन में खत्म हो जायेंगी। राहुल गांधी ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वह किसी भी सूरत में अध्यक्ष बनने को तैयार नहीं हैं। पार्टी गांधी परिवार से बाहर किसी को नया अध्यक्ष चुने। हालांकि, कांग्रेस के नेता इसके लिए तैयार नहीं है। ऐसे में एक नया फॉर्मूला तैयार किया जा रहा है। इसके तहत अगले पांच साल के लिए सोनिया गांधी ही राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगी। उनके अधीन दो कार्यकारी अध्यक्ष या उपाध्यक्ष बनाये जा सकते हैं। एक कार्यकारी अध्यक्ष दक्षिण से और दूसरा उत्तर भारत से बनाये जाने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इस फॉर्मूले पर पार्टी के भीतर सहमति बनती नजर आ रही है। इसके बाद नये अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

### दक्षिण भारत से खड़गे और रमेश चेनिथला का नाम

कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर कर्नाटक से मल्लिकार्जुन खड़गे और केरल से रमेश चेनिथला का नाम सबसे आगे है। खड़गे अभी राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वह गांधी परिवार के बेहद करीबी हैं और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता रह चुके हैं। दूसरा नाम रमेश चेनिथला का है। वह केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। उन्हें भी गांधी परिवार का करीबी माना जाता है।



### उत्तर भारत से गहलोत-पायलट का नाम

कांग्रेस राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत या पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट में से किसी एक को कार्यकारी अध्यक्ष बनाना चाह रही है। उत्तर भारत से गहलोत और पायलट दोनों ताकतवर चेहरे हैं। गहलोत अनुभवी नेता हैं और केंद्र में कई बार मंत्री रह चुके हैं। वह तीन बार प्रदेश अध्यक्ष, तीन बार मुख्यमंत्री और कई राज्यों के प्रभारी भी रहे हैं। ऐसे में उनके सामने कोई दूसरा चेहरा बेहद हल्का है। हालांकि, गहलोत खुद अध्यक्ष या कार्यकारी अध्यक्ष पद की रेस से अलग होने की बात कर चुके हैं। मुख्यमंत्री का पद छोड़ कर शायद ही वह दिल्ली जायें। युवा चेहरे के तौर पर सचिन पायलट का नाम लिया जा रहा है, लेकिन वह भी राजस्थान छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इस सूची में जिन अन्य नेताओं का नाम है, उनमें कमलनाथ का नाम आगे बताया जाता है। उनसे इसे लेकर संपर्क भी किया गया था, लेकिन उन्होंने इसके लिए इनकार कर दिया। वह मध्यप्रदेश में ही अपनी सक्रियता बढ़ाना चाहते हैं। कांग्रेस के कुछ नेता सुझाव देते हैं कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए किसी दलित चेहरे को आगे लाना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो प्रियंका गांधी का नाम पीछे छूट सकता है। उनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुशील कुमार शिंदे, मुकुल वासनिक और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार का नाम भी इस सूची में है। कुछ लोग जयराम रमेश और अंबिका सोनी में भी इसकी संभावना देखते हैं।

### राहुल गांधी अब संगठन के बाहर रहेंगे

अगले महीने 7 सितंबर से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा कन्याकुमारी से शुरू होकर कश्मीर में खत्म होगी। अगले छह महीने तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी शामिल होंगे। उनका पूरा ध्यान इसे सफल बनाने पर रहेगा। कांग्रेस ने उदयपुर संकल्प शिविर में 2 अक्टूबर से यह यात्रा निकालने का फैसला लिया था। 2 अक्टूबर को नवरात्र की सप्तमी पड़ रही है। इसे देखते हुए यात्रा तय तारीख से पहले निकाली जा रही है। भारत जोड़ो यात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। इस दौरान साढ़े तीन हजार किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। 80 साल पहले महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था। इसने पांच साल बाद देश को आजादी दिलायी। उसी की तर्ज पर कांग्रेस कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है। इस यात्रा के बाद कांग्रेस अपना अगला कार्यक्रम तय करेगी। इसलिए पार्टी में इस बात पर लगभग सहमति बन गयी है कि राहुल को संगठन की जिम्मेदारी न देकर जनता से सीधे कनेक्ट होने दिया जायेगा।

इसके अलावा कांग्रेस का मानना है कि पार्टी के भीतर ही एक खेमा राहुल गांधी का विरोध करता है। यह खेमा नहीं चाहता कि वह पार्टी के अध्यक्ष बनें। अध्यक्ष बनते ही यह खेमा राहुल गांधी को निशाने पर लेना शुरू कर सकता है। इससे भविष्य में राहुल गांधी और कांग्रेस के लिए असहज स्थिति पैदा हो सकती है। 2019 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई थी। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार होते हुए भी बहुत कम सीटें आयी थीं। राहुल सिर्फ दो साल कांग्रेस के अध्यक्ष रहे पिछले 24 साल से गांधी परिवार के पास ही कांग्रेस अध्यक्ष पद की कमान है। 1998 से 2017 तक पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी रहीं। इसके बाद 2017 में राहुल गांधी को कमान दी गयी। तब राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई थी। 2019 में कांग्रेस लगातार दूसरी बार लोकसभा चुनाव हार गयी। राहुल गांधी ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए अपना पद छोड़ दिया था। कांग्रेस के उलट भाजपा बीते 24 साल में अलग-अलग राज्यों से आनेवाले नौ नेताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना चुकी है। इनमें कुशाभाऊ ठाकरे, बंगारू लक्ष्मण, जन कृष्णमूर्ति, वेंकैया नायडू, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह और जेपी नड्डा शामिल हैं। इसी वजह से भाजपा कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है।

### आगे भी गांधी परिवार के पास ही कांग्रेस की बागडोर

आजादी के बाद पहली बार गांधी परिवार पर कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी है। नेशनल हेराल्ड मामले में इडी सोनिया-राहुल से पूछताछ कर चुकी है। अगर गांधी परिवार के खिलाफ कोई बड़ा एक्शन होता है और उनके पास अध्यक्ष पद नहीं रहा, तो लोगों की सहानुभूति नहीं मिल पायेगी। इसलिए कांग्रेस के सलाहकार गांधी परिवार को पार्टी की कमान अपने पास रखने की सलाह दे रहे हैं, ताकि उन पर कोई एक्शन हो, तो कांग्रेस को उसका सियासी फायदा मिल सके।

### राज्यों में संगठन स्तर पर चुनाव हुए, पर नतीजों का इंतजार

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए ब्लॉक, जिला और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्तर पर चुनाव हो चुके हैं। इनके नतीजे घोषित नहीं किये गये। ये लोग ही अध्यक्ष के लिए वोटिंग करते हैं। इसके अलावा एआइसीसी के लिए अलग से सदस्य बनाये जाते हैं, जो वोटिंग में हिस्सा लेते हैं। अब तक यह प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। कांग्रेस ने कहा है कि ब्लॉक से लेकर एआइसीसी तक 50 फीसदी सदस्यों की उम्र 50 साल से कम होगी। पार्टी ने सभी राज्यों से 30 अगस्त तक इनकी लिस्ट मांगी है।

### आनेवाले चुनावों पर फोकस करेगी कांग्रेस

2023 तक गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक सहित 11 राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे। 2024 में लोकसभा चुनाव होंगे। इसे ध्यान में रख कर कांग्रेस अपना हर कार्यक्रम तैयार करना चाहती है, ताकि पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार हो सके। कुछ राज्यों में कांग्रेस की सत्ता में वापसी हो सके। साथ ही राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार दोबारा आ सके।

---

# खूंटी में पिता-पुत्र सहित तीन की कुदाल से काट कर हत्या, हत्यारा रिश्तेदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के भंडरा चांडीडीह गांव निवासी बीतना मुंडा (65 वर्ष), उसके पुत्र सूड़ा मुंडा (25 वर्ष ) और विकास महतो (20 वर्ष) नामक युवक की धारदार कुदाल से काट कर नृशंस हत्या कर दी गयी। बताया गया कि इस सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड को मृतक बीतना का निकट के रिश्तेदार मुरहू के गजगांव निवासी हेमंत पूर्ति नामक युवक ने रविवार देर रात बीतना के आवास में तब अंजाम दिया, जब तीनों एक साथ घर के बरामदे में सोये हुए थे। सोमवार सुबह स्वजनों को जब घटना की जानकारी हुई, तो खून से लथपथ शवों के पास ही बैठे हत्यारा हेमंत पूर्ति को पकड़ कर रस्सी से बांध दिया गया और इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हेमंत पूर्ति को हिरासत में ले लिया और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मौके से बरामद हत्या में प्रयुक्त खून से सनी कुदाल को भी जब्त कर लिया है।

### आरोपित की मानसिक अवस्था ठीक नहीं, बात-बात पर हो जाता है उग्र

इस घटना में मारे गये विकास महतो नामक युवक कर्रा थाना अंतर्गत कदल गांव के चिउर छप्पर टोली निवासी बिरसा महतो का पुत्र था। वह रविवार शाम ही अपने मामा घर भंडरा आया था, जहां इस घटना का शिकार हो गया। घटना के संबंध में मृतक बीतना के बड़े पुत्र सोमा मुंडा ने बताया कि आरोपित हेमंत पूर्ति उसका ममेरा भाई है। उसने बताया कि आरोपित गत शुक्रवार को ही उसके घर मेहमानी में आया हुआ था। बताया गया कि आरोपित की मानसिक अवस्था थोड़ी ठीक नहीं है। कभी-कभी उसे दौरा पड़ने पर वह उग्र हो जाता है और लोगों से बेवजह लड़ने-झगड़ने लगता है। रविवार शाम को भी उसे ऐसा ही दौरा आया और वह उग्र होने लगा। इस पर उसे घर के अंदर कमरे में बंद कर दिया गया। इसी बीच रिश्ते में भांजा लगने वाले विकास महतो भी कर्रा से उसके घर पहुंच गया। रात में बीतना मुंडा उसके दोनों पुत्र सोमा मुंडा और सूड़ा मुंडा तथा मामा घर मेहमानी आये विकास महतो एक साथ खाना खाये। खाना खाने के बाद सोमा मुंडा गांव में ही स्थित अपने मिल घर में सोने चला गया, जबकि बीतना, उसका छोटा पुत्र सूड़ा और विकास महतो एक साथ घर के बरामदे में जमीन पर सो गये, जबकि आरोपित घर के अंदर कमरे में ही बंद था। सोमवार अहले सुबह जब सोमा अपने पिता और भाई को उठाने अपने घर में आया, तो देखा कि घर के बरामदे में तीनों का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ है और शव के समीप ही आरोपित हेमंत पूर्ति खड़ा था। उसे देखते ही आरोपित ने उस पर भी डंडे से हमला करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसने आरोपी को धर दबोचा और अन्य ग्रामीणों के सहयोग से उसे रस्सी से बांध कर कब्जे में कर लिया। उसने बताया कि शाम से घर के कमरे में बंद आरोपित कमरे का दरवाजा उखाड़ कर कमरे से बाहर आ गया था और सोये अवस्था में ही तीनों के सिर पर कुदाल से वार कर तीनों की हत्या कर दी।

# पुलिस ने छापेमारी कर दस टन कोयला जब्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सदर एसडीपीओ अनिल सिंह के नेतृत्व में सोमवार की अहले सुबह पचंबा थाना क्षेत्र के बुढ़वाहार तालाब और लोहपिती के करीब छापेमारी की गयी। इस दौरान दर्जन भर कोयला लोड बाइक और बैलगाड़ी को जब्त किया गया। कई बैलगाड़ी को मौके पर ही तोड़ा गया। बैलगाड़ी और बाइक से करीब दस टन कोयला जब्त हुआ।

छापेमारी में दोनों जगहों से करीब दस टन कोयला जब्त किया गया है। हैरानी की बात ये रही कि सदर एसडीपीओ ने पचंबा थाना इलाके में कोयला माफियाओं के खिलाफ छापेमारी की, लेकिन इसकी भनक तक पचंबा थाना प्रभारी को नहीं मिली। जब जानकारी मिली तो एसडीपीओ दोनों जगहों से करीब दस टन कोयला जब्त कर और कार्रवाई पूरी कर वापस लौट चुके थे।

# गिरिडीह में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर 27 से 29 अगस्त तक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मोदी 3.0 को लेकर भाजपा मिशन मोड पर आ चुकी है। झारखंड भाजपा ने भी इसको लेकर कमर कस ली है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश के बाद झारखंड भाजपा भी मिशन-2024 के लिए जुट गयी है। इसके मद्देनजर प्रदेश भाजपा का 27, 28 और 29 अगस्त को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर गिरिडीह में आयोजित गया है। प्रशिक्षण शिविर के व्यवस्था प्रमुख जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव एवं जिला उपाध्यक्ष श्यामजी प्रसाद ने सोमवार को संयुक्त रूप से बताया कि तीन दिवसीय शिविर में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, राज्य विधानसभा में विधायक दल के नेता बाबूलाल मंराडी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, तीनों राज्यसभा सांसद, सभी 12 लोकसभा सांसद, सभी 25 विधायक, राज्य के सभी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी जिला प्रमुख, महामंत्री, दल के सभी मंचों और मोर्चा के जिला प्रमुख समेत प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भाग लेंगे। व्यवस्था प्रमुखों ने कहा कि कार्यक्रम मधुबन के तलहटी भवन के भव्य परिसर में होगा।

## गंभीर बीमारी से जूझ रहे ग्रामीणों की बीमारी दूर करवाने का दे रहे थे झांसा

# देवरी में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में शिक्षक सहित दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** देवरी में रोग से निजात दिलाने के नाम पर धर्म परिवर्तन करानेवाले दो आरोपितों को देवरी पुलिस और धनवार एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपित शिक्षक उत्क्रमित प्रामथिक स्कूल का है और अपने एक साथी के साथ गंभीर बीमारी से जूझ रहे ग्रामीणों को बीमारी ठीक करने के नाम पर धर्म परिवर्तन कराता था।

मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के अमित कुमार, दीनदयाल उपाध्याय, गौतम पांडे और बालगोविंद कुमार सभी उस स्थान पर पहुंचे।

वहां देवरी के जमखोखरो गांव में धर्म परिवर्तन कराने वाले दोनों आरोपित अपने एजेंट के जरिये ग्रामीणों की भीड़ जुटा कर बीमारी ठीक होने का दावा कर कुछ लोगों को इसाई धर्म के अनुसार पानी पिला रहे थे। इसके लिए दोनों आरोपित बीमारी से पीड़ित लोगों को हिंदू धर्म छोड़ कर इसाई धर्म अपनाने की बात कर रहे थे। लिहाजा, जब बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के समर्थक गांव पहुंचे, तो दोनों आरोपी हिंदू संगठन के समर्थकों से उलझ पड़े। घटना की जानकारी देवरी पुलिस को मिलने के बाद मौके पर पुलिस के साथ एसडीएम धीरेंद्र सिंह और एसडीपीओ मुकेश महतो पहुंचे और दोनों आरोपियों को दबोचा। जानकारी के अनुसार जमखोखरो गांव निवासी तारा देवी अपने पति के साथ दिल्ली में रहती थी। पति की मौजूदगी में तारा देवी ने धर्म परिवर्तन करते हुए ईसाई धर्म अपना लिया। पति ने विरोध किया, लेकिन कुछ सालों बाद पति की मौत संदिग्ध हालात में हो गयी। इसी दौरान तारा का परिचय बेंगाबाद के आरोपी शिक्षक राजेंद्र यादव के साथ हुआ और पहले दोनों ने मिल कर देवरी के जमखोखरो गांव में ग्रामीणों को बीमारी ठीक करने के नाम पर धर्म परिवर्तन कराना शुरू किया। इसी क्रम में रविवार को तारा देवी और आरोपित शिक्षक के साथ मिल कर धर्म परिवर्तन का खेल चल रहा था कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कई समर्थक भी वहां पहुंचे। दोनों आरोपितों की जानकारी देवरी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को दबोचा।



जांच के लिए ज्ञापन सौंपा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.6 °c | 21.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.15 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.27 बजे |



**हाइकोर्ट : निर्वाचन को रद्द करने की याचिका पर सुनवाई**

# मंत्री रामेश्वर उरांव ने जवाब देने के लिए मांगा समय

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत ने दायर की है याचिका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली सुखदेव भगत की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में रामेश्वर उरांव की ओर से सुखदेव भगत के द्वारा चुनावी दस्तावेज प्रस्तुत करने से संबंधित मांग के आलोक में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने रामेश्वर उरांव के अधिवक्ता को समय प्रदान करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। याचिका में सुखदेव भगत की ओर से कहा गया है कि वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान रामेश्वर उरांव ने नामांकन पत्र में बताया था कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं है, जबकि प्रार्थी सुखदेव भगत की ओर से कहा गया था कि रामेश्वर उरांव ने अपराधिक मामला की



जानकारी अपने नामांकन पत्र में नहीं दी थी। प्रार्थी की ओर से यह भी बताया गया है कि रामेश्वर उरांव ने विधानसभा चुनाव के दौरान नामांकन पत्र में इस बात का भी उल्लेख नहीं किय है कि उनकी पुत्रवधू ने उन पर और उनके परिवार पर एक आपराधिक केस दर्ज किया है। प्रार्थी सुखदेव भगत ने रामेश्वर उरांव के निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह किया है। बता दें कि पूर्व में रामेश्वर उरांव ने इस मामले में कोर्ट को बताया था कि इस केस में उनका समझौता हो चुका है। बताया गया है कि उनकी पुत्रवधू ने घरेलू हिंसा को लेकर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, पटना की अदालत में केस दर्ज किया है, जिसकी जानकारी रामेश्वर उरांव ने नामांकन पत्र में नहीं दी है।

# बोकारो में चल रही थी बीओबी और बीओआइ की फर्जी शाखा

**मकान मालिक ने पुलिस से की शिकायत, दो जालसाज गिरफ्तार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में बैंक की फर्जी शाखा खोल कर जालसाजी चल रही थी। पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से विद्यार्थियों के बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा का फोटो और पहचान पत्र, खाता खोलने का फॉर्म, लक्ष्मी लाड़ली योजना का फॉर्म और मुहर बरामद किया है।

यह फर्जीवाड़ा जिले के चंदनक्यारी में चल रहा था। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों ने सुभाष चौक पर एक कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में किरासे पर बैंक की शाखा खोल रखी थी। जब उनकी गतिविधियों पर मकान मालिक को शक हुआ, तब उसने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी और शिकायत दर्ज करायी।

पुलिस ने गिरोह के सरगना दिलीप महतो, वरुण कुमार, श्यामलाल महतो और कुंदन तिवारी समेत आठ लोगों पर जालसाजी कर ठगी करने से जुड़ा मामला दर्ज किया है। वहीं इस मामले में कुंदन तिवारी और वरुण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी चंचल कुमार ने बताया कि मकान मालिक की सतर्कता से फर्जीवाड़ा गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस रैकेट के खुलासे से सैकड़ों ग्रामीण और स्कूली विद्यार्थी ठगे जाने से बच गये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आर्थिक स्थिति में सुधार, आत्मविश्वास में वृद्धि, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**वृष** दैनिक जीवन व्यवस्थित, मानसिक सुख-शांति बढेगी, समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय या आजीविका के मामले में परेशानी दूर होगी, धनलाभ होगा।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, आकस्मिक धन लाभ, संतान सुख, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह** मनोरथ सिद्धि होगी, किसी उत्कृष्ट वस्तु का लाभ मिलेगा, रोजगार में लाभ मिलेगा।

**कन्या** दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा, उपहार, पुरस्कार मिलेगा।

**तुला** विपरीत स्थितियों में सुधार, आर्थिक समस्या का समाधान, रोजी-रोजगार सफल।

**वृश्चिक** सुख-साधनों में वृद्धि, मित्रों का सहयोग, पद-मान-मर्यादा बढेगी, आकस्मिक धन लाभ।

**धनु** अनुकूल वातावरण, प्रियजनों से संपर्क बढ़ेगा, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी।

**मकर** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, सामाजिक विकास, उद्योग-व्यापार में लाभ।

**कुंभ** अभीष्ट कार्य सिद्धि, स्वावलंबी जीवन बनेगा, समस्या समाधान, लाभ।

**मीन** स्वाभिमान की रक्षा, संकल्पित कार्य पूर्ण, गृह-भूमि-वाहन सुख मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के नाम से बनाया फर्जी ट्विटर अकाउंट, शिकायत दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के नाम से फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है, जिसकी लिखित शिकायत गोंदा थाने में की गयी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। टेक्निकल सेल इस बात की जानकारी जुटा रहा है कि फर्जी अकाउंट कहां से चलाया जा रहा है। सीएम हाउस की ओर से की गयी लिखित शिकायत में पुलिस को बताया गया है कि सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन की फोटो का इस्तेमाल कर ट्विटर अकाउंट




हैंडल किया जा रहा है।

### कल्पना सोरेन के नाम से बना ट्विटर हैंडल

कल्पना सोरेन के नाम पर ट्विटर अकाउंट 20 अगस्त को बनाया गया है। ट्विटर हैंडल पर हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की फोटो भी लगी है। ट्विटर अकाउंट से रविवार की रात तक 12 ट्वीट किये गये हैं। कुछ ट्वीट झारखंड और यहां के राजनीतिक हालात से संबंधित हैं। ट्वीट में दिये परिचय में कहा गया है कि यह एक निजी ट्विटर हैंडल है, जो झारखंड के लोगों के कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर नजरिया प्रस्तुत करने के लिए बनाया गया है।

### 513 फॉलोअर्स हो गये हैं

ट्विटर ने इस अकाउंट को वेरीफाई नहीं किया है। कल्पना सोरेन के नाम से बने ट्विटर हैंडल के अब तक 513 फॉलोअर्स बने हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत राज्य के किसी मंत्री या झामुमो के नेताओं का ट्विटर हैंडल शामिल नहीं है। झामुमो के वेरिफाइड ट्विटर हैंडल ने भी कल्पना सोरेन के ट्विटर अकाउंट को फॉलो नहीं किया है। वहीं कल्पना सोरेन के नाम से बना ट्विटर हैंडल द्वारा केवल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फॉलो किया गया है।

**झारखंड के सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया**

# सुदेश महतो ने सभी को सम्मानित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुदेश महतो ने बर्मिंघम में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्णिम इतिहास रचनेवाली भारतीय लॉन बॉल टीम के खिलाड़ियों को सोमवार को सम्मानित किया।

महतो ने झारखंड की बेटी रूपा रानी तिर्की, लवली चौबे सहित रजत पदक जीतने वाले सुनील बहादुर एवं दिनेश कुमार को कांके रोड स्थित आवास पर मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के टूर्नामेंट्स के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग लेने वाले झारखंड के सभी खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता देश की नयी प्रतिभाओं को वर्षों तक प्रेरित करेगी। कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में भारतीय महिला लॉन बॉल टीम द्वारा पहली बार पदक जीतने वाले क्षण को अविस्मरणीय बताते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष के लिए यह स्वर्णिम, ऐतिहासिक, अद्भुत एवं अविस्मणीय क्षण था। बेटियों ने इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि यह पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है कि राज्य से सात खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग लिया और सातों ने भारत की झोली में पदक लाकर दिया।

### 28 अगस्त को आजसू की बैठक

रांची। आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में 28 अगस्त को सुबह 10 बजे से रांची स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में आजसू पार्टी के सभी विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष, महासचिव, जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक में पार्टी द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रमों की समीक्षा तथा भावी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा होगी। बैठक के दौरान आजसू पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की जायेगी, जिसमें मुख्य रूप से सदस्यता अभियान, जनसंग्रह-धनसंग्रह कार्यक्रम शामिल है। बैठक के दौरान आजसू पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की जायेगी। साथ ही बैठक के दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी मंथन किया जयेगा। इसके अलावा नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को भी सम्मानित किया जायेगा।

### जेटेट पास अभ्यर्थियों का 28 अगस्त को न्याय मार्च

**रांची।** जेटेट पास अभ्यर्थियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 28 अगस्त को न्याय मार्च निकालेंगे। इससे पूर्व 23 अगस्त को न्याय मार्च करने की घोषणा की थी, लेकिन इस दिन स्व. मुनेश्वर सिंह और अन्य शहीद पारा शिक्षक साथियों का शहीद दिवस मनाया जाता है। इसलिए न्याय मार्च अब 23 अगस्त की जगह 28 अगस्त को होगा। अभ्यर्थी प्रमोद कुमार ने बताया कि सरकार अल्पसंख्यक और गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में सरकारी शिक्षकों के रिक्त पदों पर 4200 और 4600 ग्रेड पे पर बिना टेट के ही प्रबंध समिति द्वारा नियुक्ति की जा रही है। इसी के विरोध में मार्च निकाला जायेगा।

# इडी ने राजीव कुमार से पूछा अमित अग्रवाल को कैसे जानते हैं

**कोलकाता जाने का टिकट किसने उपलब्ध कराया था**

**पीआइएल से अमित अग्रवाल का नाम कैसे हट गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोलकाता से इडी की रिमांड पर रांची लाये गये हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार से सोमवार को दिन भर पूछताछ की गयी। इडी के अधिकारियों ने उनसे यह जानना चाहा कि अमित अग्रवाल को वह कैसे जानते हैं, पीआइएल से अग्रवाल का नाम बाहर कैसे हो गया, कोलकाता जाने के लिए किसने टिकट उपलब्ध कराया था, कोलकाता क्यों गये थे और बंगाल पुलिस का व्यवहार कैसा रहा। इन सब सवालों का जवाब राजीव कुमार क्रमवार इडी के अधिकारियों को देते रहे। उन्होंने यह स्वीकार किया है कि कोलकाता का टिकट व्हाट्सएप पर आया था और भेजनेवाला अमित अग्रवाल था। पीआइएल में बहुत सारे नाम थे, जिनको शॉर्टलिस्ट किया गया था। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बंगाल पुलिस जबरन उन्हें फंसा रही है। पुलिस के अधिकारी खुद पैसा लेकर आये थे। इडी के अधिकारी यह भी जानने की कोशिश कर रहे थे कि कोलकाता जाने के बाद अमित अग्रवाल से उनकी मुलाकात हुई थी या नहीं। बताते चलें कि पीआइएल मैनेज करने के नाम पर 50 लाख रुपया वसूलने का आरोप अधिवक्ता पर है और उन्हें कोलकाता पुलिस ने कुछ दिन पहले गिरफ्तार किया था। इसी बीच इस मामले में झारखंड में इडी ने अलग से मुकदमा दर्ज किया है और उनसे पूछताछ के लिए छह दिन की रिमांड पर लिया है। अधिवक्ता से यह भी जानने की कोशिश की गयी कि क्या वह सही में पीआइएल दायर कर उसे मैनेज करते थे। राजीव कुमार अपने को निर्दोष बता रहे थे। हालांकि इडी के अधिकारियों ने फिलहाल पूछताछ के संबंध में कुछ भी नहीं कहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजीव कुमार ने इडी के अधिकारियों को बताया कि वह भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ पीआइएल करते रहे हैं और इस संबंध में उन्हें पहले भी यह जानकारी मिली थी कि उन्हें फंसाया जायेगा। इस पूरे प्रकरण में वैसे लोग हैं, जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। वे वैसे सभी लोगों का मुंह बंद कर देना चाहते हैं, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। येन-केन-प्रकारेण उन्हें फंसाने की साजिश पूरे झारखंड में चल रही है। इडी के अधिकारियों को उन्होंने यह भी कहा की जांच चल रही है। सच्चाई धीरे-धीरे सामने आ ही जायेगी।

**अंबा प्रसाद पर भाजपा हुई हमलावर**

# राज्यपाल से कार्रवाई की मांग की

**बड़कागांव में युवतियों से धर्मांतरण के प्रयास को छुपाने के लिए विधायक अंबा प्रसाद ने जबरन राखी बंधवा दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार की दोपहर एक वीडियो जारी कर विधायक अंबा प्रसाद पर कार्रवाई की मांग की है। प्रतुल ने कहा कि वीडियो में जबरन धर्मांतरण की शिकार बनने से बचने वाली नाबालिग बच्ची यह साफ कह रही है कि अंबा प्रसाद ने जबरन दबाव डाल कर उसे मुस्लिम युवक को राखी बांधने को मजबूर किया। वीडियो में बच्ची कह रही है कि अंबा प्रसाद खुद राखी लेकर आयी थी और उन्होंने इस बात को किसी को बताने से मना करने को कहा था।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि उन बच्चियों की मां भी कह रही है कि अंबा प्रसाद ने धमकी देते हुए कहा था कि समझौता करो वरना प्रशासन हमेशा नहीं रहेगा। प्रतुल ने अपने ट्वीट में झारखंड के गवर्नर को टैग करते हुए अंबा प्रसाद पर कड़ी कार्रवाई करने की




मांग की। उन्होंने कहा कि अंबा प्रसाद खुद एक महिला हैं, लेकिन फोटो अपॉर्चुनिटी के लिए उन्होंने एक नाबालिग बच्ची का उपयोग किया। इससे शर्मनाक घटना कोई दूसरी बात नहीं हो सकती। अपने ट्वीट में उन्होंने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष को भी टैग किया है। प्रतुल के इस ट्वीट को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी रीट्वीट कर अंबा प्रसाद पर कार्रवाई की मांग की है।

# झारखंड के कई हिस्सों में दो दिनों तक होगी बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी सहित राज्य में कल यानी 23 अगस्त से 25 अगस्त के बीच हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसको लेकर मौसम केंद्र रांची ने येलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम गर्जन व वज्रपात की संभावना है।



वहीं, मौसम केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के तहत 23 से 29 अगस्त तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई गयी है। दूसरी ओर राज्य में अगले 3-4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2.5 डिग्री की वृद्धि की संभावना भी जताई गयी है। बताते चलें, रविवार को राजधानी में हल्की बारिश हुई थी। 3.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी थी, जबकि, जमशेदपुर में 29 मिमी बारिश हुई थी। झारखंड में पिछले दिनों हुई बारिश से कई जिलों में बारिश की स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य में अब सामान्य से महज 26 फीसदी बारिश कम रह गयी। मालूम हो कि 1 जून से लेकर 21 अगस्त तक राज्य में 721.2 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, मगर 532.3 मिमी बारिश हुई है। वहीं, राज्य के पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम में सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है, जबकि, संताल परगना की स्थिति अभी भी बेहतर नहीं है।

**दावा : दवाओं के मूल्य में 18 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गयी है**

# जीवन रक्षक दवाओं को जीएसटी मुक्त करने की मांग को लेकर रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेडिकल सेल्स रिप्रजेंटेटिव्स की ओर से सोमवार को रैली निकाली गयी। रैली शहीद चौक से होते हुए जिला मुख्यालय तक गयी। रैली की जानकारी देते हुए बिहार झारखंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव्स यूनियन के सचिव सुमित गुप्ता ने कहा कि रैली का आयोजन मुख्य रूप से जीवन रक्षक दवाओं और चिकित्सीय




उपकरणों के दाम कम करने और इन्हें जीएसटी मुक्त करने की मांग के लिए निकाली गयी है। मेडिकल सुविधाओं को केंद्र सरकार को जीएसटी मुक्त करना होगा। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है, तो एक बड़ी आबादी इससे प्रभावित होगी। गुप्ता ने बताया कि दवा मूल्य नियंत्रण अधिनियम के तहत दवा के मूल्यों पर नियंत्रण लगाना चाहिए। पिछले कुछ दिनों में इसकी अवहेलना करते हुए दवाओं की कीमतों को थोक मूल्य सूचकांक से जोड़ कर दाम बढ़ाया गया है। गुप्ता ने कहा कि इस दिशा में कानून तय होना चाहिए। इसके लिए ऑनलाइन बिकनेवाली दवाओं पर भी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। जब से जीएसटी की नयी दरें लागू हुई हैं, दवाओं के मूल्य में 18 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गयी है। क्योंकि जीएसटी के तहत तीन स्लैब में वृद्धि की गयी है, जिसमें पांच फीसदी से लेकर 18 फीसदी तक की वृद्धि शामिल है। गुप्ता ने कहा कि राज्य भर में ये विरोध रैली निकाली गयी है। सभी जिला मुख्यालयों में लगभग पांच पांच सौ की संख्या में मेडिकल सेल्स रिप्रजेंटेटिव्स रैली में शामिल हुए। रैली के दौरान प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है।

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY HAZARIBAGH**

**Short Tender Notice**

Sealed tender is invited for printing and supply of Blank Answer Books for university use as per following details:-

| Sl. No. | Particulars | Size | Page | quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Printing & supply of Blank Answer Books Perforated VBU Symbol, Printed Top Page as per specimen on 70 gsm page with serial number. | 27 cm length 22 cm width | 08 pages | 4,00,000 |
| 2. | Earnest Money | Rs. 50,000 in form of Demand Draft in favour of Registrar, Vinoba Bhave University payable atHazaribagh | | |
| 3. | Last date for receipt of the tender in the office of the Registrar, V.B.U., Hazaribag | 30.08.2022 by 1:00 P.M. | | |
| 4. | Opening of tender in the presence of University Representative and tenderer of their representative, if any | 30.08.2022 by 3:00 P.M. | | |

Interested parties with minimum of three years experience of such work in university may participate, giving details of the firm, GST No., TIN No. and PAN No. past work credentials etc. The rate quoted should be exclusive of all taxes, transportation cost, packing etc. both in figures and in words. the undersigned reserves the right to cancel or reject the tender at any stage without assigning any reason. Tender paper can be downloaded from our website.www.vbu.ac.in

By Order of the Vice-Chancellor
Sd/-
Registrar

Memo No. VBU/Ex-463/R/2345/2022, Dated : 22.08.2022

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



# चैंबर चुनाव : 27 से 30 तक उम्मीदवार भरेंगे नामांकन पर्चा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 10 और 11 सितंबर को होगा। वहीं, उम्मीदवार 27 से लेकर 30 अगस्त तक नामाकंन पर्चा भरेंगे। 30 अगस्त को शाम चार बजे उम्मीदवारों के नामाकंन पर्चों की जांच की जायेगी, जिसके बाद लिस्ट जारी की जायेगी। वहीं, 1 और 2 सितंबर को उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। 2 सितंबर को नाम वापस शाम चार बजे तक लिया जा सकता है। इसी दिन देर शाम तक फाइनल लिस्ट जारी की जायेगी। यह जानकारी चैंबर चुनाव कमेटी के चेयरमैन ललित केडिया और को चेयरमैन पवन शर्मा ने दी। ललित केडिया ने बताया कि हर साल चुनाव एक दिन ही कराया जाता था, लेकिन इस बार दो दिन कराया जा रहा है, ताकि सदस्यों को सुविधा हो। वहीं, सदस्यों को चुनाव की जानकारी और सदस्यता रिन्यूअल की जानकारी ऑनलाइन माध्यमों से दे दी गयी है, जिसमें ईमेल आइडी आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही चैंबर में आचार संहिता लागू की गयी है। चुनाव से पहले आमसभा का आयोजन 10 सितंबर को किया जायेगा। यह दोपहर दो बजे तक खत्म होगा। दो बजे के बाद से शाम सात बजे तक सदस्य इस दिन मतदान कर सकते हैं। वहीं, 11 सितंबर को सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक मतदान का समय तय किया गया है। हालांकि चुनाव कमेटी इस पर विचार कर सकती है। चुनाव चैंबर भवन में ही आयोजित किया जायेगा। जानकारी हो कि वर्तमान चैंबर कार्यकारिणी सदस्यों के बीच चैंबर चुनाव जल्द कराने का मत रहा। ऐसे में चुनाव की तारीख घोषित की गयी।

**चुनाव 10 और 11 सितंबर को होगा**

# झारखंड ऊर्जा निगम लिमिटेड के सीएमडी से मिले अजय राय, मांग पत्र सौंपा

**आजाद सिपाही सवाददाता**

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय सोमवार को झारखंड ऊर्जा निगम लिमिटेड के सीएमडी अविनाश कुमार से मिले और उन्हें संघ से संबंधित मांग पत्र सौंपा। अजय राय ने बताया कि 17 अगस्त को हुए संघ के प्रदर्शन के उपरांत निगम ने वार्ता के लिए संघ को आमंत्रित किया। वार्ता के क्रम में यह सहमति बनी थी कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम की तीनों अनुषंगी इकाइयों में न्यायालय के आदेश के आलोक में जो भी विद्युतकर्मी मानव दिवस के रूप में 10 साल की अहर्ता को पूरा करते हो, वह निगम द्वारा जारी की गयी विवरणी को भर सकता है। मगर इधर लगातार राज्य के लगभग सभी एरिया बोर्ड एवं ट्रांसमिशन जोन से यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि संबंधित अधिकारी विवरणी जमा करने से इंकार कर रहे हैं।



इन परिस्थितियों में संघ की ओर से पुनः एक ज्ञापन निगम के सीएमडी अविनाश कुमार को सौंपा गया है। सीएमडी अविनाश कुमार ने संघ के अध्यक्ष अजय राय को आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी न्यायोाित कदम होगा, वह निगम उठायेगा। अजय राय ने कहा कि 23 अगस्त को इस संबंध में संघ की ओर से एक वार्ता निगम के महाप्रबंधक सुनील दत्त खाखा के साथ रखी गयी है। अगर वार्ता सही रही तो ठीक है अन्यथा संघ की ओर से आंदोलन की घोषणा की जायेगी।

# 'निगम 15 दिनों में लगाये जनता दरबार'

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के अधिकारी 15 दिनों में जनता दरबार लगा लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान करें।

नगर निगम में पिछले दो साल से नियमित बोर्ड की बैठक नहीं होने से लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इसलिए निगम परिषद की अविलंब बैठक भी बुलाई जाये, ताकि लोगों की समस्याओं पर चर्चा हो सके। सोमवार को बोर्ड की बैठक नहीं होने से नाराज पार्षदों ने नगर आयुक्त शशि रंजन को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की है। पार्षदों ने यह भी कहा कि रांची नगर निगम में इंदौर के तर्ज पर काम हो, ताकि लोगों को कम परेशानियों का सामना करना पड़े। गौरतलब है कि पिछले दो साल से निगम में बोर्ड की बैठक नियमित नहीं हो रही है, जिससे लोगों की समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पा रही है। सोमवार को नगर आयुक्त को वार्ड 10 के पार्षद अर्जुन यादव की अगुवाई में बीस पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा।

## वारदात : चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

# नेताजी नगर काली मंदिर का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मूर्ति से सोने का मुकुट और हार समेत पूरा जेवरात ले भागा चोर, जांच में जुटी पुलिस**

**जानकारी मिलने के बाद विधायक सीपी सिंह भी मंदिर पहुंचे**

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित नेताजी नगर काली मंदिर का ताला तोड़कर अपराधियों ने 6 हजार नगद और जेवरात समेत दो लाख की चोरी कर ली। अपराधी मां काली की प्रतिमा से सोने का मुकुट, गले का हार, चेन, नथिया, मांगटीका और श्रीकृष्ण की अष्टधातु मूर्ति समेत अन्य सामान की चोरी कर ली। स्थानीय लोगों ने जब रविवार की सुबह मंदिर का ताला टूटा देखा तो चोरी होने की आशंका हुई। इसके बाद मोहल्ले के लोगों को जानकारी दी गयी। काफी संख्या में मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचकर देखे, तो पता चला कि सभी सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है और प्रतिमा से सभी जेवरात गायब हैं। इसके बाद घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही लोअर बाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। मंदिर में चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद विधायक सीपी सिंह भी मंदिर पहुंचे और अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और अपराधियों के बारे में जानकारी जुटा कर गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। फुटेज में एक अपराधी मंदिर के अंदर से चोरी करते हुए दिख रहा है, जबकि दूसरा अपराधी मंदिर के बाहर मौजूद है। दोनों अपराधी मास्क और जैकेट पहने हुए हं, जिसकी वजह से पहचान कर पाना काफी मुश्किल हो रहा है। फिलहाल पुलिस दोनों अपराधियों के हुलिया से उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही हं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रहा है। काली मंदिर में पिछले दो वर्ष में तीसरी बार चोरी हो चुकी है। एक बार भी अपराधी नहीं पकड़ा जा सका है।

# इटकी पेट्रोलपंप लूटकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्टल और गोली बरामद, बहू बाजार के पास से पकड़ा**

**रांची।** राजधानी में चुटिया थाने की पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम अंदीप गोप है और वह इटकी में हुए पेट्रोल पंप लूटकांड मामले का मुख्य आरोपी है। पुलिस ने युवक को एक पिस्टल और दो गोली के साथ उस समय गिरफ्तार किया, जब वह पिस्टल के साथ बहू बाजार के समीप घूम रहा था। इस दौरान मिली गुप्त सूचना पर चुटिया थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में लिया। हिरासत में लिये जाने के बाद युवक के पास पिस्टल और दो गोली बरामद हुई। पूछताछ के दौरान ही पुलिस अधिकारियों को यह जानकारी हुई कि हिरासत में लिया गया युवक पेट्रोल पंप लूटकांड का मुख्य आरोपी है। पिछले दिनों इटकी थाना क्षेत्र के पलमा गांव के पास भूमिजा फ्यूल पेट्रोल पंप में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें पुलिस ने पहले सोनू गोप और प्रीतम साहू को गिरफ्तार कर बीते गुरुवार को ही जेल भेज दिया था, जबकि तीन अन्य आरोपी विजय उरांव, अंदीप गोप और लालू उरांव फरार चल रहे थे। बाद में शुक्रवार को दो अन्य अपराधी विजय और लालू को भी चुटिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# अमिताभ चौधरी को झारखंड मैथिली मंच ने दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व आइपीएस अधिकारी अमिताभ चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सोमवार को झारखंड मैथिली मंच के कार्यालय बाबा विद्यापति दलान पर मंच के भवन में शोक सभा की गयी। इसमें मैथिली भाषी गणमान्य लोगों के साथ स्वर्गीय अमिताभ चौधरी की धर्मपत्नी निर्मला चौधरी और पुत्री नियति चौधरी भी शामिल हुईं। सभा में पार्षद अरुण कुमार झा, प्रेम चंद्र झा, जयंत कुमार झा, प्रमोद कुमार झा, अमरनाथ झा, बिनोद कुमार झा, ब्रज कुमार झा, मोहन झा पड़ोसी, चंद्रनाथ झा, बाबूलाल झा, अध्यक्ष बिनय कुमार झा सहित काफी संख्या में वक्ताओं ने स्वर्गीय चौधरी के



व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उनके जीवन काल के तमाम संस्मरणों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें श्री चरणों में स्थान दें। साथ ही परिजनों दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। उनकी पुत्री नियति चौधरी ने अपने पिता के साथ बिताये स्वर्णिम पलों का जिक्र करते हुए भावुकता से माहौल को गमगीन बना दिया। अंत में दो मिनट का मौन रख कर सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। महासचिव बैद्यनाथ झा ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। सभा का संचालन भारतेंदु कुमार झा ने किया।

# सरकारी डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस करने की छूट देना जनविरोधी और असंवैधानिक निर्णय : कैलाश यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव और कार्यकारी अध्यक्ष आबिद अली ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि झारखंड सरकार द्वारा राज्य के सरकारी डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस करने की छूट देने का निर्णय बिल्कुल असंवैधानिक और जनविरोधी है। इस निर्णय से राज्य में रहनेवाले लगभग 80-85 फीसदी निम्न मध्यम गरीब परिवारों पर काफी असर पड़ेगा। ज्ञात है कि झारखंड के सरकारी



अस्पतालों में ज्यादातर ग्रामीण इलाकों से मरीज इलाज कराने आते हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय रहती है। स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता के नेतृत्व में 85 फीसदी निम्न मध्यम गरीब परिवारों के खिलाफ में सरकारी डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस करने का छूट देना कहीं न कहीं एक तरह से डॉक्टरों का मनोबल बढ़ाने का निर्णय है। इस जनविरोधी निर्णय से निश्चित तौर पर मरीजों के इलाज पर काफी असर पड़ेगा। मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि सरकारी डॉक्टर देवदूत बन कर जनसेवा करें या फिर निजी प्रैक्टिस करने का निर्णय लें, क्योंकि दोनों जगह से आर्थिक लाभ कमाना जनहित के खिलाफ में है। कहा कि झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करता है कि इस जनविरोधी और असंवैधानिक निर्णय पर स्वास्थ्य मंत्री पुनर्विचार कर इसे अविलंब वापस लेने की अनुशंसा करें अन्यथा ओबीसी मंच राज्यभर में जनांदोलन करेगा। कहा कि इन्हीं मुद्दों को लेकर झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच ने आगामी 4 सितंबर को राज्य कार्यकारिणी सदस्यों की अहम बैठक रांची में बुलायी है।

# विद्यार्थी ऐसा करियर विकल्प चुनें जो समग्र विकास में सहायक हो: शिक्षा सचिव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित किया**

**रांची।** सफलता जीवन को दिशा प्रदान करती है, लेकिन तमाम सफलताओं के बावजूद आप अपनी जड़ों से जुड़े रहें। विद्यार्थी ऐसा करियर विकल्प चुनें जो न केवल रोजगार प्राप्त करने में सहायक हो, बल्कि वह समाज और देश के हित के लिए भी काम आये। उक्त बातें राजेश कुमार शर्मा (भाप्रसे) शिक्षा सचिव झारखंड सरकार ने सोमवार को कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में आयोजित अचीवर्स अवार्ड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि सफलता के साथ उम्मीदें भी बढ़ती हैं। विद्यार्थी किसी के दबाव या प्रभाव में आकर नहीं, बल्कि अपनी क्षमता और रुचि के आधार पर कैरियर का विकल्प चुनें। वे सत्र 2021-22 के 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को विद्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में सम्मानित कर रहे थे। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के



अध्यक्ष पंचम सिंह और हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य विनय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर नीता पांडेय ने कहा कि विद्यालय द्वारा न केवल पाठ्यक्रम पर आधारित शिक्षा को ही प्रोत्साहित किया जाता है, बल्कि विद्यार्थियों में उचित आचरण, तकनीकी दक्षता और जीवन मूल्य के संरक्षण की भावना को भी आकार प्रदान किया जाता है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। समारोह में 12वीं के साइंस के टॉपर आदित्यांशु सिंह, सौरभ कुमार, सौम्या रानी, कॉमर्स टॉपर्स इशिका कुमारी, स्वस्तिका नायक, शिखा कुमारी, आर्ट्स टॉपर खुशी झा, सुहानी तथा सौरभ कुमार सोनी को अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में विद्यालय टॉपर्स मुस्कान, आकांक्षा सिंह, शौर्य प्रखर, ग्रेसी सिंह, आशीष टुडू सहित अन्य पच्चीस विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। आदित्यांशु सिंह और मुस्कान सिंह के अभिभावकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज, जबकि संचालन शिक्षिका विनीत कौर ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अंतर्विद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता में डीएवी हेहल की प्रणया सिंह सोलंकी प्रथम



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल रांची की छात्रा प्रणया सिंह सौलंकी (कक्षा चौथी) ने 'सहोदया अंतर्विद्यालयी हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता विवेकानंद विद्यामन्दिर रांची में आयोजित हुई थी। इसमें रांची शहर के 21 विद्यालयों के 42 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन बी एम के सिन्हा ने प्रणया सिंह सौलंकी की इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि शिक्षक बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। विद्यार्थी धैर्य के साथ प्रयत्नशील रहें और लक्ष्य को प्राप्त करें। क्योंकि विद्यार्थी जब सही दिशा में प्रयत्न करते हैं, तो उन्हें निश्चित सफलता प्राप्त होती है।

### महिलाओं को दिया गया सिलाई प्रशिक्षण



रांची (आजाद सिपाही)। गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इन महिलाओं को बीते छह माह से परिधान सिलाई प्रशिक्षण रूपा बर्मन द्वारा दिया जा रहा है। रूपा बर्मन को सिलाई का 13 साल का अनुभव है। इस प्रशिक्षण में 20 महिलाएं शामिल हुईं। इनमें सनोवर सुनीता तिर्की, ऑलिव सुरीन, एडेल रोज कुजूर, सुभांती सुरीन, मंजू कुंडेलना, अंता टोप्पो, जुली रंजना तिर्की, सुकेशनी कुजूर, तन्नू कुमारी, आस्था कुमारी, पूनम कुमारी, उमा कुमारी, छाया कुमारी, रीना कुमारी, स्वेता बर्मन, संगीता बर्मन, अंजली देवी, पूजा कुमारी आदि शमिल हैं। पोशाक सिलने में निपुणता हासिल कर ये महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सिलाई मशीन के पार्ट-पुर्जों, रख-रखाव, विभिन्न पहनावों की डिजाइन, कटिंग-सिलाई, जीवन कौशल आदि की जानकारी भी दी गयी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली प्रत्येक महिला को गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन से प्रमाणपत्र दिया गया। सचिव परवाज खान ने प्रशिक्षुओं को सीमित साधन में सिखाये जानेवाले हुनर का लगातार उपयोग करने की सलाह दी और कहा कि मनचाही सफलता पाने में थोड़ा वक्त लगता है, हमें धैर्य रखना चाहिए। मौके पर गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन की अध्यक्ष सोहिनी रॉय, कोषाध्यक्ष दित्या घोष, पुष्पा देवी कुशवाहा मौजूद रहे।

### इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता में डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

रांची (आजाद सिपाही)। असाधारण क्विजिंग कौशल का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस रांची के यशस्वी जैन और रुद्राक्ष राय ने लोयोला स्कूल, भुवनेश्वर, ओड़िशा द्वारा आयोजित 12वीं आदित्य मेमोरियल क्विज 2022 प्रतियोगिता में प्रथम रनर अप का स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पूर्वी भारत (ईस्टर्न इंडिया) के 22 स्कूलों की 200 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप, यशस्वी और रुद्राक्ष ने 7500 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। इसी के साथ-साथ उन्हें प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को तीन चरणों (प्रिलिम्स, सेमीफाइनल एवं फाइनल राउंड) में आयोजित किया गया था। छात्रों की इस उपलब्धि से उत्साहित होकर स्कूल प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, यशस्वी और रुद्राक्ष ने अपने अनुकरणीय प्रदर्शन से विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। यह उनकी कड़ी मेहनत और लगन है, जिसने उन्हें यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने में सक्षम बनाया है।

### मंडल रेल अस्पताल में टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी



रांची (आजाद सिपाही)। मंडल रेल अस्पताल, हटिया में एक बड़ा ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। यह ऑपरेशन मंडल में कार्यरत शंभू मेहता, सीनियर सेक्शन इंजीनियर जो बहुत दिनों से एनकाईलॉजिंग के साथ जटिल गठिया से पीड़ित थे उनका टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक किया गया। यह सफल ऑपरेशन डॉ दीपक वर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया जो वर्तमान में रेलवे में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऑपरेशन में एनेस्थीसिया के डॉक्टर जयवंत तथा मंडल के चिकित्सकों की टीम भी शामिल थी। मंडल रेलवे अस्पताल, हटिया के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता को 29 तक दस्तावेज कोर्ट में पेश करने का निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को वर्ष 2009 में हुए बीज घोटाले में 29 अगस्त तक केस संबंधी दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया गया है। वर्ष 2009 में सत्यानंद भोक्ता कृषि मंत्री थे। सत्यानंद भोक्ता ने इस मामले की दोबारा जांच कराने का आग्रह अदालत से किया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि इस मामले में सरकार जवाब दाखिल करना चाहेगी। अदालत ने कहा कि प्रार्थी और राज्य सरकार जवाब दाखिल कर सकते हैं। तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता की ओर से एसीबी की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर निष्पक्ष जांच की मांगी की गयी थी, लेकिन एसीबी कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। इसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान सत्यानंद भोक्ता की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने अदालत को बताया कि बीज खरीद एवं कृषि उपकरण घोटाला मामले में सत्यानंद भोक्ता का प्राथमिकी में नाम नहीं था। लेकिन जांच के दौरान एसीबी ने उनका नाम इसमें शामिल किया। मंत्री रहने के दौरान सत्यानंद भोक्ता की ओर से तीन आदेश जारी किया गया था। इसमें बीज खरीद योजना, बीज विनियम योजना और सिंचाई के लिए कृषि उपकरण खरीदना शामिल है। इस मामले को भी एसीबी ने जांच के साथ जोड़ लिया है। उनकी ओर से कहा गया कि वह इस मामले में सिर्फ दोबारा और निष्पक्ष जांच चाहते हैं, क्योंकि राजनीति से प्रेरित होकर उनका नाम जांच में डाला गया था। वह मात्र 14 माह के लिए कृषि मंत्री बनाये गये, इसलिए जांच का आदेश दिया जाये।

# 'मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने की दिशा में सरकार कर रही प्रयास'

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी की जा सकती है। साथ ही उनके लिए सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान भी किये जाने की तैयारी है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम ने मनरेगा कर्मियों को इस बात का भरोसा दिलाया है। धुर्वा (रांची) स्थित उनके आवास के घेराव कार्यक्रम में जुटे मनरेगा कर्मियों से उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मियों की भावनाओं से सरकार अवगत है। सीएम हेमंत के साथ मनरेगा कर्मियों की सेवा के मसले पर चर्चा होती रही है। वह अपने स्तर से लगातार प्रयास कर रहे हैं कि कर्मियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले। स्थायी सेवा और वाजिब सामाजिक सुरक्षा मिले। राज्य सरकार इस दिशा में प्रयासरत है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को सुबह से ही मनरेगा कर्मचारी संघ की अगुवाई में राज्यभर के कई मनरेगा कर्मी आलम के आवास के घेराव कार्यक्रम में जुटे थे। इस दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि राज्य में मनरेगा कर्मी पिछले 15 सालों से संविदा के आधार पर कार्य कर रहे हैं। यह आस कई दिनों से रही कि सरकार सभी कर्मियों की सेवा अवसर आने पर जरूर स्थायी करेगी। पर इतनी लंबी अवधि के बावजूद अब तक इस मामले में ठोस पहल नहीं हुई है। यहां तक कि हाईकोर्ट ने 10 वर्षों से अस्थायी, अनियमित तौर पर काम करने वालों को स्थायी करने का आदेश दिया है पर राज्य सरकार मनरेगा कर्मियों की सुध नहीं ले रही। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा में सवाल उठाने पर भी कोई सुनवाई नहीं ली गयी है। यहां तक कि उन्हें वाजिब पारिश्रमिक भी नहीं दी जा रही। आज की महंगाई में मिल रहा मेहताना बेहद कम है। परिवार के भरण पोषण के लिये निर्धारत से कम मानदेय पर काम लेना आर्थिक शोषण की श्रेणी में आता है। राज्य सरकार वे मांग करते हैं कि सभी मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी की जाए। स्थायी किये जाने की तिथि तक राज्य मनरेगा कोषांग में कार्यरत मनरेगा कर्मियों की भांति ग्रेड-पे या वेतनमान मिले। सामाजिक सुरक्षा की जवाबदेही सरकार ले। मनमाने बर्खास्तगी पर रोक लगे।

## झारखंड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी के सामने गिरा पेड़, यातायात बाधित




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी रांची के सामने सोमवार को एक पेड़ गिरने से सड़क जाम हो गया। इससे कारण कुछ देर के लिये आवागमन प्रभावित हो गया है। ट्रैफिक पुलिस ने हॉट लिप्स चौराहा से सूचना भवन की ओर जाने वाली सड़क को कुछ देर के लिए बंद कर दिया था। इससे उस रास्तें में आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पेड़ गिर जाने के कारण कुछ देर के लिये कांके रोड में जाम भी लगा रहा। इससे वहां वाहनों की लंबी कतार लग गयी । इसके बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और वहां गिरे पेड़ को काटकर हटाया। इसके बाद आवागमन शुरू हुआ। पेड़ गिरने से वहां का बिजली का तार और पोल भी क्षतिग्रस्त हुआ। उसका भी बिजली विभाग की टीम मरम्मत कर रही है। गोंदा थाना प्रभारी ने बताया कि पेड़ गिरने से कुछ देर के लिये यातायात बाधित हुआ था। यातायात शुरू हो चुका है। पेड़ को हटा दिया गया है।

## नियुक्ति पत्र का वितरण किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के द्वारा लंबे समय से प्रतीक्षारत अनुकंपा पर नियुक्ति हेतु कुल 05 योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण डा. मनोज कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा किया गया। प्रशासक, झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि. के दिशा-निर्देश के आलोक में यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सभी नव-नियुक्त कर्मी बहुत प्रसन्न हुए। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा सभी नव नियुक्त कर्मियों को बधाई दी गयी साथ ही उन्हें बताया गया कि झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि. राज्य सरकार का अपना बैंक है जो पूरे राज्य में 7 जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के साथ विलय के उपरान्त पूरे राज्य में 105 शाखाओं एवं 03 क्षेत्रीय कार्यालय के साथ कार्यरत है। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा नव नियुक्त कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठां एवं ईमानदारी से करने हेतु शपथ दिलायी गयी। साथ ही बैंक को राज्य का अग्रणी बैंक बनाने के लिये अपना सर्वोत्तम योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

### माड़वाड़ी सेवा ट्रस्ट की ओर से शोभा सह ध्वजा यात्रा आज

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्री रानी सती दादी मंदिर में 5 दिवसीय भादो अमावस्या महोत्सव को लेकर मंगलवार को मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा सह ध्वजा यात्रा निकाला जाएगा। उक्त बातों की जानकारी सोमवार को मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी इंदर अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि भादो अमावस्या को लेकर शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित रानी सती दादी मंदिर को आकर्षक रंग-बिरंगे विदेशी खुशबूदार फूलों से सजाया जा रहा है। इसके अलावा मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से पाटा जा रहा है। भव्य शोभा सह ध्वजा यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर सुभाष चौक, लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त होगी।

### कांग्रेस की महंगाई पर हल्ला बोल रैली को लेकर बनी रणनीति

# दिल्ली जाने वाले नेताओं की सूची मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 4 सितंबर को महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल रैली की तैयारी को लेकर सोमवार को कांग्रेस भवन, रांची में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिलाध्यक्षों, जिला संयोजकों को यह निर्देश दिया कि 28 अगस्त तक अपने-अपने जिले से दिल्ली जाने वाले नेताओं, कार्यकताओं की सूची प्रदेश मुख्यालय को भेज दें । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई जा रही महंगाई के विरोध में जनमानस के बीच जाकर नुक्कड़ सभा, दीवार लेखन, होर्डिंग्स इत्यादि जैसे प्रचार तंत्र का उपयोग कर महंगाई के खिलाफ लोगों को जागरूक करें।

### ज्यादा से ज्यादा नेता-कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे

श्री ठाकुर ने कहा कि इस रैली के माध्यम से असंवेदनशील मोदी सरकार को जोरदार संदेश दिया जाएगा। यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होनी है, जिसमें राहुल गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली में शिरकत करने के लिए झारखंड से भी बहुत बड़ी तदाद में कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने-अपने जिला के सुगम साधन के माध्यम से दिल्ली पहुंचेंगे और केंद्र की बहरी-गुंगी सरकार को जगाने का काम करेंगे।

### प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक आज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवगठित अनुशासन समिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आज 2 बजे होगी। इस बैठक में चेयरमैन के साथ-साथ संयोजक तथा सभी सदस्य शामिल होंगे। मालूम हो कि अनुशासन समिति की यह पहली बैठक है। उल्लेखनीय है कि ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह समिति के चेयरमैन हैं। वहीं कालीचरण मुंडा, केशव महतो कमलेश, शमशेर आलम सदस्य है अमूल्य नीरज खलको समिति के संयोजक हैं।

### मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का खामियाजा भुगत रही जनता

कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारत के लोग मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का खामियाजा भुगत रही है। भाजपा सरकार आसमान छूती महंगाई और बेरोजगारी पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है।

### इन नेताओं ने भी अपनी बात रखी

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव, केएन त्रिपाठी, केशव महतो कमलेश, रवीन्द्र सिंह, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, अमुल्य नीरज खलखो, मदन मोहन शर्मा, मानस सिन्हा, शमशेर आलम, जयशंकर पाठक, सतीश पॉल मुंजनी, ईश्वर आनंद, आभा सिन्हा, डॉ मंजू कुमारी, आलोक दूबे, कुमार राजा, सुल्तान अहमद, जवाहरलाल सिन्हा, भीम कुमार, नेली नाथन, केदार पासवान ने भी रैली की सफलता के लिए अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर अजहर पप्पू, निरंजन पासवान, सलीम खान, जगदीश साहु, शशिभूषण राय, राजकुमार यादव, राजीव नारायण प्रसाद, भानू प्रताप बड़ाईक, वारिश, बिन्दु मंडल, विनोद सिंह, संतोष मंडल, अजय कुमार, राजेश कुमार, गुलाम रब्बानी, एनूल हक सहित अन्य मौजूद थे।

### श्री श्याम मंदिर में आज एकादशी उत्सव संपन्न

## संकीर्तन के समय लगा रहा भक्तों का तांता, आज सुंदरकांड पाठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित और संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को जया/अजा एकादशी उत्सव संकीर्तन का आयोजन विविध कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 5 बजे मंदिर खुलते ही भक्तों के आने की संख्या बढ़ने लगी। 5:30 बजे मंगल आरती, 8:30 बजे श्रृंगार आरती और 12:15 बजे भोग शंख आरती के बाद विश्राम हेतु पट बंद कर दिया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि एकादशी के अवसर पर कोलकाता से रजनी, लाल गुलाब, गेंदा, जूही, कमल, मोती, मुर्गुण, तुलसी दल के सुगंधित फूलों की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश का भव्य श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने केसरिया वस्त्र के साथ श्रृंगार कर सुगंधित इत्र से बाबा का मसाज किया। साईं काल मंदिर के दर्शन पूजन के लिए पट खोल दिये गये। रात्रि 9:30 बजे एकादशी कीर्तन प्रारंभ हुआ। इसके अरुण बुधिया, रजनी बुधिया ने परिवार संघ सांवले सरकार की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके पेड़ा, केसरिया दूध, सेवफल, काजू, किसमिस, मेवा और मगही पान का भोग बाबा को अर्पित किया। राम प्रवेश कुमार ने श्रृंगार सेवा और अन्नपूर्णा स्वाति सरावगी ने रबड़ी प्रसाद सेवा निवेदित की। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में भजन संकीर्तन श्रवण ढानढनिया, मनोहर केडिया, अनुज मोदी, गौरव अग्रवाल मोनू, श्याम सुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल सोनू, साकेत ढानढनिया, पवन शर्मा, मदन सोनी ने दरबार में भजनों का गायन किया। विश्वनाथ नारसरिया, पवन गोयंका, राजीव मित्तल, अनिल नारनौली, आशीष डालमिया, दिनेश अग्रवाल, विकास मोदी, निखिल नारनोली, किशन शर्मा, रोशन खेमका, रौनक पोद्दार, आदि का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। देर रात महाआरती तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सुंदरकांड पाठ आज

श्री श्याम मित्र मंडल की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य ने मंगलवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 14 श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ शाम 4:30 बजे से होगा। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### ओपी जिंदल स्कूल के छात्र ने जीता गोल्ड मेडल, विद्यालय परिवार ने दी बधाई

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** शिमला में आयोजित ओशनिक कप नेशनल कराटे चैंपियनशिप में ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के छात्र वंश पाठक ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस जीत से विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ उनके प्रशिक्षक धीरज कुमार पाठक जो वंश के पिता हैं तथा ओपी जिंदल स्कूल में शारीरिक शिक्षक के तौर पर कार्यरत है, काफी खुश व उत्साहित हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रसून कुमार डे ने कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है की हमारे विद्यालय के छठी क्लास के विद्यार्थी वंश पाठक ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया, वह आगे भी इस तरह के प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन करें यही हमारी कामना है। वहीं विद्यालय की उपप्राचार्या संतोष चैधरी ने कहा कि वंश ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी इस जीत से ओपी जिंदल स्कूल के सारे शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यालय के छात्रों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। अपनी जीत का श्रेय वंश पाठक ने अपनी कड़ी मेहनत, और अपने गुरू को दिया है। छात्र की जीत पर विद्यालय के प्राचार्य प्रसून कुमार डे, उप प्राचार्या संतोष चैधरी सहित सभी शिक्षको हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डीसी अबू इमरान 18वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप के समापन में हुए शामिल

### विजेता खिलाड़ियों को शील्ड देकर किया उत्साहवर्धन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा :** झारखंड ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त एकदिवसीय 18वीं चतरा जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप के समापन समारोह में उपायुक्त अबु इमरान पहुंचे। इस मौके पर जिला ताइक्वांडो एशोसिएशन व ओलंपिक एशोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त के आगमन को लेकर आभार व्यक्त करते हुए बुके देकर स्वागत किया। उपायुक्त ने समापन समारोह में खिलाड़ियों एवं जिला ताइक्वांडो एशोसिएशन व ओलंपिक एशोसिएशन के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा की खिलाड़ियों को खेल के साथ साथ पढ़ाई को भी जारी रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशा की गिरफ्त में न आने की भी सलाह दी। उन्होंने खिलाड़ियों को कहा कि अगर लक्ष्य को पाना है तो कई कुरीतियों की कुबार्नी देनी होगी। अगर आप नशा का सेवन करते हैं तो उसे छोड़ दें। उपायुक्त ने आगे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अभी आप जिलास्तरीय खेल में हिस्सा ले रहे हैं,जल्द ही राज्य स्तरीय और नेशनल स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा।




### एसडीओ व जिला खेल पदाधिकारी ने पंच मार कर खेल का किया उद्घाटन

**चतरा :** झारखंड ओलंपिक एशोसिएशन व जिला ओलंपिक एशोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त चतरा जिला ताइक्वांडो एशोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को चतरा के नगर भवन हॉल में एकदिवसीय 18 वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन सदर एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय व ताइक्वांडो एशोसिएशन के संरक्षक सह झामुमो जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति ने पंच मारकर किया। इस मौके पर ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के उप कोषाध्यक्ष चन्द्रेशखर प्रसाद,जिला ताइक्वांडो एशोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र पंडित,जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष चन्द्रेश शर्मा व जितेंद्र चंद्रवंशी समेत सभी विद्यालयों के प्राचार्य व अभिवावक मौजूद थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्थानीय लोगों के लिए स्किल हब कोर्स का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में केंद्र सरकार एवं सीबीएसइ की महत्वाकांक्षी योजना स्किल हब की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीपक कुमार, डीएसपी, रांची उपस्थित थे। उद्घाटन के मौके पर ट्रेडिशनल हैंड एंब्रोयड्री कोर्स के लिये नामांकित उपस्थित स्थानीय लोगों के बीच विद्यालय की ओर से एम्ब्रोयड्री किट प्रदान किया गया, ताकि स्थानीय लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकें। साथ ही समाज में सम्मानजनक स्तर प्राप्त कर सकें। मुख्य अतिथि दीपक कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरला बिरला स्कूल ने स्थानीय लोगों के लिए इस कार्यक्रम की शुरुआत कर प्रशंसनीय कार्य किया है, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति सुधार कर जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकेंगे। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि विद्यालय के इस प्रयास से स्थानीय लोग एम्ब्रोयड्री जैसी विधा में प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि विद्यालय यह जिम्मेदारी उठा कर अपने को गौरवांवित महसूस कर रहा है। विद्यालय स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देकर समाज में सम्मानजनक स्तर प्राप्त करने में हमेशा प्रयासरत रहेगा।

### स्पेशल ब्रांच के डीएसपी अरुण कुमार खलखो का निधन

रांची (आजाद सिपाही)। स्पेशल ब्रांच के डीएसपी अरुण कुमार खलखो का सोमवार को निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक रविवार को अरुण कुमार खलखो की तबीयत अचानक खराब हो गयी थी, जिसके बाद उन्हें गढ़वा से रांची के रिम्स अस्पताल लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में लोहरदगा जिले के कुडू में उनका निधन हो गया। अरुण कुमार की साल 1994 में सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति हुई थी, जिसके बाद उन्हें साल 2018 में डीएसपी रैंक में प्रोन्नति मिली थी। प्रोन्नति मिलने के बाद अरुण कुमार स्पेशल ब्रांच डीएसपी गढ़वा में पदस्थापित थे। उनकी मृत्यु पर झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि अत्यंत दुखद घटना है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## पदक विजेताओं को मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले झारखंड के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में सोमवार को पेयजल एंव स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने आवास पर राष्ट्रमंडल खेल में लॉन बॉल में गोल्ड और सिल्वर मेडल जितने वाले खिलाड़ी लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, सुनील बहादुर तथा दिनेश कुमार को बुके देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी खिलाडियों को मिठाई खिलाड़कर उनका अभिनंदन किया। झारखंड बॉलिंग एसोसिएशन के सचिव मधुकांत पाठक को भी मंत्री ने बुके और शॉल ओढ़ाकर उनका अभिवादन किया। मंत्री ने इस दौरान खिलाड़ियों से कहा कि उनका सौभाग्य है कि वह पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किया है। अपने बेहतरीन प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का काम किया है। साथ ही भारत सहित पूरे विश्व में झारखंड का नाम रौशन किया है। खेल प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाने तथा झारखंड प्रदेश को खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए झारखंड सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खेल और खिलाड़ियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाए हुए हैं। परिणामस्वरूप आज पूरे विश्व में झारखंड के खिलाड़ियों का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को उन्नत प्रशिक्षण, प्रोत्साहन सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त करने में मदद करने के लिए सभी सुविधाएं प्रदान करेगी।

### दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**गोला।** प्रखंड के सुवर्ण वनिक समाज की बैठक धर्मशाला परिसर में समाज के अध्यक्ष प्रताप पोद्दार की अध्यक्षता में हुई।जबकि संचालन सचिव बापी पोद्दार ने की।इस दौरान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के किसी भी सदस्य के यहां लड़की या लड़का की शादी होने पर समाज को हरहाल में निमंत्रण देना होगा।ऐसा नहीं करने वालो के खिलाफ सामाजिक दंड का प्रावधान किया गया है।मौके पर कोषाध्यक्ष गौर पोद्दार, पंचम पोद्दार, दिनेश पोद्दार, सत्रुघ्न पोद्दार, रमेश पोद्दार, दीपक पोद्दार, जितेंद्र कुमार, रूपेश पोद्दार, अनूप पोद्दार, पंचम पोद्दार, नरेन पोद्दार, भगतु पोद्दार, सुखदेव पोद्दार आदि मौजूद थे।

## असिस्टेंट प्रोफेसरों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसर अनुबंध संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरंजन महतो की अगुवाई में रांची विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.अजित कुमार सिन्हा से मिलकर रांची विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में कार्यरत अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा। सभी कॉलेजों में सामान्य तौर पर मानदेय भुगतान से संबंधित बाते आई। कालेजों में अनुबंधित शिक्षकों को हमेशा प्रताड़ित किया जाता है। महिला शिक्षकों ने शौचालय और साफ सफाई संबंधित बात को रखी। रांची विश्वविद्यालय के कॉलेज प्रतिनिधियों में डॉ. त्रिभुवन साही, डॉ. सुबास साहू, डॉ. आशा कुमारी,डॉ. रामकुमार,डॉ. अशोक महतो,डॉ. अजय नाथ शाहदेव,डॉ. नरेन्द्र कुमार दास,डॉ. अंसुल गुप्ता,डॉ. संध्या सिन्हा, डॉ. स्मिता गुप्ता,डॉ. श्रवण कुमार तिवारी,डॉ. जी गुप्ता इत्यादि सामिल थे।

# सरकार की मर्यादा

सरकारी कामकाज की अपनी मर्यादा होती है। उनके कुछ नियम-कायदे बने होते हैं। चाहे मंत्री हों या अफसर, सबसे उन तरीकों, मयार्दाओं और नियम-कायदों के पालन की अपेक्षा की जाती है। मगर सरकार के शीर्ष पदों का निर्वाह करने वाले कुछ लोग शायद इस तकाजे को भूल जाते या यह मान बैठते हैं कि वे जिस ढंग से काम करना चाहते हैं, वही तरीका उचित है। इसी वजह से अक्सर विवाद भी खड़े हो जाते हैं। बिहार में नवगठित सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री की पहली बैठक में ही सरकारी कामकाज की मर्यादा के उल्लंघन का मामला उठ गया। दरअसल, इस मंत्रालय की जिम्मेदारी लालू यादव के बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के भाई तेजप्रताप को दी गई है। तेजप्रताप प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की समीक्षा बैठक में अपने बहनोई यानी मीसा यादव के पति को भी साथ ले गए थे। उस बैठक की तस्वीर फैलनी शुरू हुई तो स्वाभाविक ही विपक्ष यानी भाजपा को इस पर निशाना साधने का मौका मिल गया। उसने कहा कि बिहार में फिर से जीजा-साले की सरकार चलनी शुरू हो गई है। जब लालू यादव मुख्यमंत्री थे, तब उनके दो साले, साधू और सुभाष यादव सरकारी कामकाज में दखल दिया करते थे, अब उनके दामाद देने लगे हैं। यानी फिर से जंगलराज की शुरुआत हो चुकी है। विपक्ष के एतराज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसा नहीं माना जा सकता कि सरकारी कामकाज के नियम-कायदों से तेजप्रताप वाकिफ न हों। वे लंबे समय से राजनीति में हैं। उनके पिता और मां मुख्यमंत्री रह चुके हैं और उन्होंने सरकारी कामकाज के तौर-तरीके नजदीक से देखे हैं। फिर उनके बहनोई को भी इससे अपरिचित नहीं माना जा सकता। सरकारी बैठकों में जो बातचीत होती है, जो फैसले किये जाते हैं, उन्हें गोपनीय रखा जाता है। इसलिए उनमें बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित होता है। वह चाहे परिवार का खास व्यक्ति ही क्यों न हो, मंत्रालयों आदि की बैठकों में उसे प्रवेश नहीं दिया जाता। हैरानी है कि संबंधित अधिकारियों ने भी इस बात की परवाह क्यों नहीं की। तेजप्रताप के बहनोई को उस बैठक में प्रवेश ही क्यों दिया गया। हालांकि यह इकलौता मामला नहीं है। उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे तेजस्वी यादव भी अपने विभाग की एक बैठक में पार्टी के एक कार्यकर्ता को साथ ले गये। उस पर भी विवाद है। मंत्रियों को अपने सलाहकार आदि नियुक्त करने का अधिकार है, कुछ पदों पर वे सरकारी अफसरों के अलावा बाहरी लोगों को भी नियुक्त कर सकते हैं। ऐसा तमाम मंत्री करते भी हैं। इस तरह उनके करीबी लोगों को बैठकों आदि में हिस्सा लेने का अधिकार मिल जाता है। मगर यह अधिकार किसी परिवार के व्यक्ति या रिश्तेदार को नहीं होता। मगर क्या वजह है कि बिहार के दोनों भाई मंत्रियों को इस तकाजे का खयाल नहीं। क्या उनमें इतना आत्मविश्वास नहीं कि अपने विभागों से संबंधित फैसले खुद या अपने अधिकारियों से विचार-विमर्श कर ले सकें। इसके लिए रिश्तेदारों और पार्टी कार्यकर्ताओं की अनुचित बैसाखी का सहारा लेना पड़ रहा है। किसी राजनेता की योग्यता महज इससे नहीं आंकी जाती कि वह किस तरह जोड़-तोड़ कर सरकार बना लेता है, इससे आंकी जाती है कि वह सरकारी कामकाज में कितनी ईमानदारी बरतता है।

**बिहार में नवगठित सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री की पहली बैठक में ही सरकारी कामकाज की मर्यादा के उल्लंघन का मामला उठ गया।**

**खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार को अनाज के भाव को नियंत्रण में रखना जरूरी है। शहरी क्षेत्रों के परिवारों को अनाज खरीदना होता है और गरीब परिवारों पर यह बोझ भारी पड़ता है। अक्सर हम यह भूल जाते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बहुत परिवार हैं जिन्हें कुछ महीनों का अनाज खरीदना पड़ता है, क्योंकि बाकी व्यवस्था से साल भर की पूर्ति नहीं हो पाती है। अतः अनाज के भाव खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत अहम भूमिका निभाते हैं।**

# ज्वार के जरिए खाद्य सुरक्षा



**अरविंद सरदाना**



खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार को अनाज के भाव को नियंत्रण में रखना जरूरी है। शहरी क्षेत्रों के परिवारों को अनाज खरीदना होता है और गरीब परिवारों पर यह बोझ भारी पड़ता है। अक्सर हम यह भूल जाते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बहुत परिवार हैं जिन्हें कुछ महीनों का अनाज खरीदना पड़ता है, क्योंकि बाकी व्यवस्था से साल भर की पूर्ति नहीं हो पाती है। अतः अनाज के भाव खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत अहम भूमिका निभाते हैं।

अब तक हमारा देश खाद्य सुरक्षा के लिए गेहूं और धान पर ही निर्भर रहा है। किन्तु अब इसे एक नया मोड़ देने का समय आ गया है। वास्तव में अलग-अलग क्षेत्रों के मोटे और अधिक पौष्टिक अनाज इसमें शामिल होने चाहिए। मध्यप्रदेश के लिए ज्वार को बढ़ावा देना उचित कदम होगा। हमें याद रखना चाहिए कि मध्यप्रदेश में ज्वार की खेती का जो रकबा वर्ष 1980 में 23 लाख हेक्टेयर था, वर्ष 2016.17 में घटकर केवल 2 लाख हेक्टेयर हो गया।

ज्वार को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम हो सकते हैं- हमारा ध्यान आदिवासी अंचलों पर होना चाहिए। ज्वार की खेती को फैलाने के लिए जरूरी होगा कि हम सरकारी खरीदी की पुख्ता व्यवस्था बनाएं। दूरदराज के इलाकों के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था ही चल सकती है। गेहूं के अनुभव से हम इसकी बारीकियां सीख सकते हैं। पिछले वर्ष ज्वार का समर्थन मूल्य 2738 रुपए था। जबकि किसान इसे मंडी या गांव में 1400 से 1600 के आसपास बेच रहे थे। यदि इतना अंतर रहा तो इसके प्रति कोई आकर्षित नहीं होगा। समर्थन मूल्य मिलने पर ही छोटे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। सभी परिवारों को नगद की आवश्यकता होती है और सोयाबीन की तरफ भागने का यही मुख्य कारण रहा है।

**अब तक हमारा देश खाद्य सुरक्षा के लिए गेहूं और धान पर ही निर्भर रहा है। किन्तु अब इसे एक नया मोड़ देने का समय आ गया है।**

ज्वार को बढ़ावा देने के लिए चिन्हित क्षेत्रों में सामूहिक प्रयास करना चाहिए। फसलों में परिवर्तन तभी आते हैं जब एक साथ कई व्यवस्थाओं को संजोया जाए। खाद, बीज उपलब्ध करवाना, समर्थन मूल्य पर खरीदना सरकार का स्टॉक भारतीय खाद्य निगम, तक पहुंचाना, कृषि विज्ञान एवं पारंपरिक ज्ञान का मेल करवाना, फसल के लिए बीमा करवाना ये सभी एक साथ करने की जरूरत होगी। ये सब काम सरकार ही कर सकती है। एक बार यह परंपरा में आ जाए तब बाजार व्यवस्था इसे फैला सकती है।

खाद्य सुरक्षा के लिए जरूरी है कि ज्वार मध्यप्रदेश में राशन दुकानों से उपलब्ध हो। आज जहां चार किलो गेहूं एवं एक किलो चावल मिलता है, वहीं तीन किलो गेहूं और एक किलो ज्वार दिया जा सकता है। यह व्यवस्था बनाने के लिए राज्य सरकार को भारतीय खाद्य निगम एवं केंद्र सरकार के साथ पहल करनी होगी और इसे एक मुद्दा बनाना होगा। तभी यह घोषणाओं से बढ़ कर क्रियान्वयन की तरफ जा सकता है।

खाद्य सुरक्षा के कई आयाम हैं, केवल राशन दुकान ही एकमात्र आयाम नहीं है। हम गेहूं के सन्दर्भ में देखते हैं कि छोटे किसान एवं खेतीहर मजदूर अपने घर की जरूरत के लिए अनाज भरते हैं। अपने खेतों से या मजदूरी से कुछ व्यवस्था कर लेते हैं। जैसे ज्वार का रकबा बढ़ता है, इसका उपयोग भी बढ़ेगा। ज्वार यहां का पारंपरिक खाद्यान है और इसका चलन वापस आ सकता है। यह अधिक पौष्टिक भी होगा और गेहूं का एक विकल्प भी।

**खाद्य सुरक्षा के कई आयाम हैं, केवल राशन दुकान ही एकमात्र आयाम नहीं है। हम गेहूं के सन्दर्भ में देखते हैं कि छोटे किसान एवं खेतीहर मजदूर अपने घर की जरूरत के लिए अनाज भरते हैं। अपने खेतों से या मजदूरी से कुछ व्यवस्था कर लेते हैं। जैसे ज्वार का रकबा बढ़ता है, इसका उपयोग भी बढ़ेगा। ज्वार यहां का पारंपरिक खाद्यान है और इसका चलन वापस आ सकता है। यह अधिक पौष्टिक भी होगा और गेहूं का एक विकल्प भी।**

इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार को अनाज के भाव को नियंत्रण में रखना जरूरी है। शहरी क्षेत्रों के परिवारों को अनाज खरीदना होता है और गरीब परिवारों पर यह बोझ भारी पड़ता है। अक्सर हम यह भूल जाते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बहुत परिवार हैं जिन्हें कुछ महीनों का अनाज खरीदना पड़ता है, क्योंकि बाकी व्यवस्था से साल भर की पूर्ति नहीं हो पाती है। अतः अनाज के भाव खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। वर्ष 1943 के बंगाल के अकाल से हमने सीखा कि खाद्यान्न की कमी मुख्य कारण नहीं था, बल्कि अनाज के भाव ऐसे आसमान पर पहुंच गए थे जहां खेतीहर मजदूर, मछुआरे, दस्तकार आदि अनाज खरीद नहीं पाए और उन्हें भूखों मरना पड़ा।

भारतीय खाद्य निगम, के बफर स्टॉक का एक उद्देश्य यह भी है कि वह बाजार के भाव को नियंत्रण में रख पाए। इस कारण हम देखते हैं कि खाद्य निगम कई बार अपने स्टॉक से मैदा मिलों को गेहूं सप्लाई करता है। इस वर्ष गेहूं के भाव को संभालना मुश्किल होगा। भारतीय खाद्य निगम ने मैदा मिलों की सप्लाई को रोक दिया है। स्टॉक कम होने का कारण है, बिना होम-वर्क किये, हमने गेहूं के निर्यात को खोल दिया था। यदि गेहूं पर निर्भरता कम करके इन मोटे; पौष्टिक, अनाजों के चलन को बढ़ावा मिलता है, तो लोगों के पास विकल्प होंगे। उदाहरण के लिए ज्वार और गेहूं एक दूसरे के बदले में उपयोग किए जा सकते हैं। यदि किसी भी कारण से एक का भाव तेज है तो दूसरे का अधिक उपयोग किया जा सकता है। सरकार के लिए भी नियंत्रण करना ज्यादा आसान होगा। यदि इन पौष्टिक अनाजों का भण्डारण गेहूं के साथ-साथ किया जाए।

सैद्धान्तिक रूप से शायद इसे माना भी जाता है, पर भारतीय खाद्य निगम या राज्य सरकारों द्वारा कोई ठोस योजना नजर नहीं आती है, बल्कि इसकी उलटी दिशा नजर आती है। मध्यप्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आंकड़े यह कहानी बखूबी बयान करते हैं। वर्ष 2018-19 में गेहूं का उपार्जन 73 लाख टन था और ज्वार का उपार्जन केवल 0.06 लाख टन। वर्ष 2020-21 में गेहूं का उपार्जन बढ़कर 129 लाख टन हो गया और ज्वार का उपार्जन घट कर 0 हो गया।

कथनी और करनी में बहुत अंतर है और बिना इसे पाटे कोई हल नहीं निकाला जा सकता। ज्वार को बढ़ावा देने के लिए कुछ मुख्य चरण हैं, जिन्हें पहले लेने होंगे, तभी लोगों में विश्वास बन पायेगा। समर्थन मूल्य, पर खरीदी की व्यवस्था ही इस प्रक्रिया को शुरू कर सकती है। गेहूं का उपार्जन बहुत बढ़ा है, क्योंकि उसकी खरीदी गांव के पास के केन्द्रों पर होती है और प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती है। यही व्यवस्था ज्वार के लिए होनी चाहिए। इससे किसानों में विश्वास बढ़ेगा और ज्वार का फैलाव होगा। यह चरण शुरू होते ही बाजार भाव भी बढ़ेगा और कुछ वर्षों में किसानों के पास दोनों विकल्प होंगे, मंडी में बेचें या सरकारी केंद्र पर। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा के लिए भी एक पौष्टिक विकल्प बन पायेगा।

# दास प्रथा की त्रासदी

**डॉ राजश्री जयंती**





हर वर्ष 23 अगस्त को, संयुक्त राष्ट्र दास व्यापार की त्रासदी को उकेरने के लिए 'दास व्यापार और उसके उन्मूलन के स्मरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाता है। यह दिन 1791 में सेंट-डोमिंगु में उन पुरुषों और महिलाओं की स्मृति का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने इस प्रथा का विद्रोह किया और अंततः गुलामी और अमानवीयकरण के अंत का मार्ग प्रशस्त किया। कितनी ही पीड़ित परिवारों और समुदायों की अनकही दर्द और पीड़ा की कहानियां और उत्पीड़कों की क्रूरता की कहानियां कहता है यह दिन। भारत के प्राचीन ग्रंथ मनुस्मृति में भी दास प्रथा का उल्लेख किया गया है। वर्ष 1867 में लगभग 6 करोड़ लोगों को बंधक बनाकर दूसरे देशों में गुलाम के तौर पर बेच दिया जाता था। भारत में मुस्लिमों के शासन काल में दास प्रथा में बहुत वृद्धि हुई। 16वीं-19वीं शताब्दी के बीच लगभग 15-20 मिलियन लोगों को गुलामों के रूप में बेच दिया गया था।

भारत दास प्रथा का उन्मूलन विलियम बेंटिक के शासनकाल में हुआ था तथा इसका उन्मूलन तृतीय चार्टर अधिनियम 1833 ईसवी के अंतर्गत लाया गया था। इस दौरान विलियम बेंटिक को बंगाल गवर्नर जनरल से भारत के गवर्नर जनरल के रूप में स्थापित किया गया था।

1807 में दास व्यापार पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पारित करने वाला ब्रिटेन पहला देश था। इसके बाद ब्रिटेन ने फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और नीदरलैंड पर भी 1815 तक गुलामी पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1820 में दास व्यापार करने वाले को मौत की सजा देने की आदेश दिया था। अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर 1865 में दासता को समाप्त कर दिया था। **(लेखिका : साहित्यकार एवं भाजपा नेत्री हैं)**

# जमशेदपुर की खबरें

## जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने किया शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में हिंदी विभाग के स्नातक के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य ए मलिक उपस्थित रहे। मौके पर हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष हरेंद्र पंडित, हिंदी विभाग से सुनीता गुड़िया एवं अन्य उपस्थित हुए। स्नातक के अंतिम वर्ष के यानी छठी सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के द्वारा यह विदाई सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि स्नातक वर्ष की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा आरंभ होने वाली है। अंत में विद्यार्थियों के द्वारा यह कार्यक्रम शिक्षक दिवस के पूर्व ही कर लिया गया। जिसमें उन्होंने अपने शिक्षकों का सम्मान बढ़ाया। मौके पर प्राचार्य ने अपने संबोधन में कॉलेज को ऊंचाइयों तक ले जाने की बात कही और स्नातकोत्तर की कक्षाएं आरंभ हों ऐसी उन्होंने आशा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतिम वर्ष की छात्रा गायत्री सिंह, कुमारी शिवांगी एवं श्रीमती मदीना का विशेष योगदान रहा। सभा का संचालन गायत्री सिंह के द्वारा किया गया।

## राजस्थान में दलित छात्र की मौत को लेकर मूलनिवासी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** राजस्थान के जालौर में पिछले दिनों दलित छात्र के साथ हुई घटना को लेकर मूलनिवासी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एक मांगपत्र सौंपते हुए संविधान में आदिवासियों, मूल वासियों, दलितों एवं पिछड़ों को दिए गए अधिकार बहाल करने की मांग की। इस संबंध में जानकारी देते हुए संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोल्हान प्रभारी रंजीत बास्के ने बताया कि आज भी देश में जातीयता के नाम पर भेदभाव जारी है, जालौर की घटना ने यह साबित कर दिया है। उन्होंने इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसको लेकर सख्त कानून बनाए जाने की मांग की। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर संविधान में प्रदत्त दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों के लिए बने कानून का सख्ती से पालन करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## घाटशिला में पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला थाना क्षेत्र के तामकपाल गांव निवासी पति कृष्णा नाथ ने अपनी पत्नी आंचल नाथ की गला घोंट कर हत्या कर दी थी। उसने साक्ष्य छुपाने के लिए शव को वन विभाग के रेंज में गाड़ दिया था। मामले में पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि कृष्णा नाथ ने ही पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने चार महीने के बाद गुप्त सूचना के आधार पर 17 अगस्त को वन विभाग की जमीन से आंचल का कंकाल निकाला था। पुलिस के समक्ष भी कृष्णा नाथ ने स्वीकारोक्ति बयान दी है। उक्त जानकारी घाटशिला थाना में संवाददाता सम्मेलन में एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो ने दी।

## सामाजिक संस्था नमन मादक पदार्थों की तस्करी व सेवन के खिलाफ चलायेगी जागरूकता अभियान

**नमन संस्था ना केवल शहीदों को सम्मान देने में जुटी रहती है बल्कि शहीदों ने जो सपने देश के युवाओं के लिए देखे थे, उनको भी पूरा करने का प्रयास करती है : अमरप्रीत सिंह काले**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



जमशेदपुर। जमशेदपुर सहित पूरे राज्य व देश में मादक पदार्थों की तस्करी व सेवन भयावह रूप से बढ़ रहा है। इस हेतु शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था नमन पूर्वनियोजित कार्यक्रम मादक पदार्थ की रोकथाम व जागरूकता के लिये कोल्हान स्तर पर कार्य करेगी। इसके लिए टीम का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आगामी बैठक में राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों व संस्थाओं सहित शहर के गणमान्य लोगों की राय एवं सहयोग लेकर इस महती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस संबंध में जिला प्रशासन से नमन का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द मिल कर आगे की रूपरेखा तैयार करेगा।

संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि नमन संस्था ना केवल शहीदों को याद करना और उनको सम्मान देने में जी जान से जुटी रहती है बल्कि शहीदों ने जो सपने देश के युवाओं के लिए देखे थे, उनको भी आज के समाज को याद दिलाने का प्रयास करती है। इसी दिशा में आज की युवा पीढ़ी, जो पूरी तरह से नशे के गिरफ्त में आ चुकी है और अपने कर्तव्यों से विमुख हो चुकी है उनके लिए जागरूकता कार्यक्रम सामाजिक व प्रशासनिक सहयोग से चलायेगी।

उन्होंने कहा कि देश को कमजोर करने का षड्यंत्र विदेशी ताकतों द्वारा हमेशा से किया जाता रहा है। इसी कड़ी में देश के कर्णधार युवा पीढ़ी को कमजोर करने के लिए मादक पदार्थों के दलदल में धकेल दिया जा रहा है ताकि समाज को, देश को कमजोर किया जा सके। उनको पता है कि अगर किसी समाज को, देश को कमजोर करना है तो उसकी युवा पीढ़ी को टार्गेट कर इसे आसानी से पूरा किया जा सकता है। नशा का सेवन दिग्भ्रमित करने का कार्य करता है और दिग्भ्रमित व्यक्ति ना तो कोई लक्ष्य बना सकता है और अपने कर्तव्यों का पालन कर सकता है। वह हमेशा भ्रमित रहता है कि उसे करना क्या है। किसी देश की युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित हो जाए तो उस देश की क्या स्थिति होती है यह अफ्रीकी व लेटिन अमेरिकी देशों के हालात को देख कर समझा जा सकता है। इस घृणित कार्य में देश के अंदर बैठे गद्दार भी मिले हुए हैं। हमें अपनी युवा पीढ़ी को बचाने के लिए उन्हें जागरूक करने के लिए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभानी होगी और यह भी देशभक्ति का ही एक रूप है। नमन इस कार्य को करने का बीड़ा उठाने को तत्पर है।

# शहर के बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों का विशेष पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**बाढ़ का पानी कम होते ही शहर के नीचले क्षेत्रों में लगने लगा है गंदगी का अंबार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिन बाढ़ का पानी कम होते ही शहर के नीचले क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लगने लगा है। संक्रामक रोग फैलने की संभावना बनी हुई है। सोमवार को जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया के के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने कुल नौ टीम को स्वच्छता के देख भाल के लिए लगाया गया। बाढ़ के पानी में आए कचड़े को हटाया जा रहा है। साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है ताकि संक्रामक रोग न फैल सके। विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने टीम के साथ क्षेत्र का निरीक्षण के बाद जल्द से जल्द सभी क्षेत्रों को साफ करने व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने का निर्देश दिया। मौके पर भुईयाडीह के कल्याण नगर में विशेष पदाधिकारी ने पर्यवेक्षकों से वार्ता कर साफ सफाई में लगी टीम की सराहना की। इस दौरान बस्ती वासियों द्वारा पीने के पानी की कमी होने की शिकायत की। उन्होंने त्वरित करवाई करते हुए वाटर टैंकर उपलब्ध करवाने का दिशानिर्देश दिए। आधे घंटे के अंदर वाटर टैंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति की गई। विशेष पदाधिकारी ने शाम के समय फागिंग करवाने का आदेश दिया ताकि लोगों को मच्छरों के परेशानी से निजात मिल सके। उन्होंने सभी से संयम बरतने की अपील की। उन्होंने बताया किसी भी परिस्थिति में सहयोग करने के लिए जमशेदपुर अक्षेस की टीम तैयार है।

## डीसी के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करायी गयी साफ-सफाई



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिले के उपायुक्त श्रीमती विजय यादव जाधव के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित इलाके का साफ सफाई, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव,लाइट मरम्मती,फागिंग, टैंकर से जलापूर्ति संबंधी कार्य कराया गया। मानगो कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा मानगो नगर निगम क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाके मे हो रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किया गया। क्षेत्रों में जलजमाव से होने वाले कचरे एवं मिट्टी को निकलवाया गया। मुख्य सड़क एवं गली मोहल्ले के सड़कों में साफ सफाई कराया गया। साथ ही बाढ़ प्रभावित मोहल्लों, गली, बस्तियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया। प्रभावित क्षेत्रों में टूटे हुए स्ट्रीट लाइट एवं खराब स्ट्रीट लाइट का मरम्मत का कार्य कराया गया। प्रभावित क्षेत्रों के गली मोहल्ले क्षेत्रों में फागिंग कराया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, तटीय क्षेत्रों,निचले क्षेत्रों में नगर निगम के द्वारा टैंकर से पानी उपलब्ध कराया गया। उपायुक्त के निर्देश पर श्याम नगर,राम नगर, लक्ष्मणनगर, चाणक्यपुरी, कावेरी रोड, ओल्ड पुरुलिया रोड, अलीबाग कॉलोनी, हड्डी गोदाम, दाएगूटू के अलावे अन्य सभी क्षेत्रों में साफ सफाई करायी गयी। मौके पर कार्यालय के अधिकारी, कर्मी, संवेदक, सफाई कर्मी आवंटित किए गए क्षेत्रों में मुस्तैद रहे।

# प्रशासनिक नाकामी की वजह से घटी मेराल की घटना : कांग्रेस

### चार सदस्यीय कमेटी करेगी घटना की जांच, तीन दिन में सौंपेंगी रिपोर्ट : अरविंद कुमार तूफानी

बलराम शर्मा

**मेराल।** थाना मुख्यालय में दो दिन पूर्व ग्रामीण तथा पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प अब राजनीतिक रूप लेती जा रही है। जहां सत्ता पक्ष मामले के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बात कह रहा है, वहीं विपक्ष इसे सरकार तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि पर दोषी अधिकारियों का संरक्षण देने का आरोप लगा रहा है। इसी बीच सरकार के सहयोगी दल कांग्रेस ने इसे प्रशासनिक अधिकारियों की नाकामी करार दिया है।

सोमवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार तूफानी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अलख निरंजन चौबे के साथ मेराल पहुंचकर घटना की जानकारी अपने स्थानीय कार्यकर्ताओं से ली। जानकारी प्राप्त करने के बाद श्री तूफानी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रशासनिक नाकामी की वजह से यहां हिंसक घटना घटी है। उन्होंने कहा कि ऐसे नकारा पदाधिकारियों को यहां से अविलंब हटा देना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि घटना की जांच के लिए अलख निरंजन चौबे की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, जो तीन दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपेगी। जांच कमेटी में रामवृक्ष यादव, सुनील कुमार कालिया एवं मोतीराम शामिल हैं। मौके पर सुनील कुमार कालिया, मोती राम, कलाम अहमद, संजीव कुमार आदि लोग थे।



### स्थानीय विधायक सह मंत्री की नकारात्मक नेतृत्व क्षमता का परिणाम है मेराल की घटना : अलख निरंजन

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अलख निरंजन चौबे ने भी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री के नकारात्मक नेतृत्व क्षमता का यह परिणाम है। उन्होंने कहा की स्थानीय विधायक सह मंत्री को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिये। प्रवक्ता से बयान दिलवाकर वे अपनी जिम्मेवारी से नहीं बच सकते, उन्हें स्वयं आकर मामले को देखना चाहिये। उन्होंने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को साझा उम्मीदवार बताते हुए कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा जब पहले से पदाधिकारियों की कार्यशैली की शिकायत की गई थी तो मंत्री जी चुप क्यों रहे। शिकायत के बावजूद ऐसे पदाधिकारियों को यहां से नहीं हटाया गया। उनकी चुप्पी की वजह से इतनी बड़ी घटना घटी है। कहा कि मेराल को अराजकता के हाथों में नहीं झोंकने दिया जाएगा, चाहे पब्लिक सेक्टर से हो या प्रशासनिक सेक्टर से। श्री चौबे ने घटना की निष्पक्ष जांच कर उसकी रिपोर्ट गढ़वा के प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख तथा ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को भी सौंपने की बात कही।

## मंत्री मिथिलेश ने सीएम को मेराल की घटना से कराया अवगत

### सीएम ने दिया जांच का आदेश, डीआइजी के नेतृत्व में टीम गठित, एक सप्ताह में सौंपेगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल में हुई लाठीचार्ज की घटना का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जांच का आदेश दे दिया है। इस संबंध में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पूरे मामले से उन्हें अवगत कराया। साथ ही इस मामले में दोषी लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को बुलाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए पलामू पुलिस



उप महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर निष्पक्ष जांच करने का आदेश दिया है। यह जांच कमेटी हासनदाग पंचायत में हुई वृद्ध की हत्या एवं मेराल में पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज की घटना की जांच की करेगी। यह टीम एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट के अनुसार इस मामले में जो भी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य लोग दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच में मेराल अंचलाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार की लाठीचार्ज में संदिग्ध भूमिका की भी गहराई से जांच की जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि किसी को भी जंगलरज कायम करने की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार एवं पूरा प्रशासनिक तंत्र जनता एवं जनहित के कार्यों के लिए है। यहां किसी को भी मनमानी करने की छूट नहीं दी जा सकती है। चाहे जो कोई भी इस मामले में दोषी पाया जाएगा उनके विरुद्ध निश्चित रूप से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेराल में घटित घटना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।

## नशीले पदार्थ की बिक्री कर रही महिला हुई गिरफ्तार



### गिरफ्तार महिला के पास से 49 ग्राम हेरोईन, 1,25,960 रुपये एवं दो एंड्राइड मोबाइल बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले को नशा मुक्त बनाए रखने के लिए लगातार पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार नशीले पदार्थ की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में सदर थाना पुलिस ने अपनी टीम के साथ बाईपास रोड ज्ञान निकेतन स्कूल के पास स्थित एक सफाई कर्मी जो एक महिला है, उसे नशीला पदार्थ बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तारी के बाद पूरी घटना की जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले में नशीले पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश मिलने के बाद लगातार जिले में छापेमारी की जा रही है, इनके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कल बाईपास रोड ज्ञान निकेतन स्कूल के पास से एक सफाई कर्मी जो महिला है, उसके पास से नशीला पदार्थ करीब 50 ग्राम हेरोइन तथा एक लाख पच्चीस हजार छह सौ नब्बे रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसने नशीले पदार्थों की तस्करी के अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया। गिरफ्तार रूबी देवी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए तस्करी में संलिप्त अंतरराज्यीय गिरोह के शामिल होने की बात भी स्वीकार की है साथ ही कांड में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं गिरफ्तार रूबी देवी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार महिला के पास से छह प्लास्टिक की पुड़िया, एक कागज की पुड़िया में बरामद 49 ग्राम भूरे रंग की हीरोइन, नगद 125960 रु., एक रेडमी एंड्राइड काले रंग का मोबाइल, एक रियल मी मोबाइल काले रंग का बरामद किया गया है।

छापेमारी में एसडीपीओ अवध कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा कुमार कुशवाहा, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रीना दास, हवलदार दिनेश पासवान, आरक्षी टिंकू कुमार सहित महिला सहायक पुलिस सोनम कुमारी शामिल थीं।

# प्रशासन अविलंब नथुनी चौधरी के हत्यारे को गिरफ्तार कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करे : ओमप्रकाश केशरी

### भाजपा अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मृतक नथुनी चौधरी के परिजनों से मिलकर ली घटना की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** ओमप्रकाश केशरी भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मेराल के हासनदाग गांव पहुंचा। विगत कुछ दिनों पहले हासनदाग में नथुनी चौधरी का संदेहास्पद मौत हो गयी थी। भाजपा का प्रतिनिधि मंडल मृतक के परिजनों से मिला। ग्रामीणों ने भाजपा नेताओं के सामने अपनी अपनी व्यथा भी सुनाई। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, जिला कार्यसमिति सदस्य कृष्णा कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष मनोज जयसवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश चौबे, उमेश कश्यप, कुमार कनिष्ठ, लाला पासवान के साथ पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से मौत होने की जानकारी मिली है इससे यह साबित होता है कि निश्चित रूप से नथुनी चौधरी की हत्या हुई है। इस मामले में प्रशासन द्वारा चार लोग को गिरफ्तार भी किया गया था लेकिन रात में उनलोगों को छोड़ दिया गया। आखिर किसके इशारे पर लोगों को छोड़ा गया। प्रशासन अविलंब हत्यारे को गिरफ्तार कर कार्रवाई करे। इस घटना में सत्ता की सहभागिता उजागर हो रही है। जिले में जनता सुरक्षित नहीं है। जिस तरह से निर्दोष ग्रामीणों को फर्जी धारा लगाकर मुकदमा दायर कर जेल भेजा गया। इससे यह साबित होता है कि इस काम के लिए सत्ता में बैठे लोगों ने प्रशासन का सहारा लिया। जिस तरह से निर्दोष निहत्थे ग्रामीणों व्यवसायी के ऊपर प्रशासन के लोगों ने लाठी डंडा चलाया है ऐसे लोगों को के ऊपर सरकार कारवाई करे एवं नथुनी चौधरी के हत्यारे को गिरफ्तार करे अन्यथा अब इस लड़ाई को ग्रामीणों के साथ भाजपा लड़ेगी और चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी।

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी मौजूद थे।

# नथुनी चौधरी के हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन : निषाद समाज

### ग्रामीणों और मेराल के व्यवसायियों पर लठीचार्ज करने वाले मेराल एवं रमना थाना प्रभारी को अविलंब निलंबित किया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला निषाद समाज ने एक बैठक कर मेराल पुलिस एवं पदाधिकारियों द्वारा की गयी कार्रवाई की निंदा की है। बैठक में निषाद समाज के पदाधिकारियों ने कहा है कि मेराल थानांतर्गत हासनदाग गांव के नथुनी चौधरी हत्याकांड के आरोपियों को मेराल थाना प्रभारी लालबिहारी प्रसाद द्वारा छोड़े जाने को लेकर हासनदाग के ग्रामीणों के बीच भारी जनाक्रोश था। थाना प्रभारी लालबिहारी प्रसाद की भूमिका काफी संदिग्ध है और सरेआम चर्चा है कि हत्या आरोपी जगदीश विश्वकर्मा से मोटी रकम लेकर चारों आरोपी को थाना से छोड़ा गया है। जिसकी निष्पक्ष रूप से उच्चस्तरीय जांच हो।

मेराल थाना प्रभारी ने सुनियोजित ढंग से शांतिपूर्ण प्रदर्शन में अपने स्थानीय चौकीदार शिवपुजन पासवान द्वारा पत्थर फेंकवाया गया और मेराल पुलिस के संरक्षण मे असमाजिक तत्वों को प्रदर्शन में शामिल कराया गया था। उन असमाजिक तत्वों द्वारा पुलिस बल के उपर पत्थर बाजी करायी गयी और प्रदर्शनकारियों को सबक सिखाने की पृष्ठभूमि तैयार उन्हें उकसाने का काम किया गया। मेराल थाना प्रभारी अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसमें दर्जनों ग्रामीण घायल हैं। बैठक में झारखंड निषाद विकास संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी, पलामू जिला अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी, महर्षि वेद व्यास परिषद के पलामू जिला अध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी, सिकंदर चौधरी, भरदुल चौधरी, टीएमसी नेता मंदीप मल्लाह, राजकुमार चौधरी, चंदन चौधरी, सुदामा चौधरी, बिरजू चौधरी, बिहारी चौधरी, गोपाल चौधरी, श्यामलाल चौधरी, उपेंद्र चौधरी, अनिल चौधरी, राजदेव चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# तुलसीदामर डोलोमाइट खदान को चालू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मजदूर कांग्रेस का धरना

### धरना के बाद डीसी के नाम 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक त्रिपाठी गुट) के बैनर तले जिलाध्यक्ष सुशील कुमार चौबे की अध्यक्षता में भवनाथपुर खदान समूह के बंद तुलसीदामार डोलोमाईट खदान चालू करने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष धरना दिया गया। धरना के बाद डीसी के नाम 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। सौंपे गए मांग पत्र में तुलसीदामार डोलोमाईट खदान चालू कर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने, भवनाथपुर खदान समूह के बंद तुलसीदामार डोलोमाईट खदान में करीब 88 श्रमिक का फार्म बी में निबंधन 1990 के पहले का ही है लेकिन उन सभी श्रमिक का ग्रेच्यूटी सहित अन्य लाभ का गणना नियमानुसार नहीं किया गया है। उसमें सुधार कर नियमानुसार भुगतान कर फूल एंड फाइनल सेटलमेंट किया जाए। भवनाथपुर खदान समूह के बंद तुलसीदामार डोलोमाईट खदान में कार्यरत सभी श्रमिक को खदान बंद अवधि का न्युनत मजदूरी का भुगतान करने, भवनाथपुर खदान समूह के बंद तुलसीदामार डोलोमाईट खदान के श्रमिक का जब तक मांगों का निस्तारण नहीं हो पाता तब तक संबंधित नियोक्ता के किसी भी भुगतान पर रोक लगाई जाए। धरना को इंटक के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, प्रदेश सचिव बबन पासवान, जिलाध्यक्ष सुशील चौबे, रविन्द्र तिवारी, मजदूर नेता शंभु पासवान, वीरेन्द्र साव, नंदलाल पाठक, बाल यादव, जय कुमार राम सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। धरना में काफी संख्या में मजदूर पहुंचे थे।

### प्रदर्शन : स्थानीय राजनीति की शिकार हुई कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन सुमन अग्रवाल

# स्थानांतरण के विरोध में विद्यालय में पढ़नेवाली छात्राओं ने किया उग्र प्रदर्शन

### छात्राओं ने आरोपी वार्डन पर दलित छात्रा की पिटाई व नाली का पानी पिलाने जैसे आरोपों को निराधार बताते हुए प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार स्थित सड़क को जाम कर दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** स्थानीय राजनीति की शिकार हुई कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन सुमन अग्रवाल के स्थानांतरण के बाद विद्यालय में पढ़नेवाली छात्राओं ने उग्र प्रदर्शन किया। स्कूल को गलत राजनीति का अखाड़ा बनाने के बाद वहां की छात्राओं को भी इसका खामियाजा झेलना पड़ रहा है। क्योंकि सबों को दुलार कर फटकार लगा कर पढ़ाने वाली शिक्षिका सह वार्डेन को कई प्रकार के आरोप लगाकर स्थानांतरण कराने के विरोध में विद्यालय की छात्राएं सोमवार को उग्र हो गईं। सभी छात्राएं आरोपी वार्डन सुमन अग्रवाल पर दलित छात्रा की पिटाई व नाली का पानी पिलाने जैसे आरोपों को निराधार बताते हुए रोषपूर्ण प्रदर्शन कर प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार स्थित सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने कहा की वार्डन पर स्कूल की छात्रा कंचन कुमारी द्वारा पिटाई कर दलित बोलकर उसे गंदा नाली का पानी पिलाने का आरोप झूठा है। वहीं छात्रा को दलित बोलकर मैडम ने पिटाई नहीं की है, बल्कि कंचन अपने रूम में अजीबोंगरीब हरकत कर डराने जैसा बोल रही थी। वहीं छात्राओं ने इस दौरान यह भी कहा कि कुछ मीडिया न्यूज चैनल ने एकतरफा न्यूज चलाया है। जिसमें वार्डन और अन्य छात्राओं के बताने के बाद भी उनकी प्रतिक्रिया को नहीं लगाया है।

वहीं प्रदर्शन कर रही छात्राओं के पास बीडीओ अरूण कुमार सिंह स्वयं पहुंचे तब प्रदर्शन कर रही छात्राएं और भी उग्र हो गयीं और वार्डन पर की गई कार्रवाई को वापस लेने की मांग करने लगे। छात्राओं ने यह भी बताया कि वार्डन सुमन अग्रवाल पर दलित कहकर छात्रा की पिटाई करने का आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है।

वहीं इधर प्रदर्शन कर रही छात्राएं कभी प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर जाम लगा रही थी तो कभी बीडीओ कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए बीडीओ से बोल रही थी कि वार्डन पर की गई कार्रवाई को वापस किया जाए और वार्डन को इसी विद्यालय में रहने दिया जाए। वहीं छात्राओं ने प्रदर्शन के दौरान यह भी कहा कि जबतक उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी तबतक वे सभी छात्राएं खाना नहीं खाएंगी। इसके बाद बीडीओ ने छात्राओं को बहुत बार समझाया लेकिन छात्राएं नहीं मानीं।

वहीं बीडीओ ने बहुत प्रयास किया। अंततः सभी छात्राओं को वापस स्कूल में लेकर बीडीओ पहुंचे और छात्राओं को स्वयं मनाकर सबको खाना खिलाया। बीडीओ ने इस तरह की घटना के प्रति गहरा दुख भी प्रकट करते हुए कहा कि स्कूल ज्ञान का मंदिर होता है स्कूल में इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी।

कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक–274 दिनांक–20.07.2022 WRD/MID/KODERMA/10 F2/2022-23 Date-20.07.2022 द्वारा प्रकाशित प्रखंड सतगांवा के खवासडीह नाला पर एकल चेकडैम निर्माण कार्य से संबंधित है, जिसका पी0आर0 न0 274275. Minor Irrigation (22-23)D है, में अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
कोडरमा।

PR.NO.276095 Minor Irrigation(22-23):D

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY (JUIDCO) Ltd.
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi – 834001
Ph. No – 0651-2225878, E- Mail Id. – juidcolimited@gmail.com CIN:U45200JH2013SGC001752

Corrigendum-01

PR Ref.No: 275134
NIT No.: JUIDCO/DPR-PMC/SWM/ Domchanch/2927/2021/492
Tender ID: 2022_UDD_60527_1
Project title: Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy services for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Domchanch

| Sl. No. | Clause No./ Reference No. | As per Uploaded RFP | As per Corrigendum-01 |
|---|---|---|---|
| 1. | NIT & Timeline | Last Date & Time for submission of online bids 22.08.2022 at 17:00 Hrs. | Last Date & Time for submission of online bids 29.08.2022 at 17:00 Hrs. |
| 2. | | Last Date & Time of submission of bid security, cost of bid document 23.08.2022 at 17:00 Hrs. | Last Date & Time of submission of bid security, cost of bid document 30.08.2022 at 17:00 Hrs. |
| 3. | | Date & Time of bid opening(online) 23.08.2022 at 17:30 Hrs. | Date & Time of bid opening 30.08.2022 at 17:30 Hrs. |

Note: Corrigendum-01(including date extension) and all other information can be reffered from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e. (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-Project Director (Technical)
JUIDCO Limited, Ranchi

PR276062 (Urban Development and Housing)22-23*D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(समाज कल्याण शाखा)

आम सूचना

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित सखी– One Stop Center, Gumla तथा समेकित बाल संरक्षण योजना अर्न्तगत जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में गुमला जिला अर्न्तगत चिन्हित किये गये निम्नांकित पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र0सं0 | जिला का नाम | पद का नाम | पदो की संख्या | कार्यालय/योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | गुमला | केन्द्र प्रशासक | 01 | सखी– One Stop Center, Gumla (केवल महिलाओं के लिए) |
| | | परामर्श दाता | 01 | सखी– One Stop Center, Gumla (केवल महिलाओं के लिए) |
| | | जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी | 01 | जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला। |
| | | विधि–सह– परिविक्षा अधिकारी | 01 | |
| | | आंकड़ा विश्लेषक | 01 | |
| | | सहायक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | 01 | |
| | | सहायक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | 01 | बाल कल्याण समिति, गुमला के लिए |
| | | सहायक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | 01 | किशोर न्याय बोर्ड, गुमला के लिए |
| | | जिला योजना समन्वयक | 01 | प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना |

1. संबंधित पदो पर अर्हत्ताधारी इच्छुक आवेदक पदवार आवेदन निदेर्शिका के आलोक में अपना आवेदन समर्पित करेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10.09.2022 है। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC Portal- gumla.nic.in एवं www.recuritment.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है, अथवा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय, प्रथम तल्ला, विकास भवन, गुमला से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
गुमला

PR 276063 Welfare (22-23)_D

## पिपरवार पुलिस ने वांछित अभियुक्त अरूण को गिरफ्तार कर भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता


गिरफ्तार प्राथमिक अभियुक्त।

**पिपरवार।** पिपरवार पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर फरार चल रहे है प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी पहचान अरुण साव के रूप में हुई है। वह हजारीबाग जिले के केरेडारी थानांतर्गत साकिन बुंडू का रहने वाला है। इस बाबत पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अरुण साव कोयला चोरी के मामले में प्राथमिक अभियुक्त है और पुलिस उसे काफी दिनों से तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि जून महीने में कोयला चोरी के मामले में अरुण साव पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसे लेकर उसकी तलाश में लगातार छापामारी की जा रही है। उक्त अभियान में थाना प्रभारी के अलावा अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो, कन्हैया कुमार यादव आदि शामिल थे।

## अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज



खूंटी (आजाद सिपाही)। खनन विभाग की ओर से सोमवार को अवैध पत्थर के उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान खूंटी थाना क्षेत्र के चिकोर पुल के पास एक ट्रैक्टर पर लदा एक 100 घनफभट पत्थर बोल्डर जब्त किया गया। पत्थर खनिज को अवैध रूप से बिना परिवहन चालान के दूसरी जगह भेजा जा रहा था। पर खनन विभाग की टीम जैसे ही चिकोर पुल के पास पहुंची, ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। आसपास के ग्रामीणों से पता चला कि अवैध पत्थर का परिवहन पवन गोपद्वारा कराया जा रहा था। वह खूंटी थाना क्षेत्र के मंदरूटोली ग्राम का रहने वाला है। बताया गया पूर्व में भी खूंटी थाने में अवैध पत्थर उत्खनन को लेकर पवन गोप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। परिवहन विभाग से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि यह वाहन जेएच02 बी 9115 का मालिक तपेश्वर गोप है, जो कर्रा थाना क्षेत्र के चिनारो पुरियो गांव का रहने वाला है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## बचरा हाई स्कूल के बच्चों को मिला मास्क



पिपरवार (आजाद सिपाही)। हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से सोमवार को बचरा हाई स्कूल में सभी बच्चों के बीच मास्क का वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दाराद और विधायक प्रतिनिधि बिजय लाल ने स्कूली बच्चों और शिक्षकों के बीच मास्क का वितरण किया। इस दौरान कोविड-19 से बचने और इसके प्रति सावधानी बरतने की जानकारी दी। सांसद-विधायक प्रतिनिधियों ने कहा कि मास्क, वैक्सीन और जागरूकता से ही कोरोना संक्रमण जैसी महामारी को खत्म किया जा सकता है। वहीं डीएमएफटी फंड द्वारा नव निर्मित हाई स्कूल भवन का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद संवेदक और सुपरवाइजर को अच्छी गुणवत्ता के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर विजय लाल, ललन करमाली, छोटी देवी, बचरा स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्र पासवान, मनीष सरावगी, बिंदेश्वर रजक आदि मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन, दीपक तिग्गा बने अध्यक्ष



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के हिज चौक देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति की ओर से रविवार को हुई बैठक में पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष अरूण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से दीपक तिग्गा को अध्यक्ष, मनोज सिंह, सावन कुमार और रोहित जायसवाल को उपाध्यक्ष और बैकुंठ षाड़ंगी को महासचिव चुना गया। वहीं, भीम गुप्ता और अभिनव चौधरी कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं, जबकि मुकुल दास को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र गुप्ता और नीरज जायसवाल को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नंदू महतो और अरुण कुमार को पूजा प्रभारी, नकुल महतो और राहुल महतो को पंडाल प्रभारी व पवन जायसवाल को बस चंदा प्रभारी बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रणव जायसवाल, अजय कुमार, सुमित कुमार, अभिषेक चौधरी, विशाल कुमार भानू, प्रवीण कुमार, अभिषेक पति, भोला महतो व जयंत गुप्ता का मनोनयन किया गया है।

## विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान का उद्घाटन

खूंटी (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) खूंटी नगर की ओर से बिरसा कॉलेज में सोमवार को सदस्यता अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही अभियान की शुरूआत की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि तीन हजार से अधिक लोगों को विद्यार्थी परिषद की सदस्यता दिलायी जायेगी। परिषद के जिला संयोजक कमलेश महतो ने बताया कि एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो अपने स्थापना काल से ही आंदोलन के माध्यम से छात्र-छात्राओं और देश की विभिन्न समस्याओं के समाधान की दिशा में काम कर रहा है। रचनात्मक सेवा कार्यों में समाज में एक अलग पहचान इस संगठन ने बनाई है। इस साल सोमवार से शुरू हुआ सदस्यता अइभयान 10 सितंबर तक चलेगा। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विवेक महतो, नगर मंत्री अशोक, निशा कुमारी, सुनामी टूटी, परमानंद नाग, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, अनीशा कुमारी, फुलमनी तिडू आदि थे।

## कटकट्टा सरस्वती विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन, 300 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



खलारी (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में सोमवार को संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, तुमांग पंचायत मुखिया संतोष महली, विश्रामपुर पंचायत के मुखिया दीपमाला कुमारी एवं संकुल संयोजक अवधेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में छह विषयों पर प्रतियोगिता हुई। जिसमें संकुल के सभी विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अंग्रेजी विषय के शिशु वर्ग में प्रथम करकट्टा, द्वितीय पिपरवार एवं तृतीय स्थान पर पुरानीराय विद्यालय रहा। बाल वर्ग में प्रथम डकरा, द्वितीय पुरानीराय एवं तृतीय करकट्टा विद्यालय रहा। किशोर वर्ग में प्रथम स्थान करकट्टा, द्वितीय डकरा एवं तृतीय स्थान पुरानीराय विद्यालय रहा।

### जमीन विवाद में बुरी तरह पिटाई के बाद गला दबाकर की थी हत्या

# मूरहू में महिला की हत्याकांड का खुलासा,आरोपी युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता


हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक।

**खूंटी।** मुरहू थाना क्षेत्र के बलगी गांव निवासी खिस्टीना बोदरा की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एप्रेम सोए मुरूम के रूप में की गई है। वह बलगी गांव का ही रहने वाला था। एसपी ने इस संबंध में सोमवार की शाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुरहू थाना के बलगी निवासी एग्नासिस सोय मुरूम ने सोमवार को पुलिस के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसकी मां खिस्टीना बोदरा 15 अगस्त से लापता है। आशंका है कि अज्ञात अपराधियों द्वारा उसकी हत्या कर शव को बलगी खाई में फेंक दिया गया है। आवेदन के आधार पर मुरहू थाने में मामला दर्ज किया गया। जिसका उद्‌भेदन एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी अमन कुमार के निर्देश पर मुरहू के थाना प्रभारी पंकज कुमार दास के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अनुसंधान के क्रम में हत्या के आरोपित एप्रेम सोय मुरूम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के समक्ष आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसने बताया कि लात-घूंसे से मारकर के बाद गला दबाकर खिस्टीना की हत्या कर दी थी। उसने यह भी बताया कि हत्या का कारण भूमि विवाद था। वहीं, छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक बिट्टू रजक, पुलिस अवर निरीक्षक बलराम कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

## बिरसा कॉलेज में स्नातक रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों दी गयी विदाई



खूंटी (आजाद सिपाही)। स्थानीय बिरसा कॉलेज के रसायन शास्त्र विभाग में स्नातक रसायन प्रतिष्ठा के छात्र-छात्राओं की ओर से सोमवार को समोराह आयोजित कर सत्र 2019-22 के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। कॉलेज की प्राचार्या प्रो जी कीड़ो और अन्य शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस मौके पर डॉ पी सुरीन, राज कुमार गुप्ता, प्रो मंजुषा पूर्ति, प्रो रूबी किरण, प्रो शिल्पी के अलावा पम्मी मिश्रा, श्रावणी, प्रिया, शिखा भारती, प्रियंका, राहुल देव आदि थे।

## मैकलुस्कीगंज पुलिस ने पीएलएफआइ सदस्य को किया गिरफ्तार, रंगदारी मांगने का आरोप

**आरोपित के खिलाफ थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज, पुलिस ने बाइक व तीन हजार रुपये भी किया बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज पुलिस ने बाजार टॉड रामनगर निवासी अजय केशरी से रंगदारी मांगने वाले पीएलएफआई उग्रवादी गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान गौतम यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अजय केशरी ने थाना में एक लिखित आवेदन दिया था। जिसमें बताया था कि 21 अगस्त की शाम 5.30 बजे बाजारटाइ स्थित अपनी मोबाईल की दुकान पर बैठा था, तभी बाईक से गौतम यादव एवं ललन यादव नामक युवक उसके पास पहुंचे और जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी की मांग करने लगे। इस दौरान धक्का-मुक्की करते हुए दुकान के कैश काउन्टर में रखे तीन हजार रुपये निकालकर चले गये। दूसरी ओर, उक्त कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी एवं रंगदारी में लिये गये रुपये की बरामदगी के लिए रांची पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आरोपित गौतम यादव उर्फ गोल्डन को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक और रंगदारी के तीन हजार रुपये भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस की मानें तो गिरफ्तार गौतम यादव उर्फ गोल्डन पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य है और पूर्व में कई कांडों में जेल जा चुका है। उधर, उक्त कांड में फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। वहीं, छापामारी दल में मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, सअनि गिरिवर महतो आदि जवान शामिल थे।

## स्कूल चालू कराने की मांग को लेकर प्रबधंन को ज्ञापन सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** रैयत विस्थापित मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय से मिला। मोर्चा द्वारा कल्याणपुर स्थित न्यू बिजैन में बंद पड़े डीएवी स्कूल को जल्द चालू करने की मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि चार मई 2015 को केंद्रीय कोयला मंत्री द्वारा डीएवी भवन का उद्घाटन किया गया था। लेकिन सात साल बीत जाने के बावजूद डीएवी स्कूल खुलने की बांट जोह रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अच्छी शिक्षा के लिए 15-20 किलोमीटर दूर बचरा, डकरा, खलारी, टंडवा जाने को मजबूर हैं। मोर्चा की ओर से कई बार डीएवी स्कूल को खोलने की मांग को लेकर आंदोलन की जा रही है जिस कारण विगत दिनों निर्देशक स्वतंत्र प्रभार जोजिला गौरी, यूनियन प्रतिनिधि व पिछले सप्ताह सीसीएल हेडक्वाटर की टीम ने आकर डीएवी भवन का निरीक्षण किया और स्कूल चालू करने का भरोसा दिया। इधर महाप्रबंधक ने कहा कि डीएवी चालू जल्द हो इसके लिए वे लोग भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। एरिया स्तर से सीसीएल मुख्यालय तक निरंतर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही स्कूल चालू होगा एवं सभी विस्थापित ग्रामीणों के बच्चों को अच्छी शिक्षा का सपना पूरा होगा। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सह आरएंडआर कमेटी मेंबर इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, मो असलम, कुलदीप राम, वीरू मुंडा, इदरीश अंसारी, सूरज मुंडा, राजेश महतो, सुरेश महतो, इंद्रजीत उरांव, सदाम हुसैन, फैयाज खान, रोहन महतो, इमरान आलम आदि मौजूद थे।

## भारत और ब्रिटेन के एकजुट प्रयास गांवों के समग्र विकास का बनेंगें सूत्रधार : निकोलस

**ब्रिटिश उच्चायुक्त व उप उच्चायुक्त ने किया नक्सल प्रभावित गोइलकेरा का दौरा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस और उप उच्चायुक्त निकोलस लाने ने सोमवार को रनिया प्रखंड के डाहू पंचायत अंतर्गत नक्सल प्रभावित गोइलकेरा गांव का दौरा किया। उनके साथ डीसी शशि रंजन, एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह आदि मौजूद थे। गांव में परंपरागत तरीके से महिलाओं ने ब्रिटिश उच्चायुक्त व सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित बैठक में जलवायु परिवर्तन और लोगों के जीवन और आजीविका के प्रति क्षेत्र के लोगों के दृष्टिकोण पर चर्चा की गयी। ग्राम के समग्र विकास को लेकर फिया फाउंडेशन और जिला प्रशासन के समर्थन, प्रयासों और आगे की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से खुशहाली आयेगी। उन्होंने तेजस्विनी की बच्चियों के गीत एवं महिलाओं के आत्मविश्वास को सराहा। कहा कि भारत और ब्रिटेन के एकजुट प्रयास ग्रामीणों के समग्र विकास का सूत्रधार बनेंगे। हमें इसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, जिससे हर व्यक्ति स्वावलंबन और आत्मविश्वास को सिद्ध कर सके। हम अपने गांव और अपने श्रम से आत्मनिर्भर जीवन की ओर कदम बढ़ायेंगे। उच्चायुक्त ने कहा कि ब्रिटिश और भारत सरकार द्वारा देश के 13 राज्यों में कई महत्वकांक्षी योजनाएं चलायी जा रही है। आनेवाले वर्षों में दशा और दिशा में परिवर्तन आएगा। इसके लिए भारत और ब्रिटिश सरकार के बीच एक साझा कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसका असर जल्द लोगों में देखने को मिलेगा। वहीं, ब्रिटिश उप उच्चायुक्त निकोलस लो ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं जलवायु परिवर्तन के संबंध में बताया। उन्होंने शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में किये गए प्रयासों की जानकारी दी। इन कार्यो को सफल रूप प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन, प्रदान और सखी मण्डल की दीदियों के साथ जनसामान्य की सराहना की है। उन्होंने महिला किसानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दीदियों ने ग्रामीणों को अपने हित के लिए जागरूक बनने की राह दिखाई। इस दौरान जेएसएलपीएस की दीदियों, ग्रामीण एवं तेजस्विनी की अनिता कुमारी समेत अन्य ग्रामीणों ने अपने विचार रखें एवं समस्याओं के संबंध में भी जानकारी दी। बताया कि विपणन और व्यापार की आवश्यकता के आधार की चर्चा की गई। इस दौरान संभावित सूखे पर भी ध्यान आकृष्ट किया गया।

### भारी बारिश से ध्वस्त पुलों का विधायक ने किया निरीक्षण

# क्षतिग्रस्त पुलों की जल्द शुरू हो मरम्मति : नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता


क्षतिग्रस्त पुलों का निरीक्षण करते विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा व अन्य।

**खूंटी।** खूंटी एवं आसपास क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के कारण कर्रा प्रखंड के बमरजा का पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। इसके आलावा कर्रा के ही खरतंगा का पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया था। खूंटी विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र का दौरा कर ध्वस्त पूलों का निरीक्षण किया। विधायक ने बताया कि पुल बह जाने से ग्रामीणों और आसपास के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूरा इलाका अन्य क्षेत्रों से कट गया है। क्षेत्र में टापू जैसे हालात उत्पन्न हो गए है। इस दौरान विधायक खरतंगा भी गए, जहां पानी के तेज बहाव के कारण पूल में दरार आ गई है। विधायक मुंडा ने झारखंड सरकार एवं खूंटी जिला प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त पुलों की मरम्मत कराई जाए और पानी के तेज बहाव के कारण जो पुल बह गए हैं, उनकी यथाशीघ्र नवनिर्माण कराया जाए, ताकि आम लोगों को हो रही समस्याओं से निजात दिलाई जा सके

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खलारी बीडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक, दिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश



खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक हुई। जिसमें बीडीओ ने उपस्थित बीएलओ को प्रपत्र 6बी, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो से रंगीन फोटो प्रतिस्थापित करने एवं विशेष संक्षिप्त पुनःनिरीक्षण कार्यक्रम 2023 से संबंधित जानकारी दी। साथ ही उन्होंने मतदाता पहचान पत्र को प्रमाणीकरण के लिए खलारी प्रखंड के सभी मतदाताओं से अपने वोटर आइकार्ड को आधार कार्ड से अनिवार्य रूप से लिंक करवाने कि अपील की। लगे हाथ उन्होंने बताया कि खलारी प्रखंड में 54026 मतदाता हैं, जिसमें अबतक 5156 मतदाता ही आधार से लिंक हुए है। बैठक में बीएलओ पर्यवेक्षक आदित्यनाथ झा, बीएलओ पर्यवेक्षक महावीर महतो, बीएलओ पर्यवेक्षक मन्ना टाना भगत, बीएलओ पर्यवेक्षक भुनेश्वर साहू और कंप्यूटर ऑपरेटर योगेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### जेबीसीसीआइ की बैठक में रखे जायेंगें मुद्दे : गिरिनाथ



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा स्थित एनके एरिया वीआईपी सभागार में सोमवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय कार्यकारणी समिति की बैठक व आमसभा आयोजित हुई। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री राघवन रघुनंदन, सीसीएल के सेफटी बोर्ड के सदस्य खुशीलाल महतो एवं सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य रंजीत पांडेय उपस्थित थे। केंद्रीय अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना काल में सारा कार्यक्रम स्थगित था हमलोग वर्चुअल बैठक करते रहे पर जो रिजल्ट आना था वह नही आया। आज यहां कोल फील्ड मजदूर यूनियन के पदाधिकारिगण, यूनियन के साथी आये हुए है। सभी अपनी व्यथा को बता रहे है और कंपनी की खामियों को भी बता रहे है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में उठाए गए मुद्दों को जेबीसीसीआई की बैठक में उठाया जायेगा। 11वां वेतन समझौता होने को है। ऐसे में सभी यूनियन के लोगों द्वारा जो प्रस्ताव दिया गया उसका परिणाम अच्छा आयेगा। इस बैठक को राघवन रघुनंदन, विनय सिंह मानकी, नागेश्वर सिंह, भीम सिंह यादव, चंद्रशेखर सिंह, पंकज जयसवाल, मिथिलेश सिंह, रणजीत पांडेय, खुशीलाल महतो, उदय कुमार सिंह, अशोक गुप्ता, जनाब वाहिद, ध्वजा राम धोबी, जगन्नाथ साहू आदि ने भी संबोधित किया। वहीं, इस मौके पर इस्लाम अनसारी, रमेश चौहान, राजेंद्र चौहान, जयमंगल सिंह आदि थे।

### कोल इंडिया अभियंता संघ ने राघवन को सौंपा ज्ञापन

खलारी (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया अभियंता संघ एनके एरिया के प्रतिनिधियों ने जेबीसीसीआई सदस्य राघवन रघुनंदन को 8 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें 1993 से पूर्व नियुक्त हुए डिप्लोमा अभियंताओं की तरह ग्रेड में पदोन्नति करने, फिक्सेशन का लाभ देने, ग्रेड ए में 3 वर्ष पूरे होने पर अधिकारी वर्ग ई 6 में प्रोन्नति करने आदि शामिल है। मौके पर संयुक्त सचिव सोमनाथ मलिक, विनोद कुमार आदि थे।

## फर्जी लेटर पैड बनाने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई : विहिप

खलारी (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रांची जिला के मंत्री रोबिन कुमार व बजरंग दल रांची जिला के सह संयोजक विनोद विश्वकर्मा ने सोमवार को संयुक्त प्रेस बयान जारी कर कहा कि रांची जिले के कई प्रखंडों में कुछ स्वार्थी लोग विहिप-बजरंग दल के नाम से फर्जी लेटर पैड बनाकर खुद से विहिप बजरंग दल के दायित्व में होने का फर्जी दावा कर रहे है। ऐसे लोग भोलेभाले हिंदू समाज को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। कहा कि जो लोग संगठन की मर्यादा और अनुशासन को न ही जानते और न ही मानते वैसे लोग विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता नहीं हो सकते। ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विहिप बजरंग दल एक राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी समाज व प्रशासनिक क्षेत्र में एक अलग पहचान व प्रतिष्ठा है। आज देश भर में अपराधी व दागी किस्म के शरारती तत्व खुद को ऐसे राष्ट्रभक्त एवं सामाजिक, धार्मिक संगठनों से जोड़कर अपने को सुरक्षित महसूस करते हैं और संगठन की आड़ में प्रतिष्ठित करने का कार्य करते हैं।

## आर्या वर्मा ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड जीकर खलारी का नाम किया रोशन



खलारी (आजाद सिपाही)। रोहिणी कॉलोनी के एक सीसीएलकर्मी की बेटी आर्या वर्मा ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर खलारी कोयलांचल का नाम रोशन किया है। आर्या के पिता रितेश वर्मा सीसीएल के एनके एरिया क्षेत्र के रोहिणी परियोजना के ईएंडएम विभाग में कर्यरत है। माता का नाम मनीषा रंजन है जो गृहिणी है। पिता रितेश वर्मा ने बताया कि आर्या उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल की नौंवी कक्षा की छात्रा है और अभी एक साल से कराटे सीख रही थी। आर्या कराटे सीखने के लिए पतरातू जाती है। इंर्स्टक्टर प्रमोद पाठक एवं विकास पाठक से कराटे का बारीकियां सिख रही है। बताया कि शिमला में 13 एवं 14 अगस्त को नेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमे देश के विभिन्न राज्यो से लगभग 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप में आर्या वर्मा ने कराटे में 40 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। वहीं रविवार को पतरातू में आर्या वर्मा को नमामि गंगे के सचिव विंदभूषण दूबे की ओर से सम्मानित किया गया। आर्या के गोल्ड मेडल जीतने पर धमधमिया सहित सभी कोयलांचल वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## आजसू पार्टी ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**जर्जर बुण्डू-राहे पथ की शीघ्र मरम्मति कराने की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** आजसू पार्टी रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल (ग्रामीण) रांची के कार्यपालक अभियंता के नाम से बुण्डू-राहे पथ की जर्जर अवस्था की यथाशीघ्र पुनः निर्माण हेतु ज्ञापन उनके कार्यालय में जाकर दिया। कार्यपालक अभियंता की अनुपस्थिति पर उनके कार्यालय के कर्मचारी द्वारा रिसिव किया गया। ततपश्चात आजसू पार्टी रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर से कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात हुई। सभी बातें सुनने के बाद कार्यपालक अभियंता ने कहा कि बुण्डू ताऊ मोड़ के तीन मुहाने से डामारी मोड़ जो कि अत्यंत खराब हो गया है उसे पांच दिनों के अन्दर रिपेयर कर वाहन चलने के लायक कर दिया जाएगा एवं बुण्डू-राहे पथ के पुनः निर्माण का प्रोपजल सरकार के पास भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य चालू कर दिया जाएगा।

आजसू नेता राजकिशोर कुशवाहा ने कहा अगर यथाशीघ्र राहे-बुण्डू जर्जर पथ का पुनःनिर्माण कर सुधार नहीं किया गया तो आजसू पार्टी द्वारा उक्त पथ को अनिश्चितकालीन जाम किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में आजसू पार्टी रांची जिला समिति के सचिव ताराचंद सिंह मुण्डा, आजसू पार्टी बुण्डू प्रखण्ड कोषाध्यक्ष गोवर्धन मछुवा, उपाध्यक्ष उपेन्द्र महतो, आजसू पार्टी बुण्डू नगर के सचिव आशुतोष महतो, गोवर्धन उरांव एवं अज्जू पाटनी शामिल थे। ज्ञापन पर जिप सदस्या परमेश्वरी सान्डिल, ताऊ मुखिया रोशनी लंग सहित सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर भेजे हैं।

## 15 दिनों से लापता बालक का कोई सुराग नहीं



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली लोटा निवासी राजीव गोराई (17) पिछले 8 अगस्त दिन सोमवार से अपने घर से लापता है। इन 15 दिनों में अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। परिजनों ने कहा पता बताने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा। ज्ञात हो कि इस संबंध में उसके पिता मनोहर गोराई ने सिल्ली थाना में एक सन्हा भी दर्ज कराया है। किसी बात को लेकर राजीव को डांट फटकार की गयी थी। इसी में राजीव किसी के बहकावे पर घर से निकल गया। घर से जाने के पूर्व वह लाल रंग का टीशर्ट एवं काला रंग का ट्रैक सूट पहना हुआ था। उसका रंग सांवला है एवं शरीर पतला दुबला है। लंबाई लगभग उसका 5 फुट है। इन 15 दिनों से कोई आता पता नहीं मिलने से माता सरिता देवी, दीदी सुषमा एवं नेहा भी काफी चिंतित हैं। परिजनों ने इस मोबाइल नं. 9113372029, पर सूचना देने व पता बताने वाले को उचित इनाम देने की बात कही है।

## सहायक अध्यापक संघ ने शहीद मुनेश्वर सिंह को शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में राजकिशोर महतो प्रेदश कोर कमेटी सदस्य की अगुवाई में शहीद मुनेश्वर सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि अपने हक और अधिकार की लड़ाई में पूर्व सरकार के प्रशासन ने एक गुरुजी को पीट-पीट कर रांची में मार डाला था। मुनेश्वर दा बहुत ही ईमानदार कुशल नेतृत्वकर्ता थे। श्रद्धांजलि सभा में सहायक अध्यापक राजकिशोर महतो, दशरथ ठाकुर, कैलाश प्रसाद, चन्द्रकिशोर सिंह मुंडा, अशोक गौतम, पवन कुमार, संजय महतो, रमेश, नीलकांत महतो, पूर्णशशि चौधरी आदि सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## कच्छप ब्रदर्स के बैनर तले तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केसारो गांव स्थित केसारो मैदान में कच्छप ब्रदर्स के बैनर तले सोमवार को तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 16 टीमें भाग ले रही हैं। मौके पर उद्घाटन मैच कच्छप ब्रदर्स केसारो और न्यू स्टार भासनंदा बेड़ो के बीच खेला गया। जिसमें कच्छप ब्रदर्स केसारो ने न्यू स्टार भासनंदा बेड़ो की टीम एक गोल से हराकर उद्घाटन मैच की विजेता बनी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगड़ी प्रखंड प्रमुख मधु कच्छप एवं विशिष्ट अतिथि एड़चोरो पंचायत के मुखिया परना उरांव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और फुटबाल किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मौके पर मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन सुनील कच्छप ने किया। मौके पर अध्यक्ष भुजा कच्छप, सचिव प्रदीप कच्छप, कोषाध्यक्ष विकास कच्छप, सुनील मिंज, विकी कच्छप, घसिया महतो, बिरसा प्रधान, डेविड तिर्की सहित कच्छप ब्रदर्स के दर्जनों सदस्य और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सामाजिक संस्था सेवा भारती के सदस्यों ने नगड़ी जल मीनार परिसर में किया पौधरोपण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड की सामाजिक संस्था सेवा भारती के द्वारा सोमवार को नगड़ी मेला स्थित नगड़ी जल मीनार परिसर में समिति के सदस्यों द्वारा पौधरोपण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से नगड़ी पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव, शशि भूषण भगत, हेमंत केसरी, विनोद भंडारी, रघुवंश ठाकुर, अनिल चौधरी, प्रकाश महतो, ललित केसरी, दीपक केसरी, बबलू महतो, संजय सोनी, दीपक केसरी, देवानंद चौधरी, सुमित चौधरी, टोनी केसरी, अमर केसरी, निवास चौधरी, धीरज चौधरी ने संयुक्त रूप से दर्जनों छायादार और फलदार वृक्षों का पौधरोपण किया। साथ साथ संकल्प लिया कि प्रत्येक महीना पौधों का रोपण के साथ-साथ रखरखाव पर भी विशेष अभियान जाएगा।

## पुलिस ने लूटकांड के आरोपियों को भेजा जेल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी पुलिस ने सोमवार को कुटे निवासी मो. हसन अंसारी व इरबा निवासी इसराइल खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों के उपर सिकिदिरी थाने में कैमरा लूटने को लेकर 20 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**परेशानी : आजसू के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने दी आंदोलन की चेतावनी**

# खस्ताहाल हुई अनगड़ा के बोंगईबेड़ा पंचायत के ग्रामीण सड़कों की हालत

**अनगड़ा के घोड़लतवा से गवरबेड़ा रोड पर पैदल चलने से भी कतराते हैं ग्रामीण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** इन दिनों प्रखण्ड के बोंगईबेड़ा पंचायत की सड़कों का बुरा हाल है। स्थिति यह है कि इन सड़कों पर पैदल चलना भी दुभर हो गया है। पंचायत के घोड़लतवा, सिरपा, गवरबेड़ा होते हुए हेसलाबेड़ा मेढ़ा तक जाने वाली सड़क पर जगह-जगह सड़क किनारे होल बन गया है तथा कई जगह अंदर से मिट्टी का धंसान हो रहा है। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की आशंका से क्षेत्र के ग्रामीण काफी भयभीत और सशंकित हैं। घोड़लतवा से गवरबेड़ा रोड की हालत तो बेहद खराब हो चुकी है। इस सड़क पर पैदल चलने से भी ग्रामीण कतराते हैं। हालत इतनी जर्जर है कि पक्की सड़क का अस्तित्व हीं खत्म हो चुका है तथा जगह-जगह बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं।

सोमवार को आजसू के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने क्षेत्र भ्रमण कर इन जर्जर सड़कों का जायजा लिया। कहा कि इन सड़कों की हालत ऐसी हो गई है कि इसमे वाहन तो क्या बैलगाड़ी भी नहीं चल सकती है। प्रकाश लकड़ा ने जनहित को देखते हुए राज्य सरकार से अति शीघ्र इन जर्जर हो चुकी ग्रामीण सड़कों को दुरूस्त कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि अविलंब सड़कों के जीर्णोद्धार को लेकर कोई ठोस कारवाई नहीं की गई तो बाध्य होकर प्रखण्ड मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

## रातू काठीटांड़ में युवक का नंगधडंग शव बरामद

**सिर व पीठ पर है गंभीर चोट, विक्षिप्त होने की आशंका**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रातू।** थाना क्षेत्र के रातू काठी टांड स्थित दुर्गा उरांव के घर के आंगन से पुलिस ने सोमवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। शव पूरी तरह से नग्न अवस्था मे है। युवक के सिर व पीठ पर गंभीर चोट के निशान हैं। युवक का उम्र लगभग 30 से 35 साल की होगी। घटना की जानकारी मिलने ही घटनास्थल पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक की पहचान करायी परंतु उसकी पहचान नहीं हो पायी है।

डीएसपी प्रवीन कुमार सिंह भी घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक घर मालिक दुर्गा उरांव ने रोजाना की तरह सुबह 5 बजे पेपर लेने के लिए घर का दरवाजा खोला तो आंगन में एक युवक को औंधे मुंह गिरा हुआ पाया। उसके सिर से खून बह रहा था। आनन फानन में वह रातू थाना पहुंचा व पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस अगल बगल के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

वहीं एफएसएल की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। कॉल डंप के जरिये मामले की तहकीकात की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। वहीं मामले को लेकर घर मालिक दुर्गा उरांव के बयान पर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया है।

आशंका जतायी जा रही है कि युवक विक्षिप्त है। बगल के घर में लगी सीढ़ी चढ़ने के दौरान दुर्गा के घर के आंगन के नीचे गिर गया होगा। सिर पर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गयी होगी।

## युवा समाजसेवी उपेंद्र मेहता की माता के निधन पर शोक व्यक्त



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** पिस्कानगड़ी के रेलवे स्टेशन निवासी युवा समाजसेवी उपेंद्र मेहता की माता तथा नारो पंचायत समिति सदस्य की सास सुधा देवी जो क्षेत्र की एक धर्मभीरु महिला थी रविवार की रात्रि लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन बेटे- बेटियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गयीं। उनके निधन से जेएमएम के केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी, तपेश्वर केशरी, बजरंग महतो, केदार महतो, प्रेमसागर महतो, बिनोद तिर्की, राजेन्द्र महतो, दिनेश महतो, धीरज मेहता, मनीष कुमार केसरी सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## अभाविप नगड़ी इकाई ने चलाया सदस्यता अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



पिस्कानगड़ी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगड़ी इकाई के द्वारा सोमवार को संत जगत ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह भारत के साथ-साथ अन्य देशों के छात्रों को ज्ञान शील और एकता जैसे मूल मंत्रों के साथ राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संदेश देता है। अभिविप के द्वारा पूरे देश भर के शिक्षण संस्थानों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 5 सितंबर तक चलेगा। अभाविप छात्राएं बहनों को एक सुरक्षित वातावरण देने का काम करता है। अलग-अलग प्रतिभाओं वाले छात्रों को मंच देने का काम करता है। इस प्रकार अभाविप छात्र हित के साथ ही साथ समाज हित के लिए भी कार्य करता है। सदस्यता अभियान में नगड़ी नगर इकाई के अध्यक्ष शिव चौधरी, नगर मंत्री बबलू कुमार, मीडिया प्रभारी सोनू कुमार, प्रतिक कुमार, सूरज चौधरी, हर्ष कुमार आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना का दिया गया प्रशिक्षण**

## संयोजिका, रसोइया, सहायिका व सीआरपी-बीआरपी को दिया गया प्रशिक्षण

**पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना में लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : बीआरपी लालकेश्वर यादव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संयोजिका सह रसोईया सह सहायिका तथा सीआरपी बीआरपी को प्रशिक्षण दिया गया। एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के दौरान बीआरपी लालकेश्वर यादव ने कहा कि पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना में लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मास्टर ट्रेनर बीआरपी बबलू कुमार महतो और संयोजिका शशिकला देवी ने सभी संकुल के एक एक संयोजिका सह रसोईया और बीआरपी सीआरपी को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण दिया।

इस मौके पर शशिकला देवी ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के आवश्यक घटकों सरस्वती वाहिनी माता समिति पौष्टिक भोजन पीएम पोषण कार्यक्रम की रूपरेखा तथा पाठशाला की व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिड डे मील के लिए अनाज के उठाव, उसकी रखरखाव तथा आय-व्यय का लेखा-जोखा से संबंधित कार्य करने की कुशलता प्रत्येक संयोजिका तथा रसोईया को होनी चाहिए। उन्होंने सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के गठन से लेकर कार्य एवं दायित्व के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं बबलु कुमार महतो तथा रेशम शाहदेव ने अलग अलग कहा कि प्रत्येक विद्यालय परिसर में किचन गार्डन की स्थापना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में किचन गार्डन की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करें। इससे बच्चों को विद्यालय परिसर से ही उगायी जाने वाली हरी सब्जियां तथा पौष्टिक आहार मिल सकेगा। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 तथा मध्याह्न भोजन अधिनियम 2015 का अनुपालन करने संबंधी जानकारी दी। कहा कि सभी रसोईया और संयोजिका एप्रोन पहनकर ही बच्चों के लिए पौष्टिक तथा स्वादिष्ट भोजन बनाना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान सुरक्षा और सावधानी बेहद जरूरी है।

मौके पर बीआरपी रेशम शाहदेव के अलावे सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चन्द्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, संयोजिका सरिता देवी, बसंती देवी, वीणा देवी, कलावती देवी, सुभानी होरो, बेरोनिका सांगा, संध्या हेरेंज, महोदरी देवी, बुधनी भगताईन, झिमरी मुंडाईन सहित कई रसोईया संयोजिका मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पिठोरिया में झारखंड की चर्चित नागपुरी फिल्म दहलीज के विलेज सिनेमा के सफर की शुरुआत



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया में सोमवार को झारखंड की चर्चित नागपुरी फिल्म दहलीज के विलेज सिनेमा के सफर की शुरुआत ऐतिहासिक स्थल पिठोरिया-सुतियांबे से की गयी। उद्घाटन पिठोरिया थाना प्रभारी रविशंकर और मुखिया मुन्नी देवी के द्वारा नागपुरी भाषाविद् डॉ बीपी केशरी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और फीता काट कर किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि पिठोरिया जैसी जगह से विलेज सिनेमा की शुरुआत अच्छी पहल है। मुखिया मुनी देवी ने कहा कि ऐसे ही विलेज सिनेमा से झारखंड की क्षेत्रीय भाषा की फिल्म अपने ग्रामीण दर्शकों तक पहुंचेगी। फिल्म 22 अगस्त से लेकर 28 अगस्त तक दुर्गा मंदिर के सामने चलेगी। कम कीमत पर गांव-गांव के दर्शकों तक इस फिल्म को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पावन मौके पर फिल्म के प्रोड्यूसर वाईके मिश्रा, निर्देशक पुरुषोत्तम कुमार, सहयोगी रंगकर्मी अनिल ठाकुर, नागपुरी संस्थान के सचिव सुजीत कुमार केसरी, प्रेम मंदिर उच्च विद्यालय के निदेशक दीपक चौरसिया, पंचायत समिति सदस्य श्रवण कुमार, उप मुखिया राम लखन मुरली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ता बीरबल साहू के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ता बीरबल साहू ने हेल्थ पॉइंट अस्पताल में अन्तिम सांसे ली। 18 अगस्त को ब्रेन हेमरेज हो जाने के कारण उन्हें हेल्थ पॉइन्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार 4 बजे के आसपास अस्पताल द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। बीरबल साहू की मृत्यु की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृत्यु की खबर सुनकर राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, मुन्तजिर अहमद रजा, रणधीर चौधरी, मीडिया प्रभारी राजकिशोर साहू, अलखनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, विक्रांत तिवारी, भाजपा मंडल ओरमांझी के सभी सदस्य शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाने पहुंचे। अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

## रातू में मुखिया समन्वय समिति का गठन, सुखदेव अध्यक्ष व सचिव बने कमल खलखो



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलता स्थित सोडा फाउंटेन में सोमवार को प्रखंड के 20 मुखियाओं की बैठक आयोजित की गई। लहना पंचायत के मुखिया मेरी भगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रातू प्रखंड मुखिया समन्व समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसमिति से तिगरा पंचायत के मुखिया सुखदेव उरांव को अध्यक्ष व हुरहुरी मुखिया कमल खलखो को सचिव चुन लिया गया। इसके अलावा पुरियों मुखिया ज्योति भगत को कोषाध्यक्ष व चटकपुर मुखिया बिक्की लोहरा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। समन्व समिति के कार्यकारिणी सदस्यो का चयन 23 सितबंर को किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगत ने किया। कार्यक्रम में सभी पंचायतो के मुखिया उपस्थित थे।

## ओरमांझी पंचायत में हुआ जल सहिया का चयन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी में ग्रामीणों की उपस्थिति में 22 अगस्त को जल सहिया का चयन किया गया। जल सहिया के लिए छह महिलाओं ने नामांकन किया था। जल सहिया के लिए लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, बबीता देवी, काजल देवी, बेबी देवी, किरण देवी ने अपने नाम का प्रस्ताव ग्रामीणों के समक्ष रखा। ग्रामीणों की उपस्थिति में वोटिंग व गिनती करायी गयी। लक्ष्मी देवी को 5, बबीता देवी को 14, पूनम देवी को 38, काजल देवी को 61, जबकि बेबी देवी और किरण देवी को 115 बराबर वोट प्राप्त हुए। ग्रामीणों की सहमति से टॉस कराया गया। जिसमें बेबी देवी ओरमांझी पंचायत की नई जल सहिया चुनी गई। इस अवसर पर मुखिया दीपक बड़ाइक, ग्राम प्रधान दीन दयाल लोहार, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, रामकुमार महतो, रोहन वर्मन सहित सभी वार्ड सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

## विशालकाय बरगद का पेड़ गिरने से घर क्षतिग्रस्त, एक बच्ची घायल

बुढ़मू/ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव में सोमवार को बिजली का तार खींचने के क्रम में एक विशालकाय बरगद पेड़ घर में गिर गया। जिससे घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार बरौदी गांव में 11 हजार वोल्ट तार बरगद पेड़ से होकर गुजर रहा था। सोमवार को ग्रामीणों द्वारा पेड़ के डाल की कटाई की जा रही थी, इसी क्रम में बरगद पेड़ पूरी तरह से गिर गया। जिससे सोहराई महली का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घर के बगल में खड़ी फागु महली की पुत्री को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मुखिया दशरश उरांव, पंसस भुनेश्वर साहू ने पीड़ित परिवारों से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिया। वहीं सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी ने कहा कि जल्द ही सरकार से मुआवजा दिलाया जाएगा।

## डीसी ने अनियमितता बरतने के आरोप में दो पीडीएस दुकानों का लाइसेंस किया रद्द

**इटकी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रांची ने अनियमितता बरतने के आरोप में इटकी के दो जन वितरण दुकानदारों का लाइसेंस रद्द कर दिया है। इसमें मो. कलाम और मो. मोइनउदीन नामक पीडीएस दुकान संचालक शामिल हैं। मो. कमाल के जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति संख्या 09/2017 जबकि मो. मोइनुद्दीन जन वितरण दुकान अनुज्ञप्ति संख्या 45/84 को अनियमितता बरतने के आरोप में उपायुक्त ने रद्द किया है। इधर सोमवार को जनसेवक हेमन्त एक्का ने प्रखंड के पीडीएस गोदाम का कार्यभार संभाल लिया है। उक्त जानकारी देते हुए सीओ सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि प्रखण्ड के पीडीएस गोदाम को आउटसोर्सिगं के तहत चलाने का समय सीमा अवधि समाप्त हो जाने के कारण एजीएम पदभार ग्रहण कर हेमन्त एक्का ने गोदाम का कार्यभार संभाला है।

# सभी बच्चों का विद्यालय स्तर पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें : डीसी

## डीसी ने कई योजनाओं की समीक्षा बैठक की




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने सोमवार को अपर समाहर्ता,पेयजल विभाग कार्यपालक अभियंता, कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी,शिक्षा पदाधिकारी व जिले के सभी बीडीओ-सीओ के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन करने से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गयी।इस दौरान उपायुक्त ने पीएम किसान,अमृत सरोवर, विद्यालय स्तर पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित विस्तृत चर्चा की।

### सभी बच्चों का विद्यालय स्तर पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

जिले के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का जाति प्रमाण पत्र उनके स्कूलों में ही बनवाया जाना है ऐसे में सभी बीडीओ, सीओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व संबंधित स्कूल के प्रिंसिपल आपस में बैठक कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें.उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र का फॉर्म सभी स्कूलों में उपलब्ध करा दिया गया है ऐसे में सभी संबंधित स्कूल के प्रिंसिपल बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में लगने वाले आवश्यक दस्तावेज की पूरी जानकारी व फॉर्म भरने में सहयोग करने एवं इसके पश्चात सभी दस्तावेजों को टैग किए हुए प्रज्ञा केंद्रों को सौंप कर बच्चों का प्रमाण पत्र निर्गत करवाने की बात कही।

### पीएम किसान में शतप्रतिशत ई-केवॉइसी व लैंड रिकॉर्ड अपग्रडेशन कराने के निर्देश

बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने पीएम किसान में ई-केवॉइसी की समीक्षा की।उन्होंने पीएम किसान में शतप्रतिशत ई-केवॉइसी करने पर बल दिया साथ ही सभी सीओ को किसानों का लैंड रिकॉड अपडेशन कराने की भी बात कही।इसी तरह उन्होंने म्यूटेशन के मामलों को बिना ठोस कारण के रिजेक्ट ना करने हेतु सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित किया।उन्होंने सहकारिता पदाधिकारी को झारखंड फसल राहत योजना में किसानों का अधिक से अधिक निबंधन कराने की बात कही।वहीं ग्रामीण विकास द्वारा संचालित आवास व मनरेगा के योजनाओं को ससमय पूर्ण करने की बात कही।

# पार्टी के उदासीन रवैये के कारण कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद के कांग्रेस नगर अध्यक्ष मुन्ना कुमार देव ने सोमवार को शहर के रुद्रा होटल में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पार्टी छोड़ने का एलान किया है। प्रेस बयान में उन्होंने बताया कहा कि कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष के उदासीन रवैया सहित अन्य कारण से नाराज होकर पद व पार्टी सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हु। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है कि गठबंधन की सरकार में रहते हुए भी कांग्रेस कार्यकर्ताओ को सुख दुःख में कोई सहयोग नही मिलता है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने के बाद से काफी उत्साह,कर्मठता व वफादारी के साथ संगठन को मजबूती देने का कार्य करता रहा।लेकिन पार्टी द्वारा क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर मुखर ना होने के कारण हताश व हतोत्साहित महसुस कर रहा हु।उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार में रहते हुए भी कांग्रेस कार्यकताओं को सुख-दुख में पार्टी द्वारा कोई सहयोग नही मिलता।इन सभी कारणों से कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हुँ।

# महापौर ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

## बालू के कारण विकास बाधित हो रहा है : अरुणा शंकर




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर उप महापौर मंगल सिंह एवं संबंधित वार्ड पार्षद अहिल्यादेवी, सुशीला देवी, लालबाबू, हंसमु निशा, कमाल खान, नईमां बीवी ने मिलकर वार्ड नंबर 2,9,20,23 , 26,28 में कई नाली एवं रोड जो लगभग डेढ़ करोड़ का होगा का शिलान्यास किया। महापौर ने शिलान्यास करते हुए कहा बालू के अभाव में कई छोटे से लेकर बड़े कार्य बाधित है। निगम में लगभग 50 करोड़ की योजना तैयार है जिसे सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति के साथ फंड भी उपलब्ध करा लिया गया है लेकिन बालू के चलते कार्य का शुभारंभ नहीं किया जा रहा। महापौर ने शिलान्यास के बाद दो योजनाओं की जांच की जिसे संवेदक को सुधारने का निर्देश दिया । उप महापौर मंगल सिंह जी ने कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया।

# जिप सदस्य व मुखिया ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 134 विद्यार्थियों के बीच प्रतिपूर्ति राशि का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर(पलामू) ।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत उत्कर्मित मध्य विद्यालय बभंडी में जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह व जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में 134 विद्यार्थियों के बीच कोविड काल के मध्यान भोजन प्रतिपूर्ति राशि का वितरण किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक आजाद हैदर सिद्दीकी ने बताया कि एक से पांच क्लास के बच्चो के बीच 665 के हिसाब से 134 बच्चो को राशि वितरण किया गया। बभंडी पंचायत जीतेंद्र कुमार सिंह ने इस राशि वितरण कार्यक्रम कि शुरूआत कि। उन्होंने कहा की कोविड़ काल की प्रतिपूर्ति राशि का लाभ सभी विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। जिला परिषद सदस्य संगीता देवी ने कहा कि विद्यार्थी उक्त राशि का उपयोग कॉपी, कलम में कर मन लगाकर पढ़ाई करें तो उनका भाषिष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा प्रयास रहेगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जिससे जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी के प्रति अपने कर्त्तव्य को समझे। मुखिया संतोष कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक स्कूल समय पर आएं और जाएं। उन्होंने शिक्षको से बच्चो को संस्कारयुक्त शिक्षा देने कि बात कही। मौके पर एसएमसी अध्यक्ष सनोज कुमार , साधन सेवी उमेश राम, वार्ड सदस्य अंकू सिंह, ललन पासवान तथा सहायक अध्यापक सीकेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, मनोज कुमार, जय कुमार के अलवा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पीपरा थाना पुलिस ने हत्या, डायन बिसाही व उत्पाद अधिनियम के तहत पांच को भेजा जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर पीपरा थाना पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर समकालीन अभियान चलाकर पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है।इस संबंध में पीपरा थाना प्रभारी सूरज चैल ने बताया कि लंबित वारंट के निष्पादन हेतु रविवार की रात्रि समकालीन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अलग-अलग मामले में फिरार चल रहे पांच वारंटिओं को जेल भेजा गया है। इसमें हत्या के मामले में ग्राम डिहरिया के वारंटी अरविंद भुंईया, डायन बिसाही मामले में ग्राम मधुबाना के युगत रजवार, अवैध महुआ शराब मामले में ग्राम तेंदुई के महेंद्र राम चंद्रवंशी, ग्राम अंबा झरना के नवदीप साव, ग्राम कलीपुर के अर्जुन राम को गिरफ्तार किया गया है। सभी अभियुक्त कई महीनों से फिरार चल रहे थे। इस छापामारी दल में थाना प्रभारी सूरज चेल के अलावा एसआई अजय कुमार सिंह, अभय आनंद, पिनियस मुंडा, एएसआई कुशेश्वर सिंह और आईआरबी-3 के जवान शामिल थे।

# दंगवार ओपी क्षेत्र में स्कूटी चोरी मामले का 24 घंटे के अंदर किया उदभेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत दंगवार ओपी प्रभारी चंदन कुमार शर्मा ने दंगवार बाजार से चोरी हुई टीवीएस बाइक को 24 घंटे के अंदर छापेमारी कर बरामद कर सबसे बड़ी सफलता पाई है। गाड़ी दंगवार के ठाकुर मोहल्ला निवासी कृष्णा ठाकुर के पुत्र विजय ठाकुर के घर से बरामद किया गया है। दंगवार पुलिस ने शक के आधार पर उक्त घर में रविवार की देर शाम को छापेमारी कर टीवीएस बाइक जब्त की है। बताया जाता है कि 20 को बीआर -24 एडी 0927 नंबर की टीवीएस एक्सल बाइक दंगवार बाजार से चोरी कर ली गई थी, जिसकी लिखित सूचना भुक्तभोगी राजन सोनी के द्वारा थाने को दी गई थी।राजन सोनी बिहार के रोहतास जिले के मुख्य रूप से दरिहट गांव के रहने वाले हैं । जो वर्तमान में दंगवार में किराए के मकान में रहकर कबाड़ी खरीदने एवं बेचने का कारोबार करते हैं।इस घटना के उद्भेदन होने से आस पास के लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# अवैध रूप से सागवान की लकड़ी ले जा रहे पिकअप वैन जब्त

**लोहरदगा।** अवैध लकड़ी का कारोबार करनेवाले कारोबारियों पर वन विभाग ने नकेल डालने की हर कोशिश की है बावजूद लकड़ी माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात पिकअप वैन में अवैध रूप से लकड़ी ले जाने की गुप्त सूचना पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई किया। गुमला लोहरदगा मुख्य पथ विपरीत दिशा से आ रहे हैं पिकअप संख्या जेएच 01 एडी 2039 को संदेह के आधार पर रास्ते में रात्रि गश्ती कर रहे हैं वन विभाग की टीम के द्वारा रोकने का प्रयत्न किया गया।

# हैदरनगर में दुगार्पूजा की तैयारी शुरू, समिति की हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर(पलामू) ।** हैदरनगर में दुगार्पूजा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।दुगार्पूजा भव्य मनाने को लेकर समिति के लोग तैयारी में जुट गए है।इसी क्रम में हैदरनगर बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर के प्रांगण में श्री दुगार्पूजा समिति हैदरनगर की बैठक रविवार की देर शाम को हुई।जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए।इस वर्ष भव्य दुगार्पूजा मनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही प्रत्येक वर्ष की भांति नव दिनों तक भव्य नवाह परायण महायज्ञ करने का निर्णय लिया गया।समिति के संरक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष भव्य दुगार्पूजा मनाई जाएगी।जिसके लिए माता की प्रतिमा बनना शुरू कर दी गई है।करोना काल में दो साल से सांकेतिक तौर पर पूजा किया गया।लेकिन इस वर्ष हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाई जाएगी।भव्य पंडाल,नवाह परायण महायज्ञ व सांस्कृतिक कार्यक्रम सुनिश्चित है। बैठक में समिति के अध्यक्ष पवन कुमार जयसवाल, उपाध्यक्ष संतन चौधरी, सचिव प्रशांत कुमार मेहता, उप सचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष रत्नेश कुमार के अलावा रामप्रवेश मेहता, नंदलाल प्रसाद, अरुण कुमार, मोहन कुमार, वीरेंद्र प्रसाद इत्यादि लोग मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स

# पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट 1 से

- शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2022
- टूर्नामेंट का फाइनल पांच सितंबर को, 32 टीमें होंगी शामिल
- टूर्नामेंट में रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 28 अगस्त, 2022

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2022 का उद्घाटन 01 सितंबर को दिन नौ बजे से होगा। मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़खुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो और अध्यक्ष मो. साकिब ने बताया कि टूनामेंट में रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 28 अगस्त, 2022 है। टूनामेंट के लिए प्रवेश शुल्क मात्र 4100/- रुपए है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म के लिए बुढ़ाखुखरा स्थित प्रज्ञा केंद्र, फ्रांसिस जेवियर खलखो (मोबाइल- 96619 04995), मो. साकिब (मोबाइल- 95721 04027) और मो. तारिक (मो.-62017 90054) से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। टूनामेंट के विजेता को 51 हजार नगद रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता को 31 हजार नगद रुपए व ट्रॉफी दिया जाएगा। साथ ही तृतीय स्थान पानेवाले को 11 हजार नगद रुपए व ट्रॉफी और चतुर्थ स्थाने पानेवाले को 10 हजार नगद रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले मैच



के सफल संचालन को लेकर रविवार को बुढ़ाखुखरा में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें आसपास के गांवों के ग्रामीण और गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक- मो. रशीद, राजू केवट, पते किस्पोट्टा (सेवानिवृत्त सैनिक), कैला खलखो, मारकुश खलखो, फागू महतो, मो. मिस्टर, क्यामुद्दीन अंसारी, चमरा खलखो। वहीं सलाहकार- हुसने कुजुर, सीप खलखो, जान खलखो, एकराम मियां, प्रेम खलखो, अनिल खलखो, चेगड़े उरांव व मो. इकराम, खेल प्रभारी- फ्रांसिस जेवियर खलखो, अध्यक्ष- मो. शाकीब ऊर्फ छोटू, कार्यकारी अध्यक्ष- विनोद खलखो, उपाध्यक्ष- कृष्णा केवट, मुकेश खलखो, सचिव- आयता खलखो, सह सचिव- प्रदीप केवट व दुर्गा खलखो, कोषाध्यक्ष- पितरुस खलखो, मिडिया प्रभारी- सन्नी खलखो, रंजीत खलखो व लखो खलखो को मनोनीत किया गया। इसके अलावा सदस्य के रूप में तारिक अंसारी, रुंजा खलखो, मुकेश खलखो, मो. इरफान, मो. तौहिद, मो. गुफ्रान, मो. असलम, मो. राजा, मो. नौशाद, चुगुनु खलखो, इरिक कुजुर, अमित खलखो, विमल खलखो, प्रकाश खलखो, मोहन खलखो, दाउद खलखो, मो. रकीब, पाते खलखो रखा गया है।

**22 वर्षों से लगातार हो रहा है टूनार्मेंट :** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तहत शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट पिछले 22 वर्षों से लगातार मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में होते आ रहा है। शहीद एतवा उरांव को मरणोपरांत 1998 में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया गया है। यह पदक अबतक झारखंड और बिहार में किसी को भी नहीं मिला है। उन्होंने जून 1996 में अपनी जान की परवाह किए बगैर कोयल नदी में आठ लोगों को बचाने के बाद शहीद हो गए थे।

# अंडर-18 वालीबाल टीम ने साउथ कोरिया को पराजित कर कांस्य पदक जीता

**भीलवाड़ा ।** भारतीय पुरुष अंडर-18 वालीबाल टीम ने साउथ कोरिया को पराजित कर कांस्य पदक जीत लिया है। 14वीं एशियाई पुरुष अंडर-18 वालीबाल चेम्पियनशिप में भारतीय टीम ने 2023 में आयोजित होने वाली एफआईवीबी विश्व अंडर 19 पुरुष वालीबाल चेंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया है। ईरान के तेहरान शहर में 15 से 22 अगस्त तक आयोजित हुई 14 वीं एशियाई पुरुष अंडर-18 वालीबाल चेम्पियनशिप में रविवार को कांस्य पदक के मुकाबले के लिए भारत व साउथ कोरिया के मध्य रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ। जिसमें भारतीय टीम ने यह मुकाबला 3 - 2 सेटों से जीत कर कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय टीम ने आज एक धुंआधार खेल की शुरूआत की तथा पहले के 2 सेट बहुत ही आसानी से जीत लिए लेकिन तीसरे सेट में कोरिया की टीम ने वापसी करते हुए तथा उपस्थित लोगों का स्पोर्ट मिलने एवं भारतीय टीम का कुछ ढीलापन का खेल दोनों के कारण 3 एवं 4 सेट गंवा दिया। लेकिन 5 वें सेट में भारतीय टीम के ब्लाकर, अटैकर एवं लिब्रो ने अपने टेक्निकल एवं अटैक खेल से 15-12 से कोरिया को पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
11

## महत्वपूर्ण न्यूज

### इएसएल के अधिकारियों को मिला चेयरमैन अवार्ड




बोकारो (आजाद सिपाही)। वेदांता समूह की कंपनी और प्रमुख राष्ट्रीय स्टील उत्पादक, ईएसएल के अधिकारियों को अपने अनुकरणीय प्रदर्शन और संगठन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जुलाई माह 2022 में चेयरमैन अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजेश पांडे (कराधान-प्रमुख), दलजीत कुकरेजा (प्रमुख-कैपेक्स और अरीबा कार्यान्वयन), उत्तम सिन्हा (प्रमुख-एसएपी पीएम-एमएम मॉड्यूल), राहुल अंबस्था (हेड-ऐओ एंड बीइ), ज्ञान शंकर तिवारी (लीड डिजिटल फंक्शन), विकाश कुमार राणा (लीड प्राइमरी स्टील मेकिंग इंचार्ज) और स्वागत एस रथ (प्रमुख तकनीकी सेल) ईएसएल की ओर से विजेता रहे। वेदांता की प्रत्येक सहायक कंपनीयों के लीडर्स की भागीदारी से आयोजन सफलता पूर्ण रहा। इन विजेताओं के अनुभव से ईएसएल के बाकि अधिकारीयों को और सही मार्गदर्शन प्राप्त होगा एवं पूरे समूह की कार्यनीति की नीव को मजबूती मिलेगी। ईएसएल को हमेशा ऐसी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है और वे हमेशा इस बात की पुष्टि करते आये है कि वे अपने कर्मचारियों को काम करने के लिए एक सर्वोत्तम वातावरण प्रदान करता है।

### बीएसएल में टेलीकॉम कम्प्लेन मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन



बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएफ में सोमवार को टेलीकॉम कम्प्लेन मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) वेद प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) अनिल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सी एवं ए) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं फायर सर्विसेज) अमरेंद्र झा, महाप्रबंधक प्रभारी (इलेक्ट्रोनिक्स एवं टेलीकॉम) एस गंगोपाध्याय आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने दूरसंचार विभाग की पूरी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस ऑनलाइन टूल से कर्मियों की उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि के साथ ही सिस्टम में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने ऐसे ऑनलाइन प्रबंधन उपकरणों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया जो बोकारो स्टील प्लांट में चल रहे डिजिटलीकरण अभियान को मजबूती प्रदान करेगा। इस ऑनलाइन टूल में एक वेबपोर्टल और एंड्रॉइड एप्लिकेशन शामिल है जिसको वरीय प्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकॉम) रविकांत रवि के मार्गदर्शन में जेजीसीईं के परियोजना सहयोगियों द्वारा मैत्री कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया। इस एंड्रॉइड एप्लिकेशन और ऑनलाइन वेब पोर्टल के लॉन्च हो जाने से अब उपयोगकर्ता दूरसंचार से संबंधित शिकायतें दर्ज करने के लिए ऑपरेटरों पर निर्भर नहीं रहेंगे। अब मैक्स, सीसीटीवी और रेल रोड वार्निंग सिस्टम से संबंधित ऑनलाइन शिकायतें इस सिस्टम के जरिए हर समय दर्ज की जा सकती है।

### आरटीआइ कार्यकर्ता की शिकायत पर हुई कार्रवाई, आपूर्तिकर्ता को लगा 32 लाख रुपये का जुर्माना



धनबाद (आजाद सिपाही)। बाघमारा, तोपचांची और धनबाद के सरकारी स्कूलों में स्कूल ड्रेस, स्कूल किट आदि की आपूर्ति करने वाले दो प्रतिष्ठान के खिलाफ लाखों का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों प्रतिष्ठान का संचालक एक ही परिवार से हैं जो दो अलग-अलग जीएसटी नंबरो से कारोबार कर रहे थे। कतरास अंचल के राज्य कर अधिकारी नजमैल लैल ने बताया कि आरटीआई कार्यकर्ता अरबिंद सिन्हा ने प्रतिष्ठानों के विरुद्ध जीएसटी चोरी की लिखित शिकायत की थी जिसके आलोक में कार्रवाई की गई है। एक प्रतिष्ठान पर 31 लाख 18 हजार 956 रुपये और दूसरे पर एक लाख 48 हजार 988 रुपये का जुर्माना तय किया गया। ज्ञात हो कि अरविंद सिन्हा पिछले वर्ष कतरास के लकड़का स्थित एक सरकारी स्कूल की सरकारी योजना में दो लाख 61 हजार का घोटाला उजागर करके चर्चा में आये थे। उस मामले में प्रधानाध्यापक सहित पूरे स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई हुई थी।

### झारखंड राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन हिमांशु शेखर चौधरी और सदस्य शबनम परवीन ने मुखियाओं संग किया संवाद

# जब तक समाज मजबूत नहीं होगा, राज्य मजबूत नहीं हो सकता : हिमांशु

**कहा : अब आप शिकायत करने वाले नहीं रहें, बल्कि शिकायत का समाधान करने वाले हो गये हैं, ऐसा सोच कर करें काम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** पेटरवार स्थित फोरेस्ट गेस्ट हाउस सभागार में सोमवार को झारखंड राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन हिमांशु शेखर चौधरी बेरमो (तेनुघाट) अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं के साथ संवाद किया। इस मौके पर आयोग की सदस्य शबनम परवीन समेत जिला/अनुमंडल/प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में हिमांशु शेखर चौधरी ने मुखियाओं के दायित्व-जिम्मेवारी से उन्हें अवगत कराया। समाज व राज्य के विकास में उनकी भूमिका को विस्तार से बताया। कहा कि जब तक समाज मजबूत नहीं होगा, तब तक कोई राज्य मजबूत नहीं हो सकता है। राज्य सरकार योजनाओं-प्रावधानों को लागू कर सकता है पर उसका अनुपालन, लाभुकों तक उसकी पहुंच को सुनिश्चित करना पदाधिकारियों एवं कर्मियों का दायित्व है। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों/मुखियाओं का भी अहम भूमिका है। नीचले स्तर पर इसकी निगरानी करना मुखिया की जिम्मेवारी है। मुखिया व्यवस्था की रीड़ है। अगर नींव मजबूत होगी तभी इमारत भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी को समझना होगा कि अब केवल शिकायत करने वाले नहीं रहें, बल्कि शिकायत का समाधान करने वाले बन गए हैं। इस सोच के साथ काम करना होगा। मुखियाओं से कहा कि अकास्मिक निधि सभी मुखिया को उपलब्ध कराया गया है। अगर किसी के पास राशन कार्ड नहीं है, तो आप उसे अकास्मिक निधि से खाद्यान्न उपलब्ध कराएं, जब तक उनका राशन कार्ड नहीं बन जाता है। उन्होंने पदाधिकारियों को विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का होर्डिंग- बैनर, वाल पेंटिंग, प्रचार-प्रसार पंचायतों/गांवों में कराने का निर्देश दिया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी बोकारो को राशन का वितरण किस तिथि से किस तिथि तक होना है, इसकी सूचना संबंधित क्षेत्र में पर्व से प्रकाशित- प्रचारित करना सुनिश्चित करने को कहा।




अपना पक्ष रखते झारखंड राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन हिमांशु शेखर चौधरी।

### वन राशन वन कार्ड योजना पूरे देश में लागू है, कोई डिलर राशन देने से इंकार करे तो आयोग से करें इसकी शिकायत

उन्होंने वन राशन वन कार्ड योजना के संबंध में भी विस्तार से बताया। कहा कि यह योजना पूरे भारत में लागू है। आप देश के किसी भी राज्य में जाकर किसी भी डिलर से राशन का उठाव कर सकते हैं। अगर कोई डिलर राशन देने से इंकार करता है, तो उसकी रिकार्डिंग करके आयोग को भेजे। कोई भी डिलर राशन देने से इंकार नहीं कर सकता है। इन योजनाओं के बारे में आम लोगों को जागरूक करें। कई बार जानकारी नहीं होने के कारण योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पाता है। उन्होंने राशन कार्ड/राशन से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत को सीधे आयोग के समक्ष रखने की बात कहीं। उन्होंने ई-मेल, वाट्स एप और फोन आदि के माध्यमों से शिकायत करने को कहा। सभी शिकायतों पर प्राथमिकता के तहत आयोग समीक्षा कर जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। हालांकि, आपसी रंजिश के तहत कोई गलत शिकायत करने से परहेज करने को भी कहा। उन्होंने डिलर द्वारा अंगुठा लगाकर कल-परसो राशन देने की बात पर अंगुठा नहीं लगाने को कहा। कहा कि तभी अंगुठा लगाएं जब वह राशन दे रहा हो।

## बढ़ती महंगाई पर चौपाल लगाकर कांग्रेसी नेताओं ने की मोदी सरकार की आलोचना

आजाद सिपाही संवाददाता



**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड कांग्रेस की ओर से साड़म पश्चिमी पंचायत स्थित संतोषी मंदिर साड़म बाजार में सोमवार को चौपाल लगाकर महंगाई पर चर्चा की। जिसकी अध्यक्षता पंकज पांडे ने की। इसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरीय नेता और गोमिया विधानसभा के प्रभारी इसराफिल अंसारी भी शामिल हुए। साथ ही चर्चा में गोमिया प्रखंड के प्रभारी सिन्हालाल रजवार, जिला महासचिव रामकिशन रविदास, प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मुर्शिद अली, अल्पसंख्यक कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष वारिस आलम आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अकरम वारसी ने किया। वहीं, इसराफिल अंसारी ने कहा कि देश महंगाई की मार से जूझ रही है और केंद्र की मोची सरकार मौन है। विडंबना है कि आजादी के इतने वर्ष गुजर गए, लेकिन कभी भी आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स नहीं लगती थी, लेकिन मौजूदा मोदी सरकार ने खाने-पीने जैसी जरूरी चीजों पर भी टैक्स लगा दी है। चावल, गेहूं, दूध, दही आदि जरूरतों को पूरा करने वाले हर वस्तु पर मोदी सरकार कर वसूल रही है। देश में 85 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं, जिनका जीवन यापन महंगाई में मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले से ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसके बाद खाद्य सामग्री पर टैक्स लगाकर सरकार सीधे गरीबों का खून चूसने में लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की आजादी में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया और इस देश के गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी देशवासियों के लिए बेहतर काम किया है। अब समय आ गया है कि कांग्रेस को फिर से मजबूत करें, ताकि जनता फिर से महंगाई को राहत पा सके। इस मौके पर जुल्फिकार, शेखर पासवान, विक्रम कुमार दे, आई रहमान आदि थे।

## बनो किसान संस्था के बैनर तले आठ सप्ताहव्यापी प्रशिक्षण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** कसमार प्रखंड के दांतू में बनो किसान संस्था के बैनर तले रांची के अनगड़ा स्थित उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के कृषि स्नातक कोर्स के चतुर्थवर्षीय छात्रों का विशेष रावे (रूरल एंड एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरिएंस) प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। इसमें 86 बच्चों का आवासीय प्रशिक्षण लगातार आठ सप्ताह तक चलेगा। जिसमें बच्चे बोकारो जिले के अलग-अलग गांव में जाकर किसानों के साथ उनकी दिनचर्या व खेती-किसानी की विस्तृत जानकारी एकत्रित करेंगे। साथ ही खेती किसानी के प्राचीन व आधुनिक तकनीक का विश्लेषण कर इस पर रिपोर्ट पेश करेंगे। बनो किसान संस्था के प्रधान सेवक प्रसेनजित कुमार एवं सचिव आकांक्षा कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण में बच्चे किसानों के घर जाकर उनकी जिंदगी की हकीकत को अनुभव करेंगे। साथ ही कई गांव का सर्वे कर खेती किसानी से जुड़े विभिन्न आंकड़े एकत्रित करेंगे। खेत में जाकर किसानों के साथ धानरोपनी भी करेंगे, ताकि किसान अन्न उपजाने में किन-किन परिस्थितियों से गुजरते हैं, ये जमीनी अनुभव प्राप्त कर सकें। गांव में जाकर मिट्टी की सैंपलिंग करेंगे और वेजिटेबल नर्सरी तैयार करेंगे। बच्चों को जैविक खेती पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर मुखिया चंद्रशेखर नायक, प्रवीण कुमार, बलदेव रजवार, समीर, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से चरवाहा की मौत

धनबाद (आजाद सिपाही)। भौरा गौरखूंट्टी 19 नंबर कुष्ठ कालोनी निवासी पेशे से दिहाड़ी मजदूर अर्जुन रविदास (53) की सोमवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। साथ ही सात बकरियों की भी मौत हो गई। घटना आद्रा खानुडीह सवारी गाड़ी संख्या 08663 से पोल संख्या 319/14 के पास घटी। लोगों ने बताया कि अर्जुन अपनी बकरी को लाइन किनारे चरा रहा था। ट्रेन की आवाज अर्जुन को सुनाई नही दीं। क्योंकि वह कान से कम सुनता था। जब तक वह कुछ समझ पाता तबतक वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी व सात बकरियों की मौत हो गई।

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
Phone no. 06524-223003 (office)
e-mail :- dfogumla@yahoo.in,
forest-gumla@jharkhandmail.gov.in 9102600556 P (mob.)8987790115 O (Mob.)

कार्यालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.06.2022 को गुप्त सूचना के आधार पर परवल–भरनो पथ पर मारासिल्ली नदी के पास से 07 पीस जामुन बोटा, 05 पीस आम बोटा एवं 03 पीस साल बोटा कुल 15 पीस बोटा सहित एक ट्रेक्टर इंजन सं0–C3286A01179PM, चेचीस सं0–KNY3040001163, एवं 01 पीस त्रिपाल को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर लिबनुस कुल्लु, प्रभारी वनपाल, बसिया के अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 30.08.2022 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 276129 Forest, Environment and Climate Changes(22-23).D

**कार्यालय:- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

(मत्स्य पालकों के लिए आम–सूचना)

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला के मत्स्य कृषकों/केज लाभुकों/मछुआरों को सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 17 दिनांक 08.08.2022 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना अंतर्गत फीड व मछली के संवर्धन हेतु 50 प्रतिशत अथवा 18/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन गुणवतायुक्त फिश फीड उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र | योजना का नाम | मत्स्य पालन हेतु संसाधन का नाम | अनुदान हेतु अधिकतम फीड के क्रय की मात्रा | प्रति कि0ग्रा0 अनुदान की राशि | अधिकतम अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | केज/ तालाब इत्यादि | 700 कि0ग्रा0 | 18/– | 12600/– |
| | | रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम | 5000 कि0ग्रा0 | 18/– | 90000/– |
| 2 | 2mm से 4mm साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | केज मत्स्य पालकों के लिए | 1200 कि0ग्रा0 | 18/– | 21600/– |
| 3 | 2mm से अधिक साईज के झास्कोफिष/विभागीय फिष फीड मिल/PMMSY अंतर्गत निर्मित फिश फीड मिल से उत्पादित फ्लोटिंग फीड | तालाब/केज/ रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बॉयोफ्लॉक/ आर0एफ0एफ0 इत्यादि | लागु नही। | 18/– | लागु नही। |

नोट :–
1. कमांक 01 में निर्धारित फीड की मात्रा/दर/अनुदान की राशि केज लाभुक एवं रिर्सकुलेटरी एक्वा कल्चर के लाभुकों को उपलब्ध कराये जाने की योजना है। फीड का क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत बिक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTin No. का होना अनिवार्य है।
2. कमांक 02 में निर्धारित फीड की मात्रा/दर/अनुदान केवल केज लाभुकों को उपलब्ध कराया जायेगा। वैसे केज लाभुक जो विगत वर्ष में उत्पादित मछली का आंकड़ा संधारित कर रखे हो तथा वर्तमान में केज में मत्स्य पालन का कार्य कर रहें हो। फीड का क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत बिक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTin No. का होना अनिवार्य है।
3. 2mm से बडे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड के कय पर ही यह लाभ मत्स्य कृषकों को प्राप्त होगा।
4. फीड कय का भौतिक सत्यापन उपरांत ही देय अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

नोट :– यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधर पर संचालित है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.276141 Fish(22-23):D

### 15 अगस्त को हुई घटना, सोशल मीडिया के जरिए आया चर्चा में, जांच शुरू

# लोयाबाद परियोजना पदाधिकारी पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप, थाने में शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद कोलियरी परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार पर 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता मो आजाद ने अवधेश कुमार पर देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक 15 अगस्त को बीसीसीएल के लोयाबाद कोलियरी कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार के नेतृव के तिरंगा झंडा फहराने का कायक्रम चल रहा था। आरोप है कि अधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा फहराया था। जब उनलोगों को समझ में आया की तिरंगा झंडा उल्टा फहर चुका था, तो लोगों ने जल्दी से रस्सी काट दी। जिससे तिरंगा झंडा जमीन पर जा गिरा। तस्वीर बताती है कि तिरंगा झंडा जमीन पर पड़ा हुआ है मौजूद लोग उसी हालत में तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रीय गान गा रहे थे। कार्यक्रम के बाद यह चर्चा का विषय बन गया। धीरे-धीरे जमीन पर गिरे हुए तिरंगा झंडा का फोटो वायरल हो गया। जिसके बाद रविवार को लोयाबाद पुलिस को मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायतकर्ता ने अपना पता नहीं लिखा है। केवल मोबाइल नंबर दर्शाया है। मो आजाद ने अधिकारी अवधेश पर कार्रवाई की मांग की है।



पैर के पास जमीन पर गिरा तिरंगा झंडा।

### राष्ट्रीय ध्वज का अपमान नहीं किया, वह महज इत्तेफाक : अवधेश कुमार

इस संबंध में लोयाबाद कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद उसे सलामी दे रहा था कि अचानक नीचे गिर गया। राष्ट्रीय गान चल रहा था इसलिए वह सलामी की स्थिति में खड़े थे। उल्टा झंडा फहराने की बात गलत। यह घटना अचानक घटी, जिससे वो कुछ नहीं कर सके। सभी लोगों के सामने यह मामला हुआ। झंडे का अपमान नहीं किया गया है। पुलिस मामले की जांच करे तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

### शिकायत मिली है, जांच की जा रही है : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की लिखित शिकायत मिली है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा**

प्रेस विज्ञप्ति

कोडरमा जिला अन्तर्गत राजकीयकृत/परियोजना उच्च विद्यालय में कार्यरत सेवानिवृत्त शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 434 दिनांक 01.03.2016 के द्वारा प्रख्यापित झारखण्ड सरकारी माध्यमिक शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली 2015 की कंडिका–6(i) में स्नातक शिक्षक की श्रेणी में प्रवरण वेतनमान का लाभ मूल कोटि में स्वीकृत पदों के 20 प्रतिशत अनुमान्य पद के विरूद्ध वरीय वेतनमान में न्यूनतम 12 वर्षों की सेवा करने वाले शिक्षकों को वरीयता के क्रम में राज्य सरकार द्वारा लागू आरक्षण नीति का अनुशरण करते हुये देय है।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1802 दिनांक 24.09.2021, ज्ञापांक 895 दिनांक 31.03.2022 एवं सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1726 दिनांक 21.06.2022 के आलोक में प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति हेतु निर्धारित शर्त्त एवं प्रक्रिया निम्नांकित है:–
1. स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति हेतु नियुक्ति के विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
2. सेवाकाल में यदि उच्चत्तर योग्यता प्राप्त करते है तो नियुक्ति पदाधिकारी की पूर्वानुमति से योग्यता प्राप्त करने वाले को ही मान्यता दी जायेगी।
3. प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति देय तिथि से 05 वर्ष पूर्व विहित प्रपत्र में वार्षिक गोपनीय चारित्री एवं स्वच्छता प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।

अंकनीय है कि शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिका में स्नातकोत्तर उत्तीर्ण का विषय एवं उत्तीर्णता की तिथि अंकित नही है, और न ही सेवा अवधि में स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने हेतु नियंत्री पदाधिकारी का पूर्वानुमति अंकित है।

प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सूचना एवं स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु समाचार पत्र में प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी, परन्तु कुछ ही शिक्षकों के द्वारा स्नातकोत्तर प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया गया है।

उक्त परिपेक्ष्य में प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति हेतु कोडरमा जिला अन्तर्गत राजकीयकृत/परियोजना उच्च विद्यालय में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों से अनुरोध है कि (1) नियुक्त विषय में स्नातकोत्तर उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र (2) सेवा अवधि में यदि स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करते है तो नियुक्ति पदाधिकारी की पूर्वानुमति पत्र (3) प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति देय तिथि से 05 वर्ष पूर्व विहित प्रपत्र में वार्षिक गोपनीय चारित्री एवं स्वच्छता प्रमाण–पत्र (4) विहित प्रपत्र में वांछित सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा, कार्यालय में दिनांक 30.08.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। अधोहस्ताक्षरी ई–मेल आई0डी0–kodermarmsa@gmail.com पर भी उपलब्ध कराया जा सकता है, जिसकी हार्ड कॉपी निबंधित डाक के माध्यम से भी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उक्त कागजात/प्रतिवेदन के अभाव में प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति पर विचार नही किया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जबावदेही संबंधित शिक्षक की होगी।

(विहित प्रपत्र)

| क्र0 सं0 | नाम / पदनाम | विद्यालय का नाम | नियुक्ति का पत्रांक / दिनांक | नियुक्ति का विषय | जन्म तिथि | नियुक्ति तिथि | नियुक्ति के समय शैक्षणिक योग्यता | स्नातक में ऑनर्स का विषय | प्रशैक्षणिक योग्यता | स्नातकोत्तर उत्तीर्ण होने की तिथि | स्नातकोत्तर का विषय | वरीय वेतनमान प्राप्ति की तिथि | वरीय वेतनमान में 12 वर्षों की सेवा पूरी होने की तिथि | जाति एवं कोटि | सेवानिवृति तिथि | सेवाअवधि में किसी प्रकार का डी0/विभागीय कार्यवाही न्यायालीय मामला रहा हो तो स्पष्ट उल्लेख करेंगे | सेवाकाल में यदि उच्चतर योग्यता प्राप्त करते है तो नियुक्ति पदाधिकारी की पूर्वानुमति पत्र | देय तिथि से 05 वर्ष पूर्व विहित प्रपत्र में वार्षिक गोपनीय चारित्री एवं स्वच्छता प्रमाण–पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

जिला शिक्षा पदाधिकारी
कोडरमा

PR 276122 School Education and Literacy (22-23)_D

आजाद सिपाही

रांची, मंगलवार, 23 अगस्त, 2022

www.azadsipahi.com




## जेएसपी को केंद्र सरकार से दो श्रेणियों में नेशनल सीएसआर अवार्ड



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नयी दिल्ली जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के कंपनी मामलों के मंत्रालय ने कंपनी का चयन नेशनल सीएसआर अवार्ड-2020 की दो श्रेणियों के लिए किया है। कंपनी मामलों के मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक जेएसपी को दो श्रेणियों, महत्वाकांक्षी जिलों/कठिन क्षेत्रों (पूर्वी भारत) में सीएसआर और राष्ट्रीय प्राथमिकता क्षेत्र (दिव्यांगों की सहायता) में सराहनीय सेवाओं के लिए इस सम्मान का विजेता घोषित किया गया है। जेएसपी को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकार, देश के तीन प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थानों और उद्योग एवं व्यापार मंडलों के बाद क्षेत्र में किये गये कार्यों का सत्यापन एवं सर्वोच्च निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन की नामांकन की निर्धारित प्रणाली के आधार पर मंत्रालय द्वारा शुरू की गई तीन चरणों की एक कठोर चयन प्रक्रिया के बाद चुना गया है। इस उपलब्धि पर जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिंदल ने कहा, हम लोगों के साथ मिलकर और इस धरती को हरा-भरा बनाये रखने के उद्देश्य से उद्योग के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान करते हुए समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कृतसंकल्प हैं। हम सीएसआर के तहत बहुआयामी सामाजिक विकास कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि हम अपने प्लांट क्षेत्र के साथ-साथ देश के अन्य स्थानों पर लोगों के जीवन में बदलाव ला सकें। कंपनी मामलों के मंत्रालय द्वारा जेएसपी को दो श्रेणियों में नेशनल सीएसआर अवार्ड वास्तव में लोगों के लिये काम करने के हमारे जुनून, हमारे दर्शन का परिचायक है। हमारे लिए लोग सदैव सबसे पहले हैं। जेएसपी को नेशनल सीएसआर अवार्ड के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने कहा, हम आभारी हैं और प्रोत्साहित भी हुए हैं कि भारत सरकार ने हमें हमारे सीएसआर कार्यक्रमों के लिए सर्वोच्च अवार्ड प्रदान किया है।

## चीनी कंपनी शाओमी ने 900 कर्मचारियों को बाहर किया, अमेरिका में 32 हजार टेक वर्कर्स की भी नौकरी गयी

xiaomi

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** स्मार्टफोन बनाने वाली चीन की कपंनी शाओमी ने अपने 900 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी ने आर्थिक मंदी से निपटने के लिए अपने तीन प्रतिशत कर्मचारियों को कंपनी से बाहर करने का फैसला किया है। हालांकि शाओमी की ओर से अब तक इस बात की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गयी है। बता दें कि बीते कुछ महीनों में वैश्विक मंदी की आशंका के चलते दुनिया की कई बड़ी कंपनियों ने कर्मचारियों की छंटनी की है। इन कंपनियों में एपल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज टेक कंपनियां भी शामिल हैं। भारत में कारोबार कर रहे कंपनियों ने भी बीते कुछ महीनों के दौरान अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निजी कंपनियों की सूचना उपलब्ध करवाने वाली कंपनियों के आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि बीते जुलाई तक अमेरिका में 32,000 से ज्यादा तकनीकी कामगार अपनी नौकरी से निकाले जा चुके हैं। कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने वाली कंपनियों में माइक्रोसॉफ्ट और मेटा (फेसबुक) जैसी कंपनियां भी शामिल हैं। **भारतीय स्टार्टअप्स में छंटनी:** इंडियन स्टार्टअप्स साल के पहले 6 महीने में करीब 12,000 एम्पलॉइज को निकाल चुके हैं। साल खत्म होते-होते यह संख्या 60 हजार के पार पहुंच सकती हैं। ओला, ब्लिंकिट, बायजूस, अनएकेडमी, वेदांतू, कार्स24, मोबाइल प्रीमियर लीग, लीडो लर्निंग, एमफाइन, ट्रेल, फरलैंको और कई दूसरी कंपनियां इस साल अब तक हजारों कर्मचारियों की छंटनी कर चुकी हैं।

## पटना में शिक्षक कैंडिडेट्स पर पुलिस लाठीचार्ज किया

**पटना (आजाद सिपाही)।** पटना में सोमवार को पुलिस ने बेरोजगार शिक्षक कैंडिडेट्स के प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज कर दिया। पटना के एडीएम केके सिंह ने तिरंगा लिए एक प्रदर्शनकारी पर जमकर लाठी बरसाई। इतनी लाठियां मारीं कि उसका खून बहने लगा। बाद में एक पुलिसकर्मी ने प्रदर्शनकारी से तिरंगा छीन लिया। करीब 5 हजार सीटेट और बीटेट पास कैंडिडेट डाक बंगला चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज कर दिया। पटना डीएम ने इस मामले में जांच का आदेश दिया है और दो दिन में रिपोर्ट मांगी है।

### होल्डिंग टैक्स कम करने के लिए रिश्वत लेने का आरोप

# बीएमसी अधिकारियों को विजिलेंस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** होल्डिंग टैक्स घटाने के लिए रिश्वत लेते समय विजिलेंस ने पकड़ा भुवनेश्वर महानगर निगम या बीएमसी के 2 टैक्स कलेक्टरों को। रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किये गये अधिकारियों की पहचान बीएमसी टैक्स कलेक्टर हेमंत कुमार साहू और सेवानिवृत्त कर्मचारी योगेंद्र प्रधान के रूप में हुई है। इन दोनों ने विभाग के हाथों पकड़े जाने की घटना चर्चा का विषय बन गई है। बीएमसी के वार्ड नं 23 के रहने वालाा अभियोग कारी से हेमंत कुमार साहू अपने लिये 15 हजार रुपये और योगेंद्र प्रधान के लिये साढ़े सात हजार रुपये रिश्वत ले रहे थे। इसी बीच विजिलेंस टीम मौके पर पहुंची और रिश्वत की रकम को जब्त कर हेमंत कुमार साहू और योगेंद्र प्रधान को रंगे हाथ पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया।




**दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की जांच की जा रही**

विजिलेंस की टीम दोनों को पूछताछ कर रहा ही। दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की जांच की जा रही है। योगेंद्र प्रधान जहां पूर्व टैक्स कलेक्टर हैं, वहीं वह अभी भी बीएमसी में कार्यरत हैं।

## 150 से अधिक माओवादी समर्थकों ने तोड़ा नक्सल शहीद स्मारक स्तंभ, पुलिस अधिकारियों ने दिये तोहफे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मालकानगिरी जिले के स्वाभिमान आंचल (चित्रकोंडा प्रखंड) के पापरमेटला पुलिस सीमा के रालेगड़ा ग्राम पंचायत के एक या दो नहीं बल्कि 150 से अधिक मिलिशिया माओवादी आज मुख्यधारा में लौट आए है और शपथ ली है कि वह कभी भी पीछे नहीं हटेगा और माओवादियों को सहायता नहीं करेगा। आज गुरप्रिया सेतु के पास पुलिस कैंप में समर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । मालकानगीरी के एसपी निखिल वाधवानी और बीएसएफ के डीआईजी एस के सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घर वापस आने पर उनका स्वागत किया। आत्मसमर्पण करने वाले मिलिशिया/माओवादियों के समर्थकों ने पोशाक सामग्री को जलाकर और माओवादी शहीद स्तंभ को ध्वस्त करके माओवादी विचारधारा के प्रति अपना विरोध प्रदर्शित किया और आत्मसमर्पण करने से पहले मीडिया के सामने एक बड़े समूह ने ₹माओबादी मुदार्बाद₹ के नारे लगाए। स्वाभिमान आंचल को एक मुक्त क्षेत्र माना जाता था और वहां माओवादियों ने जनताना सरकार चलाए थे। 37 ग्रेहाउंड जवान, 07 बीएसएफ जवान, 04 ओडिशा पुलिस के जवान, और 40 निर्दोष स्थानीय आदिवासियों को माओवादियों ने मार डाला था। हजारों स्थानीय ग्रामीणों ने डर कर गांव छोड़ कर चले गए थे। स्वाभिमान आँचल में जिसमें नौ पंचायतें और 182 गाँव शामिल हैं, जो दो दशकों से अधिक समय से सीपीआई (माओवादी) की आंध्र ओडिशा सीमा विशेष जोनल कमेटी (एओबीएसजेडसी) के माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना था, अब तेजी से बदलाव हो रहा है। गुरुप्रिया सेतु के निर्माण और राज्य सरकार के विशेष विकास पैकेजों के साथ सुरक्षा बलों की रणनीतिक तैनाती ने ग्रामीणों को मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया है। इससे पहले 2 जून को 50 सक्रिय कट्टर माओवादी समर्थकों ने डीजीपी ओडिशा के सामने आत्मसमर्पण किया था और 11 जून को 397 माओवादी समर्थकों ने जंत्री बीएसएफ कैंप में मालकानगिरी पुलिस और बीएसएफ के सामने आत्मसमर्पण किये थे और मुख्यधारा में शामिल हो रहे है।

## वेदांता एल्युमीनियम ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुनेश्वर।** झारसुगुड़ा भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमिनियम ने स्थानीय ब्लड बैंकों की सहायता के लिए ओडिशा के झारसुगुडा में अपने एल्युमीनियम स्मेल्टर ऑपरेशन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में कर्मचारी, बिजनेस पार्टनर और उनके परिवार शामिल हुए, और लगभग 150 यूनिट रक्त बुर्ला में स्थित रेड क्रॉस ब्लड बैंक और झारसुगुडा में ओडिशा रेड क्रॉस ब्लड बैंक को दान किया गया। वेदांत एल्युमिनियम लिमिटेड के सीइओ सुनील गुप्ता ने कहा, रक्तदान एक नेक काम है जो कई लोगों की जान बचाता है और हमें इस प्रयास में अपनी भूमिका निभाने में खुशी है। यह देखकर हमें खुशी होती है कि हमारे कर्मचारी, बिजनेस पार्टनर और उनके परिवार जरूरतमंदों को समय पर और प्रभावी देखभाल प्रदान करने में हमारे स्थानीय ब्लड बैंकों की मदद के लिये आगे आते हैं।

## आरआरबी परीक्षा के लिए विशेष ट्रेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) परीक्षा के उम्मीदवारों की विशेष रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों की मांगों को ध्यान में रखते हुए, उनकी सुविधा के लिए विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। विभिन्न शहरों में होने वाली सीबीटी परीक्षा में बैठने के लिए देश भर में आरआरबी परीक्षा के उम्मीदवारों के लिये और विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनाई गई है।

### हटिया-कटक परीक्षा स्पेशल ट्रेन

08046/08045 हटिया-कटक-हटिया परीक्षा विशेष हटिया से 22 और 24 अगस्त 2022 को 1650 बजे (शाम 04.50 बजे) कटक के लिए रवाना होगी। वापसी की दिशा में यह ट्रेन कटक से 23 और 25 अगस्त 2022 को 2140 बजे (रात 09.40 बजे) निकलेगी और दोनों दिशाओं से हटिया और कटक के बीच राउरकेला, झारसुगुडा, संबलपुर सिटी, अंगुल और ढेंकनाल में रुकेगी। इस ट्रेन में दो एसी-3 टियर, चार स्लीपर क्लास, तीन सेकेंड क्लास चेयर कार, पांच सेकेंड क्लास सीटिंग और दो गार्ड सह लगेज वैन हैं।



## कोयला उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करेगी ओड़िशा सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर ओडिशा सरकार ने एक प्रशंसनीय कदम उठाया है उन मामलों में कोयले की बिक्री के लिए एकत्र की गई रॉयल्टी के खिलाफ अतिरिक्त शुल्क वापस करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें बाद में कोयले के ग्रेड को नीचे की ओर संशोधित किया गयाा है। इस फैसले से सैकड़ों कोयला उपभोक्ताओं को खुशी मिलने की संभावना है। उद्योग-समर्थक कदम उठाने वाली ओडिशा सरकार देश की पहली सरकार है। यह एक ज्ञात तथ्य है कि पूर्व में कोयले के ग्रेड को नीचे की ओर संशोधित किए जाने की स्थिति में कोयला उपभोक्ताओं द्वारा जमा की गई अतिरिक्त रॉयल्टी किसी भी राज्य सरकार द्वारा वापस नहीं की जा रही थी। इससे उपभोक्ताओं में थोड़ी नाराजगी है। इस मुद्दे को हल करने और उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए ओडिशा सरकार ने यह सक्रिय कदम उठाया है।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**